

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 30 अक्टूबर 2023 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-2 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-212 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 31 अक्टूबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### अमित जोगी पाटन से लड़ेंगे चुनाव

**रायपुर,30 अक्टूबर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने चुनावी रण में उतरने का ऐलान



कर दिया है, वे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ पाटन विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे रविवार को जेसीसी ने पाटन से शीतकरण महिलवार के नाम का ऐलान किया था. वहीं इस बार कटघोरा, मनेंद्रगढ़ और पाटन से चुनाव लड़ने अमित जोगी का नाम चल रहा था. लेकिन आज अमित जोगी ने खुद दुर्ग पहुंचकर पाटन सीट से नामांकन दाखिल कर दिया है. अमित जोगी की पत्नी ऋचा जोगी और कोटा से मां रेणु जोगी चुनाव लड़ रही है.

### मैंनें कभी गंगाजल लेकर कसम नहीं खाईः सिंहदेव

**रायपुर,30 अक्टूबर।** शराबबंदी का वादा कर कांग्रेस द्वारा गंगाजल की झूठी कसम वाले बीजेपी के आरोप को लेकर उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने बयान दिया है. उन्होंने कहा कि गंगाजल लेकर किस चीज पर शपथ खाई थी? मैंनें आज तक कभी गंगाजल लेकर कसम नहीं खाई. शराबबंदी को लेकर गंगाजल की कसम नहीं खाई गई थी. एक वाक्या हुआ था जब कसम खाई गई थी, क्या हुआ था मुझे याद नहीं क्योंकि उस वक्त मैं मौजूद नहीं था. राहुल गांधी पर डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि किसानों ने राहुल गांधी को खुलकर अपनी बातें बताई. राहुल गांधी ने किसानों से भाव पूछा, उन्होंने सभी बातें साझा की. किसानो ने बताया कि अब वे कर्ज से मुक्त हैं. उनके पास कोई कर्ज नहीं है. धान के सही दाम उन्हें मिल रहे हैं. प्रियंका गांधी के दौरे और उनके द्वारा संभावित घोषणाओं पर सिंहदेव ने कहा कि हम एक सोच को लेकर चल रहे हैं. लोगों को घोषणा पत्र का इंजतार है. पिछले चुनाव में भी हमने घोषणाएं की थी, एक-एक कर हाईकमान से अनुमति लेकर घोषणाएं की जाएंगी.सिंहदेव ने कहा कि सरकार के प्रतिनिधि के रूप में मुझे 5 साल हो गए हैं, अभी तक किसी ने नहीं दौड़ाया, अरुण साव को कौन दिख गया, जिन्हें दौड़ाया जा रहा है. वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के राहुल गांधी से हिसाब मांगने के सवाल पर डिप्टी सीएम ने कहा कि हम हिसाब देने ही लोगों के बीच में जा रहे हैं. बहुत महत्वपूर्ण चीजे हमने की है. जिन बातों की घोषणाएं नहीं की, वो भी पूरा कर रहे हैं.

### आतंकवाद पर सुसंगत रुख अपनाने की आवश्यकता : जयशंकर

**भोपाल,30 अक्टूबर।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंकवाद पर सुसंगत रुख अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि भारत आतंकवाद पर एक मजबूत रुख रखता है क्योंकि हम आतंकवाद के बड़े पीड़ित हैं। भोपाल के एक टाउन हॉल में बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि आज, एक अच्छी सरकार और मजबूत शासन अपने लोगों के लिए खड़ा होता है। जिस तरह घर में सुशासन जरूरी है, उसी तरह विदेश में भी सही निर्णय जरूरी है। हम इस पर मजबूत रुख अपनाते हैं। आतंकवाद क्योंकि हम आतंकवाद के बड़े पीड़ित हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी कोई विश्वसनीयता नहीं होगी अगर हम कहें कि जब आतंकवाद हमें प्रभावित करता है, तो यह बहुत गंभीर है। जब यह किसी और के साथ होता है, तो यह गंभीर नहीं है।

# जनता को चुनावी बॉन्ड फंड का सोर्स जानने का अधिकार नहीं

## केंद्र का सुप्रीम कोर्ट में जवाब



**नई दिल्ली,30 अक्टूबर।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि संविधान के मुताबिक मतदाताओं को राजनीतिक दलों की फंडिंग के बारे में जानने का अधिकार नहीं है। चुनावी बांड योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई से पहले शीर्ष अदालत के समक्ष दायर एक बयान में, अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 19 (1) (ए) नागरिकों को उम्मीदवारों के पूर्ववृत्त को जानने का अधिकार देता है, लेकिन नहीं। यह सब कुछ जानने का सामान्य अधिकार है, जिसका अर्थ है कि चुनावी बांड की जानकारी सार्वजनिक डोमेन में नहीं हो सकती है।

न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की पीठ चुनावी बांड योजना को अपारदर्शी और अलोकतांत्रिक बताते हुए चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 31 अक्टूबर को सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट की पीठ के समक्ष लिखित प्रस्तुतियाँ में, वेंकटरमानी ने कहा कि मतदाताओं के लिए संवैधानिक अधिकार केवल चुनावी उम्मीदवारों के बारे में सूचित विकल्प बनाने और उनके पूर्ववृत्त को जानने के संदर्भ में हैं, और जरूरी नहीं कि वे आगे तक विस्तारित हों। उन्होंने अपने बयान में तर्क दिया कि इस तरह के ज्ञान तक सीमित जानकारी नागरिकों द्वारा दोषमुक्त उम्मीदवारों को चुनने के विशिष्ट उद्देश्य को पूरा करती है। इस प्रकार विशिष्ट सही अभिव्यक्ति के लिए जानने के अधिकार की कल्पना की गई थी। इससे यह नहीं कहा जा सकता है कि सामान्य या व्यापक उद्देश्यों के लिए जानने का अधिकार अनिवार्य रूप से अनुसरण करता है। उन्होंने कहा कि इन निर्णयों को यह सुझाव देने के लिए नहीं पढ़ा जा सकता है कि एक नागरिक को राजनीतिक दल के वित्तपोषण के संबंध में अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत सूचना का अधिकार है। यदि अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत कोई अधिकार नहीं है, अनुच्छेद 19(2) के तहत उचित प्रतिबंध लगाने का सवाल ही नहीं उठता।

### हनुमान मंदिर से चांदी की मूर्ति चोरी

**रायपुर,30 अक्टूबर।** राजधानी के जीई रोड स्थित तहसील ऑफिस के ठीक सामने प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में चोरों ने सेंधमारी की है. इस मंदिर में सिद्ध हनुमान जी एवं मां दुर्गा विराजमान हैं. शातिर चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर अंदर से चांदी की मूर्ति और थाल को पार कर दिया है. इस पूरी घटना के पीछे बदमाशों का हाथ होने की आशंका है. इस वारदात की शिकायत मौदहापारा थाना में की गई है.शहर के इस हनुमान मंदिर से कई लोगों की आस्था जुड़ी हुई है. हनुमान मंदिर के पुजारी पुरषोत्तम महाराज रोजाना की तरह सुबह पूजा-अर्चना करने मंदिर पहुंच रहे थे. इसी बीच उन्हें जानकारी लगी कि मंदिर का ताला टूटा हुआ है. मंदिर के भीतर देवी-देवताओं का सामान भिखरा हुआ है. जब मंदिर के अंदर देखा गया तो मंदिर से चांदी की मूर्ति और थाल गायब थी.



# मुख्यमंत्री बघेल ने दाखिल किया पाटन सीट से नामांकन

■ तरुण छत्तीसगढ़

**पाटन,30 अक्टूबर।** विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज दुर्ग जिले की अपनी पारंपरिक सीट पाटन से कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। 62 वर्षीय नेता ने दुर्ग कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्र दाखिल करने की अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने हैंडल पर पोस्ट कीं और लिखा, नाम- भूपेश बघेल, विधानसभा क्षेत्र- पाटन, छत्तीसगढ़ महतारी के आशीर्वाद से आज पुनः पाटन विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया है। बघेल के नामांकन दाखिल करने के दौरान विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत और गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू उनके साथ थे।

बघेल ने इस सीट से पांच बार 1993, 1998, 2003, 2013 और 2018 में विधानसभा चुनाव जीता है। 2008 में वह भाजपा के विजय बघेल से विधानसभा चुनाव हार गए थे। विजय बघेल भूपेश बघेल के रिश्तेदार हैं। इस सीट पर भाजपा ने एक बार फिर विजय बघेल को मैदान में उतारा है। वह दुर्ग से लोकसभा सांसद हैं। दोनों कुर्मी जाति से हैं। कुर्मी राज्य में एक प्रभावशाली ओबीसी समुदाय है, जिसकी इस निर्वाचन क्षेत्र में बड़ी आबादी है।

## पत्नी की शुभकामनाएं जरूरी

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज नामांकन के अंतिम दिन अपना पर्चा दाखिल किया। नामांकन के पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने घर पहुंचे, जहां पत्नी ने तिलक लगाकर और आरती उतारकर जीत की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने नामांकन के बाद कहा कि जब हम मैदान में उतरें तो पत्नी की शुभकामनाएं जरूरी होती है। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीजेपी के लिए दुर्ग किला भेदना आसान नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्ग कांग्रेस का गढ़ रहा है, बीजेपी मुद्दा विभिन्न हो चुकी है। अब तक एक वादा भी उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनता के लिए नहीं किया है। जनता का भरोसा कांग्रेस पर है, भूपेश बघेल पर है। इस बार भी प्रचंड बहुमत के साथ छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। वहीं जेपी नड्डा पर सीएम ने तंज कसते हुए कहा कि नड्डा जी को हिमाचल में हमने धूल चटा दिया, छत्तीसगढ़ आए हैं वही होगा जो हिमाचल में हुआ है।



## खैरागढ़ में प्रियंका गांधी ने खोला घोषणाओं का पिटारा

# गैस सिलेंडर पर मिलेगी 500 रुपये सब्सिडी

**खैरागढ़,30 अक्टूबर** ■ तरुण छत्तीसगढ़

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने जालबांधा में विशाल सभा को संबोधित किया और कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में वोट मांगा. इस दौरान प्रियंका गांधी ने मंच से घोषणाओं की झड़ी लगा दी. उन्होंने कई बड़ी घोषणाएं की. जिसमें सिलेंडर में सब्सिडी, बिजली बिल माफ, स्व-सहायता समूहों का कर्ज माफ जैसे ऐलान शामिल हैं.



**ये हैं घोषणाएं**

- सिलेंडर रिफिल करने पर 500 रुपये की सब्सिडी घर की महिला के बैंक खाते में दिया जाएगा.
- 200 यूनिट तक बिजली फ्री, अधिक खपत पर 200 यूनिट प्रति माह तक निःशुल्क बिजली.
- महिला स्व-सहायता समूहों तथा सक्षम योजनांतर्गत लिए गए ऋण माफ.
- आगामी वर्षों में 700 नवीन ग्रामीण औद्योगिक पार्कों की स्थापना.
- राज्य के सभी सरकारी स्कूल को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश एवं हिन्दी मीडियम स्कूलों में अपग्रेड करेंगे.
- छत्तीसगढ़ के निवासियों के सड़क दुर्घटनाओं में तथा अन्य आकस्मिक दुर्घटनाओं में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत निःशुल्क इलाज.
- परिवहन व्यवसाय से जुड़े 6,600 से अधिक वाहन मालिकों के वर्ष 2018 तक के 726 करोड़ राशि के बकाया मोटरयान कर, शास्ति और ब्याज के कर्ज की माफ.
- राज्य के किसानों से तिवरा को भी समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा.

**कांग्रेस की अब तक की घोषणाएं**

- प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी
- किसानों का कर्जा माफ
- 17 लाख परिवारों को आवास
- जातिगत जनगणना
- स्कूल से लेकर कॉलेज तक मुफ्त शिक्षा
- तेंदूपते पर आदिवासियों को हर साल मिलेगा 4000 रुपये बोनस
- डॉ. खूबचंद स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत गरीब वर्ग को 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा
- भूमिहीन मजदूर को मिलने वाली 7 हजार रुपए की राशि को बढ़ाकर 10 हजार रुपए किया जाएगा.



रायपुर। जिले के सभी विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी आज एक साथ भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर से रैली निकालकर नामांकन भरने कलेक्टोरेट पहुंचे।

# पूरी दुनिया कर रही है भारत के विकास की चर्चाः मोदी

**अहमदाबाद,30 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुजरात के महेसाणा में है जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। अहमदाबाद हवाईअड्डे पर पहुंचने पर पीएम का राज्य के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने गर्मजोशी से स्वागत किया। रोड शो के दौरान भी प्रधानमंत्री का जोरदार स्वागत किया गया। वीडियो में दिखाया गया है कि जैसे ही उनका काफिला वहां से गुजरा, बड़ी संख्या में लोग मोदी, मोदी के नारे लगा रहे थे और फूलों की वर्षा कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने यहां लगभग 5800 करोड़ रुपए की लगात से विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम मोदी बनासकांठा जिले में अंबाजी मंदिर भी गए जहां पूजा-अर्चना की।



मोदी ने कहा कि आज 30 अक्टूबर है और कल 31 अक्टूबर है, ये दोनों दिन हमारे लिए बहुत प्रेरणादायक हैं। आजादी की लड़ाई लड़ने वाले और अंग्रेजों को कड़ी टक्कर देने वाले गोविंद गुरुजी की आज पुण्य तिथि है। और कल सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती है। हमारी पीढ़ी ने दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति देखी। हमने सरदार पटेल के प्रति अपनी सर्वोच्च श्रद्धा व्यक्त की। आने वाली पीढ़ियां सरदार पटेल की प्रतिमा को देखेंगी लेकिन झुकेंगी नहीं, उनका सिर ऊंचा रहेगा।

# कांग्रेस ने 5 साल पहले जो गारंटी दी उसे पूरा क्या किया ? : फडणवीस

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,30 अक्टूबर।** राहुल गांधी द्वारा की गई घोषणाओं पर बीजेपी के सवाल उठाने पर महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हम सवाल इसलिए उठा रहे हैं, क्योंकि यही गारंटी 5 साल पहले भी दी थी. पहले लोकतंत्र में जवाबदेह होनी चाहिए कि 5 साल पहले जो गारंटी दी उसमें क्या पूरा किया.



भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार के लिए रायपुर पहुंचे महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एयरपोर्ट पर मीडिया से रू-ब-रू हुए. उन्होंने राहुल गांधी द्वारा बीते दो दिनों में मंच से की गई घोषणाओं को लेकर कहा कि हर चुनाव में नई गांरटी देना और उसको भूल जाना केवल छत्तीसगढ़ में नहीं, बल्कि यही स्थिति राजस्थान में भी है. वहां भी भ्रष्टाचार के सिवा कुछ नहीं हुआ. इनकी एक गांरटी पक्की हैं कि इनकी तिजोरियों भरेंगी. ये गारंटी ये कम्प्लीट करते हैं. धान के मुद्दे पर बोले महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री ने धान में एमएसपी मोदी सरकार देती है, ऊपर का पैसा यहां की सरकार देती है. ऊपर का पैसा देकर क्रेडिट कांग्रेस सरकार लेती है. ये जनता को भी पता है कि पैसा कहां से आया है.

## जो जहां छिपा होगा बन जाएगा पत्थर

# हमास की सुरंगें भर जाएंगी केमिकल झाग से

**यरुसलम,30 अक्टूबर।** इजरायल ने गाजा पट्टी में मौजूद हमास आतंकियों की सुरंगों को बंद करने के लिए नया हथियार खोज निकाला है. ये एक खास बम है. जिसके विस्फोट से धमाका नहीं होता. लेकिन ये जहां फटता है, वहां ढेर सारा झाग निकलता है. जो बाद में पत्थर की तरह सख्त हो जाता है. यानी सुरंगों में इन बमों को फोड़ने से वो बंद हो जाएंगे.



इजरायलअपने इनोवेटिव हथियारों के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है. गाजा पट्टी में हमास आतंकियों की सुरंगों को वह स्पॉन्ज बम से बंद करने वाला है. इजरायली डिफेंस फोर्सेस के लिए सबसे बड़ी चुनौती इन सुरंगों को बंद करना है. क्योंकि इनका फायदा उठाकर हमास आतंकी भाग निकलते हैं. छिपकर गोरिल्ला वॉर करते हैं. इन्ही सुरंगों में हमास अपने हथियार छिपाते हैं. वहीं से रॉकेट दागते हैं. रॉकेट और हथियारों के जखीरे को स्टोर करते हैं. इजरायली ग्राउंड अटैक के दौरान सबसे बड़ा काम अब यही है कि सुरंगों को बंद किया जाए. अब साधारण मिट्टी या कॉन्क्रीट से सुरंगों को बंद करने में काफी ज्यादा समय और पैसे की बर्बादी होगी. इसलिए इजरायल स्पॉन्ज बम का इस्तेमाल करने जा रहा है. स्पॉन्ज बम का इस्तेमाल संभवतः पहली बार होने जा रहा है. यह एक खास तरह का बम है, जो फटने के बाद भारी मात्रा में झाग निकालता है. ये झाग थोड़ी देर में ही कॉन्क्रीट की तरह सख्त हो जाता है. यानी इन बमों को सुरंगों में फोड़ा जाए तो सुरंग पूरी तरह से बंद हो जाएगी. न अंदर से कोई बाहर आ पाएगा. न बाहर से कोई अंदर जा पाएगा. इस कॉन्क्रीट को तोड़ना भी आसान नहीं होता.

स्पॉन्ज बम एक प्लास्टिक की बोरी में होता है. जिसमें दो अलग-अलग केमिकल होते हैं. इन केमिकल को एक धातु की प्लेट या रॉड से अलग रखा जाता है. जैसे ही ये रॉड हटाया जाता है. वैसे ही केमिकल आपस में रिएक्ट करके एक झाग वाला लिक्विड इमल्शन बनाते हैं. जो हवा के संपर्क में आते ही तेजी से फैलता है. सख्त होता चला जाता है. ये इतनी तेजी से फैलता है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती. इसलिए सुरंगों को जल्दी से बंद किया जा सकता है.

हमास आतंकियों ने बंधकों को सुरंगों में छिपाया हुआ है. इजरायली कमांडो सुरंगों की तलाशी लेते समय एक तरफ से सुरंग में ये बम फोड़ते चले जाएंगे. ताकि सुरंगें बंद होती चली जाएं. इस बम में मौजूद केमिकल बेहद रिएक्टिव हैं. यानी ज्वलनशील. लेकिन सख्त होने के बाद इसे तोड़ना या फोड़ना आसान नहीं होता. एक बार इसने सुरंग में विस्फोट करके उसे बंद कर दिया, फिर उसे दोबारा खोलना बेहद मुश्किल होगा.

अमेरिकी सेना ने 1990 के दशक में सोमालिया में दंगाइयों को नियंत्रित करने के लिए अल्ट्रा-स्टिकी झाग वाली गोलियां दागती थी. इन गोलियों से निकलने वाला झाग दंगाइयों के हाथ-पैर को बांध देता था. जिससे वो बिना जख्मी हुए गिर जाते थे. बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता था.

# भाजपा प्रत्याशी महेश को देखने अस्पताल पहुंचे कांग्रेस के उमेश

**रायगढ़,30 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री और खरसिया विधायक उमेश पटेल ने राजनीति से हटकर मानवता, मित्रता और सकारात्मक राजनीति की मिसाल पेश की है. उन्होंने खरसिया विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी महेश साहू से पद्मावती अस्पताल पहुंचकर उनका स्वास्थ्य संबंधी हाल-चाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की.बता दें कि भाजपा नेता महेश साहू बीते कुछ दिनों से विधानसभा चुनाव को लेकर रोज सुबह से देर रात तक जनसम्पर्क कार्यक्रम में लगातार व्यस्त रहे हैं, जिसके कारण उन्हें अत्यधिक शारीरिक कमजोरी आ गई थी. इसलिए इलाज उन्हें इलाज के लिए पद्मावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है. महेश साहू को डाक्टरों ने अभी आराम और नींद पूरी करने की सलाह दी है. फिलहाल महेश साहू पहले से ठीक है. बता दें कि उमेश पटेल के भाजपा नेता महेश साहू को अस्पताल देखने पहुंचने की तस्वीर जब इंटरनेट पर वायरल हुई तो लोग उनकी तारीफ करते हुए कहने लगे कि ÷राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के बावजुद उमेश पटेल ने इंसानियत का परिचय देते हुए भाजपा नेता महेश साहू का कुशलक्षेम जानने अस्पताल पहुंचे जो उनके कोमल हृदय को दर्शाता है. ऐसा नेता खरसिया विधानसभा को मिलना सौभाग्य का विषय है.



## एक नजर

### रेसुब ने जब्त किया 3 लाख 86 हजार रु. का गांजा



भिलाई, 30 अक्टूबर। रविवार को रेसुब पोस्ट प्रभारी एस के सिन्हा दुर्ग के साथ मंडल टास्क टीम दुर्ग एसआईबी दुर्ग, सीआईबी भिलाई के साथ छत्तीसगढ़ चुनाव के मद्देनजर रेलवे स्टेशन दुर्ग में चेकिंग के दौरान मुखबिर सूचना पर गाड़ी संख्या 12843 पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस के आगे के सामान्य बोगी को आगमन पर चेक किया गया। मुखबिर के बताए आधार पर उक्त कोच के शौचालय के पास 03 पिंटू बैग लावारिस अवस्था में मिला, जिसे रेलवे स्टेशन दुर्ग के प्लेटफार्म नंबर 03 के नागपुर छोर पर उतार चेक करने पर उसमें मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया। उक्त तीनों बैगों से कुल 19 किलो 300 ग्राम मादक पदार्थ गांजा पाया गया, जिसका कीमत लगभग रू 3,86,000 रुपये है। जिसे एनडीपीएस एक्ट के तहत् विधिवत कार्यवाही कर जब्त शुदा मादक पदार्थ गांजा सहित संपूर्ण कागजात के साथ शासकीय रेल पुलिस चौकी दुर्ग को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया जिस पर पुलिस चौकी दुर्ग द्वारा अपराध क्रमांक 00/23 धारा- 20(बी) एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### ब्राह्मण मित्र मंडल का दीपावली मिलन कार्यक्रम 5 नवंबर को



भिलाई, 30 अक्टूबर। ब्राह्मण मित्र मंडल की बैठक रविवार को सुबह 11 बजे मंगल वाटिका कोहका रोड, कुरूद में आयोजित किया गया। अध्यक्षता संयोजक राम मिलन दुबे ने किया। बैठक मे संयोजक मंडल के समस्त सदस्य गण इस अवसर पर उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए राममिलन दुबे ने कहा कि हर साल की भांति इस वर्ष भी ब्राह्मण मित्र मंडल द्वारा 5 नवंबर रविवार के दिन मंगल वाटिका, रूंगटा कॉलेज के पास कोहका रोड, कुरूद में दीपावली मिलन कार्यक्रम सायं 5 बजे आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ. चितरंजन कर एवं डॉक्टर राम किशोर मिश्रा वैदिक द्वारा दीप महत्व सामाजिक चेतना, वेद एवं शास्त्रों पर व्याख्यान देकर ब्राह्मणों सहित सभी हिन्दुओं का मार्ग दर्शन करेंगे। राम मिलन दुबे ने कहा कि लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण त्यौहार में सभी सदस्य गण अपनी आहुति वोट देकर करें और लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु ब्राह्मण मित्र मंडल के समस्त सदस्य शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए लोगो को प्रेरित करें। बैठक मे संचालन सह संयोजक महेश तिवारी ने किया। बैठक में चंद्रशेखर पांडे, अवधेश दुबे, राम बिहारी मिश्र, विष्णु पाठक, रघु राज उपाध्याय, राम अचल पांडे, सुभाष चन्द्र पांडे, उर्मिला उपाध्याय, अभय,वडनेरकर, महेश तिवारी, राजमणि दुबे, शंकर पांडे, डी पी मिश्रा, गौकलेश तिवारी, रोशु त्रिपाठी, अशोक उपाध्याय, सुदेश मिश्रा, मनोज शुक्ला, ओमप्रकाश मिश्रा, आर जी मिश्रा, आई पी मिश्रा, विजय शुक्ला, बाबूलाल शर्मा सहित सभी सदस्य गण उपस्थित थे। बैठक की जानकारी मीडिया प्रभारी दीपक मिश्रा ने दी।

### बीएसपी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 का आयोजन

भिलाई, 30 अक्टूबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 मनाया जा रहा है। इसके तहत 30 अक्टूबर से 05 नवम्बर, 2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय, भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें है। इस अवसर पर सतर्कता विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 में विभिन्न प्रतियोगिताओं ड्राइंग, पेंटिंग, निबंध, स्लोगन, क्विज और वाद-विवाद आदि का आयोजन किया जा रहा है। 30 अक्टूबर 2023 को बीएसपी के मानव संसाधन विकास विभाग के सभागार में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 का उद्घाटन संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा किया जाएगा तथा दोपहर 2.30 बजे क्विज कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में संयंत्र कर्मी व उनके परिवार के सदस्यों हेतु निबंध व स्लोगन कॉम्पिटिशन का आयोजन डिजिटल मोड में किया गया है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के तहत 31 अक्टूबर 2023 को सुबह 11 बजे बजे पीजी नर्सिंग कॉलेज में तथा 01 नवम्बर, 2023 को महिला विद्यालय, दुर्ग में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसके अतिरिक्त 31 अक्टूबर 2023 को सुबह 7 बजे कर्मचारियों तथा स्टेकहोल्डरों हेतु इस्पात भवन से इक्विपमेंट चैक तक वॉकथॉन का आयोजन किया गया है। 02 नवम्बर, 2023 को सुबह 10.30 बजे बीएसपी स्कूल, सेक्टर-7 में स्कूली बच्चों हेतु वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग में विक्रेताओं/ठेकेदारों/ग्राहकों के मध्य जागरूकता पैदा करने और शिकायत निवारण हेतु तथा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा को बढ़ावा देने के लिए इंट्रेक्शन सत्र का आयोजन डिजिटल मोड में किया गया है। मैत्री बाग में स्कूली बच्चों हेतु ड्राइंग व पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 03 नवम्बर को राजहरा व हिर्री माइंस में ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें निवासियों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। 4 नवम्बर को सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह कला मंदिर में आयोजित किया गया है। समारोह में इस सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

# कवर्धा व पंडरिया सीट में पिछली बार से अधिक वोटों से जीतेगी कांग्रेसःसीएम

- नरेन्द्र मोदी, डॉ. रमन सिंह झूठे नेता, छत्तीसगढ़ सरकार ने खरीदा किसानों का धान
- पीएम के संसदीय क्षेत्र में किसान 1200 रुपए में धान बेचने मजबूर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



कवर्धा, 30 अक्टूबर। कवर्धा में कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर व पंडरिया के नीलकंठ चंद्रवंशी के पक्ष में सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वायदे के अनुरूप राज्य सरकार ने किसानों की आर्थिक मजबूती के लिए कार्य किया है। कांग्रेस और भाजपा में यही फर्क है कि कांग्रेस जहां किसानों के हितों के लिए काम करती है, उनके कर्जा माफ करती है तो वहीं दूसरी ओर भाजपा उद्योगपतियों के हितों के लिए कार्य कर उनके कर्जा की माफी करती है। भूपेश बघेल ने सभा में उपस्थित खचा-खच भीड़ को देखकर पिछले बार की तुलना में इस बार दोनो सीटो पर अधिक वोटो से जीतने का दावा किया।

भाजपा सरकार में किसानों का बकाया बोनस देने मोदी को लिखी चिट्ठीउत्साहित अंदाज में भूपेश बघेल ने कहा कि उनकी सरकार ने किसानों का कर्जा माफ, 2500 रूपए में धान की खरीदी, बिजली बिल हाफ, सभी राशन कार्डधारियों को चांवल देने का अपना वादा निभाया है। उनकी सरकार प्रदेश में जातिगत जनगणना भी कराएगी। दूसरी ओर भाजपा है जिसके प्रधानमंत्री ने उद्योगपतियों को देश की संपत्ति रेलवे, एयरपोर्ट, बड़े-बड़े प्लांट बेचने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बड़े ही बेशरमी से छत्तीसगढ़ में धान की खरीदी केन्द्र सरकार द्वारा करने का झूठ बोलते है। नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वराणसी में किसान अपना धान 1200 रूपए क्विंटल में बेचने में मजबूर है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने किसानों को अपने वायदे के अनुरूप 03 साल का बोनस नहीं दिया। इस बकाया बोनस को कांग्रेस की सरकार देने को तैयार है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखी है कि किसानों को बोनस देने की अनुमति दी जाए। क्योकि केन्द्र सरकार किसानों को बोनस नहीं देने देती है।

छत्तीसगढ़ को बचाना है तो भाजपा को हराओ-भूपेशमुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कहना था कि उन्होंने अगली सरकार में किसानों के कर्जा की फिर से माफी करने की घोषणा कर दी तो भाजपा इसे बर्दाशत नहीं कर पा रही है। डॉ. रमन सिंह इसका विरोध करते है। रमन सिंह कवर्धा से पलायन कर डोंगरगांव गए फिर पलायन कर राजनांदगांव पहुंच गए।

इस बार उन्हें गिरीश देवांगन ने चुनाव में घेर लिया है। छत्तीसगढ़ की संपत्तियों पर बड़े उद्योगपतियों की नजर है। इसे बचाना है तो भाजपा को हराना होगा।

## मतदान करने दीपदान कर लिया संकल्प



रिसाली,30 अक्टूबर। आने वाली 17 तारीख को अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प लेते शनिवार को दीप दान किया। दशहरा मैदान रिसाली में दिया से मतदान करने का संदेश लिख प्रकाश फैलाया गया। रिसाली निगम आयुक्त आशीष देवांगन शत प्रतिशत मतदान कराने अभियान चला रहे है। रिसाली में संकल्प अभियान के बाद मतदाताओं को जागरूक करने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को निगम के कर्मचारी , आजीविका मिशन व नागरिकों ने दशहरा व खेल मैदान रिसाली में एकत्र हुए और दीप दान किया। महिलाएं रंगोली से चुनाव चिरई बनाई , और दिए की उजास से 17 नवंबर को मतदान करने का संदेश फैलाया। इस दौरान दुर्ग ग्रामीण ए आर ओ मुकेश रावटे, निगम आयुक्त आशीष देवांगन, निगम सचिव रोहित साहू, सब इंजीनियर नितीश साहू, अखिलेश गुप्ता समेत बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में फुटबॉल खिलाड़ी भी शामिल हुए। दीप दान कार्यक्रम में दिया लेकर मतदान करने का संदेश घर घर पहुंचाने का संकल्प लिया। विधानसभा आम चुनाव में शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखने रिसाली निगम अभियान चला रहा है। शुरुआत पहले कार्यालय से कराया गया। लोकतांत्रिक परंपराओं का निर्वहन कराने शपथ दिलाई गई।

### पुलिस ने चादर से भरा कंटेनर किया जब्त

भिलाई,30 अक्टूबर। भिलाई विधानसभी चुनाव को लेकर दुर्ग जिले की पुलिस चौकन्नी है। रविवार को वाहन चेकिंग के दौरान जेवरा-सिरसा चौकी पुलिस ने भारी मात्रा में चादर से भरी हुई कंटेनर को बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने धारा 102 के तहत कार्रवाई की है दुर्ग सीएसपी मणि शंकर चन्द्रा ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अलग-अलग स्थानों पर एसएसटी टीम एवं वीओ पुलिस चौकी जेवरा सिरसा द्वारा लगातार क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग किया जा रहा था।



### उड़नदस्ता और पुलिस की टीम ने बसना में 275 नग साड़ी जब्त की

महासमुन्द 30 अक्टूबर । बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवागांव में उड़नदस्ता और पुलिस की सयुंक्त टीम ने 275 नग साड़ी जप्त कर बसना थाना में सुपुर्द किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक द्वारा गठित उड़नदस्ता (एफ एस टी) द्वारा अलग-अलग जगह पर छापामार कार्रवाई किया जा रहा है ।

## भागवत नाम का जाप करने से मन को रखा जा सकता है स्थिर:देवकी नंदन



भिलाई, 30 अक्टूबर। भागवत कथा के तीसरे दिन वामन अवतार प्रसंग को श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से देवकी नंदन ठाकुर महाराज ने बताया कि ऋषि के श्राप से राजा परीक्षित को तक्षक नाग के काटने से 7 दिनों में मृत्यु होना तय बताया तो राजा परीक्षित ने सुखदेव महाराज से प्रश्न किया कि मरते हुए आदमी को क्या करना चाहिए ? तब सुखदेव महाराज ने बताया कि अंत समय में प्राणी को श्रीमद् भागवत कथा एवं भगवान में पूर्ण समर्पण की भाव रखना चाहिए। आगे की कथा में महाराज ने बताया कि बाएं भाग से मनु एवं दाएं भाग से रानी शतरूपा का जन्म हुआ। माता शतरूपा ने भगवान कपिल से प्रश्न किया की मन को स्थिर कैसे रखना चाहिए ? तब भगवान कपिल ने बताया भागवत नाम कथा जाप करने से और पूर्ण विश्वास रखने से मन को स्थिर रखा जा सकता है। आगे की कथा में महाराज जी ने जन्म एवं मृत्यु के चक्र को बहुत ही सुंदर रूप से बताया है की अन्न की प्रक्रिया खेत से उत्पन्न होती है उसी प्रकार मनुष्य का जीवन चक्र भी है इसलिए मनुष्य को बार-बार जन्म मरण के फेर से बचने के लिए भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए वह भी बाल्यकाल से प्रारंभ करना चाहिए जिसका लाभ जीवन में ज्यादा उपयोगी है। महाराज जी ने ध्रुव की कथा बताते हुए जब ध्रुव ने अपने पिता की गोद में बैठना चाहा तब उनकी छोटी मां ने पिता की गोद में बैठने नहीं दिया, तब छोटी मां ने ध्रुव को कहा कि अगर पिता की गोद में बैठना है तो तुम्हें मेरे कोख से जन्म लेना होगा। इस बात से दुखी होकर बालक ध्रुव अपनी मां के पास पहुंचकर रोते हुए बताया कि मेरी छोटी मां ने पिता के गोद पर बैठने नहीं दिया तब बालक ध्रुव की मां ने कहा कि तुम्हें बैठना ही है तो पिता की गोद में क्यों, तुम भगवान की गोद में बैठो, माता की बात सुनकर बालक ध्रुव ने वन की ओर प्रस्थान कर लिया। रास्ते में महर्षि नारद मुनि का भेट मुलाकात हुई तो नारद जी ने पूछा कि बालक तुम कहां जा रहे हो बालक ने बताया में भगवान की आराधना करने वा मिलने जा रहा हु तब महर्षि नारद जी ने द्वादश मंत्र जाप करने के लिए कहा, तब बालक ध्रुव नारद मुनि के बताए अनुसार द्वादश मंत्र का जाप किया जिससे उन्हें छह माह में ही भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ। महाराज ने कहा इस प्रकार ध्रुव को भगवान ने 36000 वर्ष का राज्य दीये अंत में बालक ध्रुव 36 000 हजार वर्ष राज करने के बाद भगवान के धाम को चले गए।

## जूडो खेल स्वास्थ्य के साथ कैरियर का विकल्प चुनने का भी अच्छा माध्यम:द्विवेदी



भिलाई, 30 अक्टूबर। 23 वी राज्य स्तरीय सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता 2023 बालक एवं बालिका का आयोजन अनलिमिटेड जूडो अकैडमी 32 एकड़ सीजी हाउसिंग बोर्ड में संपन्न हुआ । प्रतियोगिता में अरुण द्विवेदी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अरुण द्विवेदी दीप प्रज्वलन करते हुए प्रतियोगिता के उद्घाटन की घोषणा किया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करें एवं आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता को ध्यान में रखते हुए अपनी तैयारी करें। जूडो खेल स्वस्थ मन स्वस्थ शरीर के निर्माण के साथ ही साथ कैरियर का विकल्प चुनने का भी अच्छा माध्यम है । बस खिलाड़ी ईमानदारी से अपनी प्रैक्टिस करें और उनकी जो भी आवश्यकता होगी उसकी पूरी करने के लिए अपना भरपूर प्रयास करेंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के सचिव शंभू सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ बनने के साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ प्रतिवर्ष राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन अनवरत करते आ रहा है। इसी तारतम्य में अनलिमिटेड जूडो अकैडमी भिलाई के हाल में इस 23वी राज्य स्तरीय सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें राज्य के 13 जिलों से लगभग 150 खिलाड़ी एवं अधिकारियों ने भाग लिया।इस प्रतियोगिता से दिसंबर में कोच्चि केरल में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता के लिए जूडो खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा । प्रतियोगिता में विशेष रूप से बलौदाबाजार भाटापारा के अध्यक्ष पी सुरेश राव राष्ट्रीय रेफरी एवं ब्लैक बेल्ट महासचिव श्रीमती राव बिलासपुर जिला जूडो संघ के महासचिव राजकुमार जायसवाल ब्लैक बेल्ट रायपुर के महासचिव अनीश मेनन कोंडागांव से उदय, राहुल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक सुश्री किरण शर्मा, शेख शरीफ, राष्ट्रीय निर्णायक पी किशोर, श्रीमती श्वेता नाग, पी सुरेश राव, विजय नाग, यशवंत ध्रुव, नेहा साहू, मधु रानी साहू, राहुल भारती, सुदर्शन निर्मलकर, सूरज वर्मा, राज सिंह, अनमोल आदि निर्णायको ने किया । प्रतियोगिता के उपरांत सभी विजयी खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया । संचालन एवं आभार प्रदर्शन आयोजन सचिव पी किशोर ने किया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार हैं। बालक - 30 किलोग्राम दिलीप कुमार,द्वितीय सूरज साहू, तृतीय लक्ष्मण साहू, 35 किलोग्राम ईशान बाई, द्वितीय धनंजय निषाद, तृतीय योगेश्वर, 40 किलोग्राम देवजीत सिंह, द्वितीय नित्यम राठौर, तृतीय ईशान साहू, 45 किलोग्राम पीयूष साहू, द्वितीय गगन कौशिक, तृतीय सामनाथ, 50 किलोग्राम अभय यादव, द्वितीय प्रूसोत्म, तृतीय अर्जुन, 55 किलोग्राम अरविंद मानिकपुरी, द्वितीय उमंग जैन, तृतीय रविन्द्र साहू, 60 किलोग्राम ओम साहू, द्वितीय अयान खान, तृतीय दिव्यांशु निर्मलकर, 66 किलोग्राम अभिषेक नियोगी, द्वितीय मयंक खांडेकर, तृतीय राजीव देवांगन, प्लस 66 किलोग्राम मैनक दत्ता,द्वितीय दिलराज सिंह। बालिका - 28 किलोग्राम खुशी चुटेल, द्वितीय गीता पटेल, 32 किलोग्राम रोशनी लंगड़े, द्वितीय योगिता मांडवी, 36 किलोग्राम हेमवती नाग, द्वितीय अंजली गुप्ता, तृतीय दामिन निषाद, 40 किलोग्राम ट्विंकल, द्वितीय प्रगति भारद्वाज, तृतीय लिखेश्वरी नेताम, 44 किलोग्राम रिया सिंह, द्वितीय खुशबू साहू, तृतीय श्वेता गोशवामी, 48 किलोग्राम प्रभा चंद्र ठाकुर, द्वितीय हमीतांजली सिंह, तृतीय एंजल मेशराम, 52 किलोग्राम दिव्या गुप्ता, द्वितीय राजेश्वरी मरकाम, तृतीय निशा जैसवाल, 57 किलोग्राम साक्षी गोशवामी, प्लस 57 किलोग्राम प्रथम केशर लोधी, द्वितीय कोमल सिंह, तृतीय धानी सिन्हा।

## एक हफ्ते के अंदर तीसरी बार 100 लोगों ने बीजेपी में किया प्रवेश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,30 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ बीजेपी की रीति-नीति से प्रभावित होकर एक सप्ताह के अंदर तीसरी बार कई क्षेत्रों के 100 से अधिक लोगों ने पार्टी में प्रवेश किया। भाजपा जिला कार्यालय परिसर में रात 10 बजे ग्राम भेदली के साहू समाज के वरिष्ठ लोगो ने जिला अध्यक्ष अशोक साहू एवं भाजपा प्रत्याशी के सामने भाजपा प्रवेश किया . इसी क्रम में आज रविवार को तीसरी बार बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाजपा प्रत्याशी के निवास पर भाजपा में प्रवेश किया . विजय शर्मा ने गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया . सहसपुर लोहारा मंडल के ग्राम कटोरी के मनोज कुमार साहू,गनपत साहू,जागेश साहू ,शिवदयाल मानिकपुरी,गंगाधार साहू ,नेमचंद साहू, ओमप्रकाश साहू ,चैतु यादव ,मिथलेश जंघेल ,राजवन साहू,गौतम साहू,महेंद्र कुमार साहू ,पुनाराम साहू मेघनाथ जंघेल ,काशीराम साहू ,बलराम साहू अनुज साहू सहित सैकड़ो लोगो ने भाजपा प्रवेश किया . इस असवर पर ग्रामीणों ने कहा विजय भैया हमारे परिवार के सदस्य जैसे है हमारे सुख दुःख के साथी है हम प्रतीक्षा कर रहे थे इनके साथ कार्य करने का अवसर मिलेगा .

# भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता जनता की सेवा के लिए जीते हैं:जेपी नड्डा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



कवर्धा, 30 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज पंडरिया स्थित शासकीय हाई स्कूल मैदान में आयोजित विजय संकल्प महारैली को संबोधित कर पंडरिया विधानसभा से भाजपा की प्रत्याशी भावना बोहरा के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान हजारों की संख्या में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्रवासियों ने पूरे जोश व उत्साह से उनका भव्य स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने कहा कि आज मैनें चार सभाएं की और इन चारों सभाओं में आप सभी ने जो अपार समर्थन दिया और भाजपा की विकास नीति पर विश्वास जताते हुए अपना आशीर्वाद दिया वह छत्तीसगढ़ में आपके परिवर्तन के संकल्प को दर्शाता है। भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता जनता की सेवा के लिए जितें हैं लेकिन कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता अपनी सेवा के लिए जिते हैं। हम आपकी सेवा करना चाहते हैं और कांग्रेस जनता को धोखा देकर मेवा खाना चाहते हैं। हम अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आपके बीच आते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की कल्याणकारी योजनाओं और ऐतिहासिक उपलब्धियों को लेकर आपके बीच आते हैं लेकिन कांग्रेस केवल झूठे वादे और आश्वासन लेकर आपके बीच आते हैं। भारतीय जनता पार्टी ने आपको आवास दिया, विकास की नई सौगात दी, उज्ज्वला योजना से बहनों को धुएं से मुक्ति दी, किसान सम्मान निधि योजना से किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया, आयुष्मान भारत योजना से 5 लाख रुपए का मुफ्त ईलाज दिया, राशन दिया यह है भाजपा के विकास का रिपोर्ट कार्ड।लेकिन कांग्रेस सरकार ने आपके आवास को रोका, पंडरिया के विकास को रोका, जर्जर सड़कें दी, ध्वस्त कानून व्यवस्था दी और शराब घोटाला, गोठान घोटाला, कोयला घोटाला, पीएससी घोटाला जैसे भ्रष्टाचार किये भूपेश बघेल ने प्रदेश के 12 लाख आवास को रोका है और अब पंडरिया की जनता 7 नवम्बर को कांग्रेस सरकार को रोकेगी और छत्तीसगढ़ में परिवर्तन लाएगी। इस बार पंडरिया विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी भावना बोहरा को अपना सहयोग व समर्थन देकर उन्हें प्रचंड मतों से विजयी बनाएं और जो सेवा करने वाले हैं उन्हें पंडरिया विधानसभा के विकास और आपकी आकाँक्षाओं को पूरा करने का अवसर प्रदान करें। आप सभी भावना बहन को वोट दीजिये और पंडरिया विधानसभा का हम सभी मिलकर विकास करेंगे। पंडरिया विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी भावना बोहरा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे जनता की सेवा और उनकी आकाँक्षाओं को पूरा करना आता है राजनीति नहीं। राजनीति मेरे संकल्पों को पूरा करना, समृद्ध पंडरिया का जो हमने मिलकर एक सपना देखा है उसे पूरा करना और आपके हर सुख-दुःख में साथ रहने का एक मार्ग है और मुझे पूरा विश्वास है कि इस मार्ग पर हम मिलकर आगे बढ़ेंगे और आपकी आकाँक्षाओं के अनुरूप पंडरिया का विकास करेंगे। जिला पंचायत सदस्य के रूप में मैनें जो भी कार्य अपने क्षेत्र में किये हैं चाहे वो बेटियों की शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, महिला सशक्तिकरण के प्रयास हो, किसानों का सम्मान हो या सुविधाओं का विस्तार हो उन सभी कार्यों को पूरे पंडरिया विधानसभा में आप सभी को समर्पित करना यही मेरे उद्देश्य है और लक्ष्य है। हमने पंडरिया विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए जो रुपरेखा तय की है उसे आप सभी के समक्ष जल्द ही प्रस्तुत करेंगे। जनसेवा के संकल्प और विकास के लक्ष्य के साथ हम समृद्ध पंडरिया की नई नींव रखेंगे। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में साफ-साफ शराबबंदी करने की घोषणा की थी। उनके इस वादे पर विश्वास करते हुए जनता ने उन्हें सत्ता सौंपी। प्रदेश की लाखों महिलाओं ने उनपर भरोसा जताया लेकिन अब शराबबंदी करने की बजाय राज्य सरकार और उनके नेता अलग-अलग बहाने बता रहें हैं। प्रदेश के 16 लाख गरीब परिवारों से उन्के आवास छीने, प्रदेश में विकास की गति पूरी थम गई है, जनता की समस्या सुनने के बजाय कांग्रेस के विधायक और मंत्री अपने करीबियों की सेवा सत्कार करने में लगे हैं। पंडरिया विधानसभा में जिस तरह से हर विभाग में कमीशनखोरी चल रही है, कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, अपराधियों के हौसले बुलंद है और अवैध कारोबार शासन के संरक्षण में फल-फूल रहें हैं। आने वाले 7 नवम्बर को हमें सही चुनाव करके एक बड़ा बदलाव लाना है, समृद्ध पंडरिया के हमारे संकल्प को पूरा करने के लिए परिवर्तन की यह लहर रुकनी नहीं चाहिए। चावल घोटाला, शराब घोटाला, पीएससी घोटाला, गोबर घोटाला और गौमाता के नाम पर गोठान घोटाला करने वाली कांग्रेस सरकार को इस बार छत्तीसगढ़ हटाना है और विकास एवं सुशासन वाली भाजपा सरकार को फिर से छत्तीसगढ़ के विकास का जिम्मा सौंपना है।भावना बोहरा ने आगे कहा कि पंडरिया की खुशहाली के लिए आप सभी के सेवा, समस्याओ के समाधान और हर परेशानियों के निदान के लिए हमने एक रुपरेखा तय की है और मैं आज पूरे दावे के साथ कहती हूँ की 7 नवम्बर को भारतीय जनता पार्टी को आपका हर एक वोट पंडरिया की विकास, उसके नए उदय के लिए एक-एक नींव का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जनहित के कार्य, विकास कार्य, शिक्षा,स्वास्थ्य,रोजगार और महिला सशक्तिकरण के लिए किये गए सराहनीय प्रयासों से हम मिलकर एक नया पंडरिया बनाएंगे। मुझे विश्वास है की जिस तरह आप सभी ने अपना अपार समर्थन दिखाया है 7 नवम्बर को छत्तीसगढ़ में कुशासन के प्रति परिवर्तन की लहर पंडरिया में भाजपा प्रचंड विजय से प्रारंभ होगा। आज हमारा छत्तीसगढ़ जो शांति का टापू था कांग्रेस सरकार ने आज उसे अराजकता,सामाजिक हिंसा और द्वेष अ गढ़ बना दिया है। महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रहीं हैं, युवा साथी रोजगार एवं बेरोजगारी भत्ता के लिए तरस रहें हैं, किसान बिजली, पानी के लिए गुहार लगा रहें हैं, छत्तीसगढ़ विकास के लिए तरस रहा है, लेकिन छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार केवल कमीशनखोरी, भ्रष्टाचार, अवैध कारोबार और अपने करीबियों को लाभ पहुँचाने में व्यवस्त हैं। जनता की परेशानियों से इन्हें कोई मतलब नहीं है। लेकिनं अब हम सभी को यह संकल्प करना है और मिलकर पंडरिया विधानसभा को समृद्ध बनाने के लिए 7 नवम्बर को भारतीय जनता पार्टी को जिताकर लाना है।

## एक नजर

### विधानसभावार मतदाताओं की संख्या है 8 लाख 15 हजार 448

**राजनांदगांव 30 अक्टूबर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले में मंगलवार 7 नवम्बर 2023 को मतदान किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन में मतदान के लिए युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही है। ईव्हीएम एवं वीवीपेट के द्वितीय रेण्डमाइजेशन के बाद कमिशनिंग का कार्य किया जा रहा है। साथ ही मतदान कार्य में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र बनाए गए, जहां मतदान दलों में संपूर्ण रूप से महिला अधिकारियों को महिला मतदाताओं से मतदान कराने हेतु ड्यूटी लगाई जाएगी। वहीं विधानसभावार 1-1 दिव्यांग मतदान केन्द्र एवं युवा मतदान केन्द्र बनाया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार चारों विधानसभावार मतदान केन्द्रों की संख्या 1006 तथा मतदाताओं की संख्या 8 लाख 15 हजार 448 है। इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 4 लाख 6 हजार 559, महिला मतदाताओं की संख्या 4 लाख 8 हजार 883 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 6 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 270 एवं मतदाताओं की संख्या 2 लाख 9 हजार 775 है। इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 5 हजार 648, महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 4 हजार 123 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 4 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 223 एवं मतदाताओं की संख्या 2 लाख 11 हजार 468 है। इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 3 हजार 737, महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 7 हजार 729 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 2 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 252 एवं मतदाताओं की संख्या 2 लाख 2 हजार 797 है। इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 2 हजार 59 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 738 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 261 एवं मतदाताओं की संख्या 1 लाख 91 हजार 408 है। इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 95 हजार 115 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 96 हजार 293 है।

### भाजपा का झूठ, ईडी की साजिश कुछ नहीं चलेगा, फिर कांग्रेस की सरकार बनेगी

**रायपुर 30 अक्टूबर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा का झूठ, ईडी की साजिश कुछ नहीं चलेगा, फिर कांग्रेस की सरकार बनेगी। प्रदेश की जनता, किसान, नौजवान, मजदूर, माता-बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने सक्षम बनाने और छत्तीसगढ़ की संस्कृति को नई ऊंचाइयों में ले जाने को फिर कांग्रेस की सरकार बनाने पंजा निशान की बटन दबायेगी और कमल फिर मुरझाएगा। कांग्रेस के प्रति जनता का भरोसा, विश्वास और पांच सालों के काम के आगे न मोदी का चेहरा चलेगा, न उनकी ईडी की कालगुजारी चलेगी। कांग्रेस प्रत्याशियों से मुकाबला में भाजपा के प्रत्याशी अपनी जमानत बचा ले यह उनके लिए बड़ी उपलब्धि होगी।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव में आने वाले 20 विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में कांग्रेस के 19 विधायक हैं बस्तर भाजपा मुक्त है और राजनांदगांव के 8 विधानसभा में 7 पर कांग्रेस के विधायक हैं, इस बार प्रथम चरण के चुनाव में कांग्रेस 20 में से 20 सीटों पर जीत दर्ज कर रिकॉर्ड बनाएगी। राजनांदगांव सीट से रमन सिंह, खैरागढ़ से उनके भांजा विक्रांत सिंह, केदार कश्यप, महेश गागड़ा, लता उसेंडी को जनता धूल चटायेगी। प्रथम चरण के मतदान में भाजपा के 20 के 20 प्रत्याशी की जमानत बचा ले ये बड़ी बात होगी।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता छत्तीसगढ़ आते हैं झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने का प्रयास करते हैं लेकिन उनकी झूठ पकड़ी जाती है, छत्तीसगढ़ में भाजपा के पास मुद्दा नहीं है, न चेहरा है, न कार्यकर्ता है, न ही जनता का समर्थन है, भाजपा आदत के अनुसार झूठ और मनगढ़ंत आरोप लगाकर राजनीति करना चाहती है जो छत्तीसगढ़ में नहीं चलेगा।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने 5 सालों में राज्य की तस्वीर बदली सरकार की न्याय योजनाओं में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय बढ़ी, 40 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले, राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ने के कारण बेरोजगार दर देश में सबसे कम हो गयी, इसके विपरीत राज्य में जब भाजपा की सरकार थी तब रमन सिंह सरकार में तो 15 साल में कमीशनखोरी, भ्रष्टाचार, झीरम कांड, झलियामारी, सारकेगुड़ा, नसबंदी कांड, अंखफोड़वा कांड, गर्भाशय कांड, अंतागढ़ कांड, नकली दवाई, दवा खरीदी में घोटाला, मेडिकल उपकरण खरीदी घोटाला, इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक घोटाला, रतनजोत घोटाला, करोड़ों का नान घोटाला, हुआ।

# विकास की हर ईंट पर भाजपा का नाम दर्ज:नड्डा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 30 अक्टूबर ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ठेलकाडीह विधानसभा में चुनावी सभा में भाजपा सरकार के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए भ्रष्टाचार के मामलों में कांग्रेस के खिलाफ जमकर आक्रमण किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने छत्तीसगढ़ का विकास किया। यहां विकास की हर एक ईंट पर भाजपा का नाम दर्ज है। कांग्रेस की सरकार ने विकास की एक ईंट भी नहीं रखी। छत्तीसगढ़ में 5 साल से लगा ग्रहण अब हटने वाला है। इतिहास गवाह है कि मध्यप्रदेश के जमाने से कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों ने छत्तीसगढ़ के लिए कुछ नहीं किया। सब माटी के माधव निकले। चाहे अर्जुन सिंह हों, वोरा हों या शुक्ला हों। अटलजी ने छत्तीसगढ़ राज्य



बनाया और भाजपा की सरकार ने इसका विकास किया। जनता के लिए काम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के लिए चार करोड़ आवास बनाने का लक्ष्य रखा। देश में साढ़े तीन करोड़ आवास बन गए लेकिन छत्तीसगढ़ की कांग्रेस की भूपेश सरकार ने 12 लाख गरीबों को उनके आवास नहीं मिलने दिए। कांग्रेस गरीब का हित नहीं करती। सिर्फ अपने भले के काम करती है। भ्रष्टाचार के रिकॉर्ड बना दिए। हर जगह सिर्फ भ्रष्टाचार किया। ऐसी भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकना है।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने डोंगरगढ़ के भाजपा प्रत्याशी विनोद खांडेकर व खैरागढ़ प्रत्याशी विक्रांत सिंह को विजयी बनाने की अपील करते हुए ठेलकाडीह में आयोजित चुनावी सभा में कहा कि छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिये भ्रष्टाचारी, घोटालेबाज, झूठी भूपेश सरकार को जड़ से उखाड़ फेंके। उन्होंने मां बम्लेश्वरी को नमन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने विकास की एक ईंट नहीं रखी। जबकि छत्तीसगढ़ में विकास की हर ईंट पर भाजपा का नाम दर्ज है। कांग्रेस की जब भी सरकार आती है तो वह अपना भला करती है। भाजपा की सरकार आती है तो वह जन सेवा के लिए समर्पित होती है। उन्होंने कहा कि केंद्र में लंबे समय तक छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी सांसद रहे। लेकिन किसी ने भी छत्तीसगढ़ के विकास के लिये आवाज बुलंद नहीं की। यहां के लोगों की चिंता नहीं की। भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी ने अलग छत्तीसगढ़ राज्य बनाकर यहां के लोगों की चिंता की और छत्तीसगढ़ के विकास के लिए पैसों की कोई कमी नहीं होने दी।

2003 में छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी तो छत्तीसगढ़ की कायापलट करने का काम किया। अपने 15 साल के कार्यकाल में विकास की ऐसी इबारत लिखी जिसकी तारीफ देश -विदेश में हुई। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो कहते हैं, वह करते हैं। जो नहीं कहते, उसे भी वह करके दिखाते हैं। आज भारत पूरे विश्व में पांचवी बड़ी इकॉनामी बन गया है। दुनिया में भारत का हर क्षेत्र में डंका बज रहा है। देश के हर वर्ग के लोगों के लिये मोदी जी ने काम किया।

## चुनावी आदर्श आचार संहिता के लगते ही तहसीलदार और ग्राम पंचायत ने तोड़ा गरीब का घर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 30 अक्टूबर।** भूपेश सरकार द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा और अधिग्रहण को लेकर फरमान नियम कानून बनाया गया था कि सरकार को राजस्व में कुछ प्रतिशत जमा कर काबिज भूमि पर मालिकाना हक प्राप्त कर शासन से रजिस्ट्री करा सकते है जबकि भागचंद मांडले का उक्त काबिज भूमि रकबा पर 30 साल से कब्जा है ऐसे में यहाँ मामला कुछ उल्टा नजर आ रहा । मामला जनपद पंचायत डोंगरगढ़ व विधानसभा क्षेत्र डोंगरगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम सलटिकरी का है जहाँ पर पीड़ित भागचंद मांडले का कहना है कि गांव में अन्य ग्रामीणों के द्वारा आबादी भूमि पर कब्जा कर कृषि कार्य व मकान बाड़ी निर्माण



किया गया है ऐसे ही मैंने अपने परिवार की आवश्यकता को देखते हुए मेरे द्वारा 25 से 30 साल पूर्व काबिज आबादी भूमि पर मकान निर्माण कराया गया था । इसी बीच पंचायत द्वारा अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाते हुए ग्राम सभा प्रस्ताव के आधार पर गांव में जितने भी अवैध आबादी कबिजो को हटाने के लिए अतिक्रमण का फैसला लिया गया । इसी बीच विधानसभा चुनाव की बिगुल बजते ही आदर्श आचार संहिता के लगने के करीब करीब अतिक्रमण हटाने का फरमान ग्राम पंचायत द्वारा आनन फानन दुर्भावना वश तथाकथित कुछ लोगो के द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों की मनमानी के चलते नायब तहसीलदार द्वारा लायन ऑडर बताते हुए भागचंद का मकान पुलिस बल और नायब तहसीलदार विजय साहू की उपस्थिति में मकान तोड़ अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। जिस पर भागचंद मांडले ने आरोप लगाते हुए इसे दुरभवना और प्रशासनिक अधिकारी और राजनैतिक पावर का गलत इस्तेमाल करते हुए मकान तोड़ने का आरोप लगाया , बता दे इस बात की जानकारी पहले ही क्षेत्र के विधायक को भी पीड़ित व्यक्ति द्वारा दी गई थी बावजूद इसके किसी प्रकार से पीड़ित वर्ग की सुनवाई विधायक के द्वारा नही सुनी गई । उन्होनें यह भी आरोप लगाया की उसे निहः सहाय कमजोर वर्ग का जानकर मकान तोड़ दिया गया है । बहरहाल सोचने वाली बात यह है कि सामने विधानसभा चुनाव है ऐसे में ऐसी कार्यवाही का होना किस बात को प्रदर्शित करता है । क्या अतिक्रमण की कार्यवाही किसी अधिकारी को लाभ पहुचाने के उद्देश्य से की गई है । यदि अतिक्रमण अभियान चलाना था तो पूरे अतिक्रमण कारीयो को नोटिस दिया जाना था और पूरा अतिक्रमण हटाये जाने थे केवल भागचंद का ही मकान तोड़ कर प्रसासन और पंचायत ने अपनी मनमानी और प्रशानिक नियमो की अनदेखी कर अड़ियल रवैये को प्रदर्शित कर रही है ।

### वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता अपने मोबाइल पर ही देख सकते हैं अपना मतदान केन्द्र

**राजनांदगांव 30 अक्टूबर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के विधानसभा क्षेत्रों में मतदान 7 नवम्बर 2023 को किया जाएगा। मतदान के लिए मतदाताओं में काफी उत्साह है। ऐसे में मतदाता यह जानने के लिए उत्सुक होते हैं कि मतदान के लिए उनका कौन सा केन्द्र है, उनका नाम किस भाग संख्या अथवा क्रमांक पर है। ऐसी प्राथमिक जानकारी सहित कई अन्य जानकारियां अब मोबाइल फोन पर ही देखी जा सकती हैं। सुगम मतदान की दिशा में भारत निर्वाचन आयोग की वोटर हेल्पलाइन एप्प एक उपयोगी एप्लीकेशन है, जो आम मतदाताओं को उपयोगी जानकारी त्वरित गति से उपलब्ध कराने में कारगर साबित हो रही है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस दिशा में सतत प्रयास किया जाता है कि अपने मताधिकार का प्रयोग करने से कोई भी मतदाता वंचित न रहे। आयोग द्वारा वोटर हेल्पलाइन एप की शुरूआत इसी उद्देश्य से की गई है। मतदाताओं के लिए यह बहुउपयोगी एप एंड्रॉयड एवं आईओएस दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। इसमें मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डालकर बहुत ही आसानी से अपनी विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र सहित किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसमें प्रत्याशी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र भी देखा जा सकता है। इसके जरिए मतगणना दिवस को विधानसभावार परिणाम की अधिकृत जानकारी भी देखी जा सकती है। इस एप के माध्यम से निर्वाचन सम्बन्धी किसी भी प्रकार की शिकायत भी की जा सकती है। मतदाताओं की जागरूकता के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) के संचालन संबंधी वीडियो भी देखे जा सकते हैं।

### धामनसरा में गिरीश देवांगन धुआंधार प्रचार चल रहा



**राजनांदगांव 30 अक्टूबर।** गिरीश देवांगन धुआं धार गामीण क्षेत्र प्रचार प्रसार राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन के जनसम्पर्क आज धामनसरा सेक्टर के अंतर्गत ग्राम भोड़िया ढोड़िया धामनसरा उसरींबोड़ सुरगी सेक्टर मुड़पार आरला में ढोडिया धामनसरा मे बाजा के साथ गर्मजोशी स्वागत के साथ किया कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने देवांगन जी को इस बार राजनांदगांव से विधायक बनाने के लिए अपना वोट पंजा में देने के लिए भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में गिरिश देवांगन ने पांच साल मुख्य मंत्री भूपेश बघेल सरकार ने किसान हितैषी अनेकों कार्य किया तथा किसानो कर्जा माफ 2800धान खरीदी एक एकड़ में 20 किंव्टल धान खरीदी कक्षा पहली से ए एम तक निशुल्क शिक्षा समाजिक जनगणना गामीण इंदिरा आवास 18लाख परिवार को सहित हमारे घोषणा में रखा गया है पूर्व जिला पंचायत सुरेन्द्र दाऊ जिला पंचायत सदस्य अंगेशवर देशमुख रोहित चन्द्रकार उपाध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव मोती साहू जेल प्रभारी गोवर्धन देशमुख अध्यक्ष मंडी राजनांदगांव योगेन्द्र वैष्णव संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव तुकज साहू सदस्य मंडी रोशनी वैष्णव जनपद सदस्य ओमप्रकाश साहु अध्यक्ष किसान कांग्रेस डिलु साहू सरपंच देबु यादव लोकेश गंगवीर सरपंच कृत लाल पटेल उपसरपंच डामन वैष्णव जनक साहू चितरंगत साहू ओमप्रकाश साहू तारा साहू तीरथ साहू हेमंत साहू बुथ अध्यक्ष रितेश पटेल प्रेम लाल सेन चैन सिंह साहू सेक्टर प्रभारी आभार चुम्मन निषाद किया कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीण जन बड़ी जनसंख्या उपस्थित रहा।

## राहुल की घोषणाएं छत्तीसगढ़ के बेहतर भविष्य निर्माण के लिए की जाने वाली पहल: कांग्रेस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 30 अक्टूबर।** राजनांदगांव कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की जनसभा और उनकी घोषणाओं को जनहित और छत्तीसगढ़ के मजबूत भविष्य निर्माण के लिए की जाने वाली पहल बताते हुए कांग्रेस जिला प्रवक्ता राहुल तिवारी ने प्रदेश में कांग्रेस की बड़ी जीत का दावा किया है।

राहुल तिवारी ने कहा कि ङ्क आज कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की सभा में राजनांदगांव जिले की जनता ने दोबारा कांग्रेस की सरकार गढ़ने का संकल्प लिया है। जनसभा में उमड़ी भीड़ और लोगों के उत्साह ने साफ कर दिया है कि उन्हें कांग्रेस पर ही भरोसा है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले की चारों विधानसभा राजनांदगांव, डोंगरगढ़, डोंगरगांव और खुज्जी में कांग्रेस बड़ी जीत दर्ज करने जा ही है।

कांग्रेस की घोषणाओं को लेकर उन्होंने कहा कि - साढ़े 17 लाख आवास निर्माण, 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी, जातीय जनगणना और किसानों की ऋण माफी की घोषणाओं ने प्रदेश में आधारभूत संरचना के साथ ही आर्थिक और सामाजिक व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने के इरादे साफ कर दिए थे। इसके बाद राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने राजनांदगांव की सभा में 2 नए वादे किए हैं। राजनांदगांव में उन्होंने कहा कि, स्वास्थ्य बीमा की राशि को 5 लाख से बढ़ाकर



10 लाख रुपए किया जाएगा। इसके अलावा मजदूरों को हर साल दी जाने वाली 7 हजार रुपए की राशि को भी बढ़ाकर 10 हजार रुपए किया जाएगा। इससे पहले उन्होंने केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा, तेंदुपत्ता संग्राहक परिवारों को चार हजार का सलाना बोनस, लघु वनोपजों के समर्थन मूल्य पर अतिरिक्त 10 रुपए का बोनस दिए जाने की घोषणा वे पहले ही कर चुके हैं।

जिला प्रवक्ता राहुल तिवारी ने कहा कि ङ्क कांग्रेस की इन घोषणाओं से प्रदेश के नागरिकों को अतिरिक्त आमदनी हासिल होगी, उनके बच्चों को मुफ्त शिक्षा और बेहतर भविष्य मिलेगा। जातीय जनगणना से व्यवस्थित आरक्षण प्रणाली और अवसर गढ़े जाएंगे। किसानों को उनकी फसल का बढ़ा हुआ दाम मिलेगा। उनपर कर्ज का बोझ भी नहीं होगा। कुल मिलाकर इससे एक नया और सशक्त छत्तीसगढ़ गढ़ा जाएगा। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि 7 नवंबर को होने चुनाव में कांग्रेस के पंजा छाप को ही चुनें।

## राहुल गांधी को राजनांदगांव को बताना चाहिए बीएनसी मिल क्यों नहीं खुला:मधुसूदन यादव

**राजनन्दगाँव 30 अक्टूबर ।** चुनावी समय मे पिछले चुनाव की तरह राहुल गांधी फिर राजनन्दगाँव आ रहे है,तो इस बार जब वो सभा करेंगे तो उन्हें राजनन्दगाँव की जनता को बताना चाहिए कि 8 नवंबर 2018 को घोषणा पत्र जारी करते समय कहा था कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनेगी तो बंद हो चुकी बी एन सी मिल्स को प्रारंभ करेंगे। पूर्व सांसद श्री मधुसुदन यादव ने कहा कि जनता ने उनके वायदों पर भरोसा करके छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार भी बना दी, किन्तु आपके वायदे के अनुरूप बीएनसी मिल्स नही खुला ,अब जब आप आ रहे है तो इसका जवाब भी दे कर जाना कि क्यों नही खुला ,आपने राजनंदगांव की जनता को क्यों भ्रमित किया उनसे झूठ क्यों बोला? क्योंकि राजनंदगांव की जनता अपने को ठगा महसूस कर रही है ,और उसमें भी राजनंदगांव की जनता के मर्म पर नमक छिड़कने के लिए बीएनसी मिल्स के स्थान पर जुट उधोग स्थापित करने की घोषणा की वह भी नही हो सका इसलिए राहुल गांधी और भपेश बघेल को राजनंदगांव की जनता से माफी मांगते हुए स्पस्टीकरण देना होगा कि उन्होंने झूठा वायदा क्या वोट प्राप्त करने के लिए किया था । यादव ने कहा कि वर्षो तक राजनंदगांव की जनता को कांग्रेस के लोग बीएनसी मिल्स के बंद होने के कारणों को लेकर भ्रमित करते रहे है सत्य को उन्होंने कभी बताया नही ,आप आ रहे है तो सत्य को आपके सामने मैं उजागर करता हूँ ताकि आप लोग भ्रमित करना छोड़ दे,श्री यादव ने कहा कि राज्यसभा में मोतीलाल वोरा जी का प्रश्न क्रमांक 2294 दिनांक 9 दिसंबर 2009 में तत्कालीन वस्त्र मंत्रालय पानाबाक़ी लक्ष्मी ने जानकारी दी थी कि मनमोहन सिंह जी के वित्त मंत्री रहते और नरसिम्हाराव जी के प्रधानमंत्री काल मे एक बीआईएफआर पालिसी बनाई गई थी जिसके तहत एनटीपीसी के रुग्ण एवम बीमार उधोगों को आर्थिक सहायता देकर उनका पुनरुद्धार किया जाए और उस आर्थिक सहायता के बावजूद भी यदि कोई मिल्स घाटे में रहे तो उसे हमेशा के लिए बंद कर दिया जाए, इसी पालिसी के तहत राजनंदगांव की बीएनसी मिल्स समेत देश की 78 एनटीपीसी की मिल्स को बंद करने का निर्णय लिया गया जिसमे छत्तीसगरढ़ समेत तत्कालीन मध्यप्रदेश में उज्जैन और इंदौर की भी एनटीपीसी के मिल्स को बंद कर दिया गया।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान सामग्री के वितरण एवं वापसी की पूरी व्यवस्था करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 30 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स की बैठक ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को मतदान सामग्री के वितरण एवं वापसी की पूरी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही संगवारी मतदान केन्द्रों, दिव्यांग मतदान केन्द्रों एवं युवा मतदान केन्द्रों के मतदान अधिकारियों की उपस्थिति तथा मतदान सामग्री के वितरण एवं वापसी के लिए अलग से काउंटर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्रांग रूम से मतदान पेटियों एवं सामग्री वितरण और वापसी के लिए बेरिकेटिंग करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग योग्यजन मतदाताओं का चिन्हांकन कर लिया गया है। जिनका होम वोटिंग



कराया जाना है। होम वोटिंग के लिए मतदान दल का गठन किया जाएगा। जिसकी सूचना संबंधित को होम वोटिंग के पूर्व दे दी जाएगी। उन्होंने कहा कि होम वोटिंग की गोपनीयता एवं निष्पक्षता का विशेष ध्यान देना है। मतदाता से पहचान पत्र जरूर लेना है। इस कार्य में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने होम वोटिंग के संबंध में मतदान दल को विशेष प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा में संगवारी मतदान केन्द्र बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिला मतदान अधिकारियों द्वारा संगवारी मतदान केन्द्रों में मतदान कराया जाएगा। उन्होंने संगवारी मतदान केन्द्रों के लिए महिला मतदान अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण देने के निर्देश मास्टर ट्रेनर्स को देने कहा। उन्होंने कहा कि संगवारी मतदान केन्द्रों में सभी कर्मचारी महिलाएं ही होंगी। वहां मतदान सामग्री प्राप्त करने से लेकर वापसी तक मतदान से संबंधित संपूर्ण कार्य महिला कर्मचारियों को ही करना होगा। उन्होंने निर्वाचन अभिकर्ता को भी प्रशिक्षण देने कहा। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र में मोबाईल फोन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं की मदद के लिए स्काउट एवं एनसीसी के विद्यार्थियों को सहयोग में लाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग का कार्य किया जाएगा। मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग के लिए कैमरा का इन्टालेशन चिन्हांकित मतदान केन्द्रों में किया जा रहा है। इसके लिए निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के आधार पर कार्य करने के निर्देश दिए।

### सुरक्षा अभियान के तहत वाहनों की चेकिंग की जा रही



**राजनांदगांव 30 अक्टूबर।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के उद्देश्य से जिले के सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में लगातार वाहनों की चेकिंग किया जा रहा है। जिस पर दिनांक 27.10.2023 को ओपी सुरगी पुलिस द्वारा नं0 प्लेट पर कार्यवाही 02 प्रकरण, मौके पर कागजात पेश न करने के 10 प्रकरण, थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा नं. प्लेट पर कार्यवाही 02 प्रकरण, प्रेशर हॉर्न के 16 प्रकरण, तीन सवारी के 14 प्रकरण, घुमका पुलिस द्वारा प्रेशर हॉर्न के 01 प्रकरण, ओपी तुमडीबोड़ पुलिस द्वारा प्रेशर हॉर्न के 01 प्रकरण, मौके पर कागजात पेश न करने के 03 प्रकरण, थाना लालबाग पुलिस द्वारा प्रेशर हॉर्न के 04 प्रकरण, थाना सोमनी पुलिस द्वारा तीन सवारी के 10 प्रकरण, ओपी मोहारा पुलिस द्वारा प्रेशर हॉर्न के 07 प्रकरण, ओपी चिचोला पुलिस द्वारा प्रेशर हॉर्न के 06 प्रकरण, थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा मौके पर कागजात पेश न करने पर 02 प्रकरण, तीन सवारी के 12 प्रकरण, थाना कोतवाली पुलिस द्वारा नं0 प्लेट के 06 प्रकरण, प्रेशर हॉर्न के 02 प्रकरण, तीन सवारी के 04 प्रकरण, ओपी चिखली पुलिस द्वारा नं0 प्लेट के 07 प्रकरण, यातायात शाखा राजनांदगांव पुलिस द्वारा नं0 प्लेट पर कार्यवाही 55 प्रकरण, प्रेशर हॉर्न के 27 प्रकरण, ब्लैक फिल्म के 01 प्रकरण पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई और यातायात नियमों का पालने करने हेतु समझाईस दी गई। विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने हेतु यातायात नियमों का उल्लघंटन करने वालों के विरूद्ध यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के कारण छग में फिर बनेगी भरोसे की सरकार:गिरीश

**राजनांदगांव 30 अक्टूबर।** कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन अपने सघन जनसंपर्क के दौरान ग्राम इंदावानी में आम जनता से रूबरू होकर 15 वर्षीय असक्षम नेतृत्व को हटाने के लिए अपने पक्ष में समर्थन मांगते हुए कहा कि जिस प्रकार से 15 वर्षीय भाजपा के कुशासन में उनके खुद के विधानसभा राजनांदगांव के किसानों के सुखा राहत के पैसे का गबन करने का काम रमन सिंह के साथ संरक्षण में हुआ वही योजनाओं में जिस प्रकार बंदर बांट भाजपा ने किया वह छ ग की संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भाजपा की भ्रष्टाचारी सरकार रमन सिंह के नेतृत्व में अस्त-व्यस्त कर दिए थे 2018 में कांग्रेस सरकार आने के बाद ग्रामीण अर्थव्यवस्था को जिस प्रकार



से मजबूती प्रदान की गई और सीधे जनता के जेब में पैसा डाला गया और ग्रामीण स्तर पर ही रोजगार के संसाधन उपलब्ध कराए जिसके कारण छत्तीसगढ़ में खुशहाली का वातावरण निर्मित हुआ और भूपेश बघेल जी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के कुशल प्रबंधन के कारण 40 लाख परिवार गरीबी रेखा से ऊपर आए जिसका प्रमाण नीति आयोग ने अपने रिपोर्ट में दिया है और तो और छत्तीसगढ़ की सरकार ने ऐसी योजनाएं धरातल पर लागू की जिसे देश भर में सराहा गया और केंद्र की भाजपा सरकार ने भी उसे पुरस्कृत कर छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं के साथ योजनाओं के क्रियांवयन के लिए प्रदान किया है भाजपा ने किसानों को युवाओं को महिलाओं को सिर्फ ठग कर अपने राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति करने में लगे रहे। रमन राज की ऐसी एक भी योजना नहीं जो भ्रष्टाचार की भेंट नहीं चढ़ी हो सिर्फ निर्माण कार्य कमीशन बाजी के होती थी तभी रमन सिंह भाजपाइयों से कमीशन ना लेने की अपील करते रहे। प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष भागवत साहू, अंगेश्वर देशमुख, घनश्याम देवांगन, गोवर्धन देशमुख, अजय मारकंडे, रोहित चंद्राकर, मानव देशमुख, सुलोचना मारकंडे, पिंकू साहू सहित ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित सभी विंगों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दल चुनाव जीतने के लिए वादे करते हैं। वादों का मतलब होता है कि सरकार बनने के बाद सरकार राज्य व राज्य के लोगों के लिए क्या काम प्रमुखता से करेगी। दलों के वादों का महत्व चुनाव में इसलिए भी होता है कि इस आधार पर जनता तय करती है कि उसके लिए सबसे अच्छा काम करने का वादा किस दल ने किया है, वह कई दलों के बीच में से उस दल को चुनती है जो उसके लिए सबसे ज्यादा व अच्छा काम करता है। किसी भी सरकार का पहला उद्देश्य यही होता कि वह जनता व राज्यहित में अच्छा काम करे। कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी घोषित करने के बाद एक के बाद एक अहम घोषणाएं कर बाकी सभी दलों से बढ़त ले ली है। बाकी दल कांग्रेस के घोषणापत्र का इंतजार कर रहे हैं कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में क्या क्या है। वह कांग्रेस के घोषणा पत्र के बाद अपना घोषणा पत्र सामने लाना चाहते हैं ताकि कांग्रेस ने जैसी घोषणाएं की है, वैसी न सही उसी तरह घोषणाएं कर जनता को यकीन दिला सके कि वह भी जनता के हित में क्या कुछ कर सकते हैं। कांग्रेस ने होशियारी यह की है कि उसने अपना घोषणा पत्र तो जारी नहीं किया है लेकिन अपने प्रमुख चुनावी वादे घोषणाओं के जरिए कर दी है। कांग्रेस ने राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ प्रवास के पहले चार प्रमुख घोषणाएं कर दूसरे दलों से बढ़त बना ली थी। यह चार घोषणाएं है किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा, प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी जाएगा।17 लाख लोगों को आवास बनाकर दिया जाएगा, जातीय जनगणना कराई जाएगी। सीएम भूपेश बघेल ने कहा था कि एक दो प्रमुख घोषणाएं राहुल गांधी सभा के दौरान करेंगे। राहुल गांधी ने बस्तर में अपनी सभा में दो प्रमुख घोषणाएं की है। एक है छत्तीसगढ़ में केजी से पीजी तक शिक्षा मुफ्त होगी,

## संपादकीय

# केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा का वादा

तेंदूपत्ता संग्राहकों को सालानी चार हजार रुपए बोनस दिया जाएगा। वनोपज के समर्थन मूल्य से दस रुपए अधिक दिया जाएगा। यह दोनों घोषणाएं राज्य के लोगों के लिए अहम हैं। क्योंकि लोग तो यह चाहते हैं कि राज्य में शिक्षा व स्वास्थ्य की सुविधा मुफ्त होनी चाहिए। उसका कोई पैसा लोगों से नहीं लिया जाना चाहिए। राज्य में स्वास्थ्य सुविधा तो निशुल्क हो गई थी क्योंकि राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं के कारण लोगों का लाखों का इलाज निशुल्क होता है। यह पैसा अस्पतालों को राज्य व केंद्र सरका देती है। शिक्षा में लोग चाहते थे कि केजी से पीजी तक शिक्षा मुफ्त होनी चाहिए। क्योंकि केजी से बारहवीं तक तो शिक्षा एक दो दशक में सराकरी स्कूलों में सस्ती हुई है लेकिन कुछ क्लासों में एडमिशन व परीक्षा के लिए तो पैसा लिया ही जाता था। गरीब घरों के बच्चे वह भी नहीं दे पाने के कारण आठवी के पास पढ़ाई छोड़ देते थे या घर वाले ही पढ़ाने से मना कर देते थे। अब जब केजी से पीजी तक शिक्षा निशुल्क हो जाएगी तो बारहवीं तक तो बच्चे आसानी से पढ़ ही सकेंगे, जो बच्चे बारहवीं के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहेंगे वह भी पढ़ाई कर सकेंगे। राहुल गांधी की केजी से पीजी से निशुल्क शिक्षा से राज्य में शिक्षा को बढ़वा मिलेगा। आने वाले दिनों में पहले से ज्यादा स्नातक व पीजी पास करने वाले युवा राज्य में होंगे। इसके लिए जरूरी है कि सरकार को रोजगरा की व्यवस्था भी करनी होगी। यदि राज्य में शिक्षा का व्यव्स्था बेहतर होगी और रोजगार की व्यव्स्था नहं होगी तो युवाओ के लगेगा कि उनकी पढ़ाई का कोई मतलब नहीं रहा। यानी उच्च शिक्षा प्राप्त युवा की संख्या आने वाले दिनों में बढ़ेगी। यह तो इसका निशुल्क शिक्षा का सकारात्मक पहलू। इसका नकारात्म पहलू यह है कि राज्य के स्कूलों व कालेजों में छात्रों की संख्या बढ़ेगी। सरकार कोज्याद स्कूल कालेज खोलने पड़ेगे,राज्य में शिक्षित युवाओं की संक्या बढ़ेगी, शिक्षित बेरोजगार युवाओं की संख्या बढ़ेगी। ज्यादा शिक्षित युवाओं को भत्ता देना पड़ेगा। इसी के साथ राज्य में सरकार पर शिक्षा का खर्च भी बढ़ जाएगा क्योंकि शिक्षा मुप्त होने के कारण जो पैसा जनता से आता था वह नहीं आएगा। शिक्षा का पूरा खर्च सरकार को ही उठाना पड़ेगा।

# लौहपुरुष एवं भारत के बिस्मार्क थे सरदार पटेल


**जन्म जयन्ती**

**ललित गर्ग**



**सरदार पटेल गृहमंत्री के पद पर रहते हुए जहां पाकिस्तान की छद्म व चालाकीपूर्ण चालों से सतर्क थे वहीं देश के विघटनकारी तत्वों से भी सावधान करते थे। विशेषकर वे भारत में मुस्लिम लीग तथा कम्युनिस्टों की विभेदकारी तथा रूस के प्रति उनकी भक्ति से सजग थे।**

अदम्य उत्साह, असीम शक्ति एवं कर्मठता से नवजात भारत गणराज्य की प्रारम्भिक कठिनाइयों का समाधान कर विश्व के राजनीतिक मानचित्र पर एक अमिट आलेख लिखने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल को भारत के लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है। राष्ट्रीय आंदोलन से लेकर आज़ादी के बाद भी, सरदार पटेल का योगदान अविस्मरणीय है। महात्मा गांधी ने उन्हें सरदार की उपाधि दी थी। उनकी अखण्ड भारत को लेकर जितनी बड़ी कल्पनाएं थी, जितने बड़े सपने थे, उसी के अनुरूप लक्ष्य बनाये और उतने ही महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक किये। इसलिये उन्हें भारत के बिस्मार्क के रूप में भी जाना जाता है। भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन एवं आजादी के बाद आधुनिक भारत को वैचारिक एवं



क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने, 562 रियासतों का एकीकरण कर संगठित राष्ट्र निर्मित करने के कारण पटेल ने राजनीतिक इतिहास में एक गौरवपूर्ण, ऐतिहासिक एवं स्वर्णिम स्थान प्राप्त किया। वास्तव में वे आधुनिक भारत के शिल्पी थे। भारत की माटी को प्रणम्य बनाने एवं कालखंड को अमरता प्रदान करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सरदार पटेल के कठोर व्यक्तित्व में बिस्मार्क जैसी संगठन कुशलता, कौटिल्य जैसी राजनीति दूरदर्शिता तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अब्राहम लिंकन जैसी अटूट निष्ठा थी। राजनीतिक कारणों से इस लोकपुरुष को उतना गौरवपूर्ण स्थान नहीं मिला, जितना अपेक्षित था। लेकिन नरेन्द्र मोदी ने इस कमी को पूरा करते हुए इतिहास-पुरुष पटेल की जन्म दिवस प्रतिवर्ष देशभर के सरकारी-गैर सरकारी संस्थानों, विश्वविद्यालयों और स्कूलों में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाये जाने की परम्परा का सूत्रपात किया। उनकी जयंती के मौके पर गुजरात के केवड़िया में उनकी 182 मीटर ऊंची मूर्ति ÷स्टेच्यू ऑफ़ यूनिटी÷ राष्ट्र को समर्पित की गई है जोकि ÷देश की एकता में उनके योगदान÷ को इंगित करती है। वास्तव में, सरदार पटेल होना आसान नहीं है। पटेल एक मज़बूत, अडिग और दृढ़ संकल्पित व्यक्तित्व के धनी थे, भारत के देशभक्तों में एक अमूल्य रत्न थे एवं आधुनिक भारत के शक्ति स्तम्भ थे। आत्म-त्याग, अनवरत सेवा तथा दूसरों को दिव्य-शक्ति की चेतना देने वाला उनका जीवन सदैव प्रकाश-स्तम्भ की अमर ज्योतित रहेगा। वे मन, वचन तथा कर्म से एक सच्चे भारतीय एवं भारतीयता के प्रतीक पुरुष थे। वे वर्ण-भेद तथा वर्ग-भेद के कट्टर विरोधी थे। वे अन्तःकरण से निर्भीक थे। अद्भुत अनुशासन प्रियता, अपूर्व संगठन-शक्ति, शीघ्र निर्णय लेने की क्षमता एवं अनूठी प्रशासनिक क्षमता उनके चरित्र के अनुकरणीय अलंकरण थे। कर्म उनके जीवन का साधन था। संघर्ष को वे जीवन की व्यस्तता समझते थे। गांधीजी के कुशल नेतृत्व में सरदार पटेल का स्वतन्त्रता आन्दोलन में योगदान उत्कृष्ट एवं महत्त्वपूर्ण रहा है। सरदार पटेल का जन्म गुजरात के नडियाद (ननिहाल) में 31 अक्टूबर 1875 को हुआ। उनका पैतृक निवास स्थान गुजरात के खेड़ा के आनंद तालुका में करमसद गांव था। वे अपने पिता झवेरभाई पटेल तथा माता लाडबा देवी की चौथी संतान थे। उनका विवाह 16 साल की उम्र में झावेरबा पटेल से हुआ। उन्होंने नडियाद, बड़ौदा व अहमदाबाद से प्रारंभिक शिक्षा लेने के उपरांत इंग्लैंड मिडल टैंपल से लॉ की पढ़ाई पूरी की एवं 22 साल की उम्र में जिला अधिवक्ता की परीक्षा उत्तीर्ण कर बैरिस्टर बनें। वे कितने मेधावी थे इसका अनुमान इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि 1910 में वे पढ़ाई के लिए इंग्लैंड गए और लॉ का कोर्स उन्होंने आधे वक्त में ही पूरा कर लिया। वे भारत लौट आए और स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान देने लगे। सरदार पटेल ने अपना महत्वपूर्ण योगदान 1917 में खेड़ा किसान सत्याग्रह, 1923 में नागपुर झंडा सत्याग्रह, 1924 में बोरसद सत्याग्रह के उपरांत 1928 में बारडोली सत्याग्रह में देकर अपनी राष्ट्रीय पहचान कायम की।सरदार पटेल का व्यक्तित्व विवादास्पद रहा है। प्रायः उन्हें 'असमझौतावादी'', 'पूँजी समर्थक', 'मुस्लिम विरोधी', तथा 'वामपक्ष विरोधी' कहा जाता है। पटेल की राजनीतिक भूमिका, योगदान तथा चिंतन का सही विश्लेषण किया जाना एवं उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को लेकर पैदा की गयी भ्रान्तियाँ दूर कर पक्षपातों तथा पूर्वाग्रहों से रहित वास्तविक तथ्यों को उजागर किये जाने के प्रयास अपेक्षित है। उनके राजनीतिक जीवन से सम्बन्धित उपेक्षित या छिपे हुए महत्त्वपूर्ण तथ्यों को सामने लाकर उसका आलोचनात्मक विश्लेषण किया जाये, ताकि भारत के स्वतंत्रता संग्राम एवं आधुनिक भारत के निर्माण के प्रारंभिक इतिहास का वास्तविक स्वरूप सामने आये। निःसंदेह सरदार पटेल द्वारा 562 रियासतों का एकीकरण विश्व इतिहास का एक आश्चर्य था। भारत की यह रक्तहीन क्रांति थी। 1947 में भारत को आजादी तो मिली लेकिन बिखरी हुई। इतनी रियासतें थीं, कुछ बेहद छोटी तो कुछ बड़ी। ज्यादातर राजा भारत में विलय के लिए तैयार थे। लेकिन, कुछ ऐसे भी थे जो स्वतंत्र रहना चाहते थे। यानी ये देश की एकता के लिए खतरा थे। सरदार पटेल ने इन्हें बुलाया और समझाया। वे मानने के लिए तैयार नहीं हुए तो पटेल ने सैन्य शक्ति का इस्तेमाल किया। सरदार पटेल ने फरीदकोट के नक्शे पर अपनी लाल पैंसिल घुमाते हुए केवल इतना पूछा कि 'क्या मर्जी है?' राजा कांप उठा। आज एकता के सूत्र में बंधे भारत के लिए देश सरदार पटेल का ही ऋणी है। लक्षद्वीप समूह को भारत में मिलाने में भी पटेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। महात्मा गांधी ने सरदार पटेल के बारे में लिखा था, 'रियासतों की समस्या इतनी जटिल थी जिसे केवल तुम ही हल कर सकते थे।' कहा जाता है कि एक बार उनसे किसी अंग्रेज ने इस बारे में पूछा तो सरदार पटेल ने कहा- मेरा भारत बिखरने के लिए नहीं बना। फ्रैंक मोराएस ने लिखा भी है- ''एक विचारक आपका ध्यान आकर्षित करता है, एक आदर्शवादी आदर का आह्वान करता है, पर कर्मठ व्यक्ति, जिसको बातें कम और काम अधिक करने का श्रेय प्राप्त होता है, लोगों पर छा जाने का आदी होता है, और पटेल एक कर्मठ व्यक्ति थे।''

निःसंदेह स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री व गृहमंत्री सरदार पटेल भारतीय स्वाधीनता संग्राम के अग्रणी योद्धा व भारत सरकार के आधार स्तंभ थे। वे ही भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बनने वाले थे, लेकिन जवाहरलाल नेहरू की हठ एवं गांधी के कहने पर पटेल पीछे हटे। आजादी से पहले भारत की राजनीति में इनकी दृढ़ता और कार्यकुशलता ने इन्हें स्थापित किया और आजादी के बाद भारतीय राजनीति में उत्पन्न विपरीत परिस्थितियों को देश के अनुकूल बनाने की क्षमताओं ने सरदार पटेल का कद काफी बड़ा कर दिया। सरदार पटेल गृहमंत्री के पद पर रहते हुए जहां पाकिस्तान की छद्म व चालाकीपूर्ण चालों से सतर्क थे वहीं देश के विघटनकारी तत्वों से भी सावधान करते थे। विशेषकर वे भारत में मुस्लिम लीग तथा कम्युनिस्टों की विभेदकारी तथा रूस के प्रति उनकी भक्ति से सजग थे। यदि पटेल के कहने पर चलते तो कश्मीर, चीन, तिब्बत व नेपाल के हालात आज जैसे न होते। पटेल सही मायनों में मनु के शासन की कल्पना थे। उनमें कौटिल्य की कूटनीतिज्ञता तथा महाराज शिवाजी की दूरदर्शिता थी। वे केवल राजनीति के सरदार ही नहीं बल्कि भारतीयों के हृदय के सरदार थे। यदि पटेल की बात मानी गई होती तो 1961 तक गोवा की स्वतंत्रता की प्रतीक्षा न करनी पड़ती। गृहमंत्री के रूप में वे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने भारतीय नागरिक सेवाओं (आई.सी.एस.) का भारतीयकरण कर इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवाएं (आई.ए.एस.) बनाया। अंग्रेजों की सेवा करने वालों में विश्वास भरकर उन्हें राजभक्ति से देशभक्ति की ओर मोड़ा। यदि सरदार पटेल कुछ वर्ष जीवित रहते तो संभवतः नौकरशाही का पूर्ण कायाकल्प हो जाता। पडौसी देशों एवं कश्मीर की समस्या भी इतनी लम्बी नहीं होती। क्योंकि सरदार पटेल शास्त्रों के नहीं, शस्त्रों के पुजारी थे। पटेल अखण्ड एवं सुदृढ़ भारत का सपना देखते थे।

## आज का राशिफल

मेष -आज का दिन आपका अच्छा रहेगा। आज किसी काम को लेकर बाहर की यात्रा आदि में जाना पड़ सकता है। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में कोई नई डील या पार्टनरशिप आज हो सकती है। परिवार में मांगलिक कार्य के योग बनेंगे। कोई नया मेहमान परिवार में आ सकता है।

वृषभ -आज का दिन आपका कोई रुका हुआ कार्य पूर्ण होगा। जिस कारण मन प्रसन्न रहेगा। आज स्वास्थ्य में थोड़ी गिरावट महसूस होगी। व्यापार-व्यवसाय में लाभ के योग बन रहे हैं। परिवार में मेहमानों का आना होगा। पत्नी और बच्चों के साथ शॉपिंग और बाहर घूमने जा सकते हैं।

मिथुन -आज का दिन आपका उतार-चढ़ाव वाला रह सकता है। आज न चाहते हुए भी आपको कोई बड़ा डिसीजन फैमिली को लेकर लेना पड़ सकता है, इससे आपका मन भी दुखी रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में विरोधी काम बिगाड़ सकते हैं। स्वास्थ्य में कुछ परेशानी महसूस होगी पत्नी से मतभेद बने रहेंगे।

कर्क -आज आप अंदर से अपने आप को काफी मजबूत महसूस करेंगे, जिस कारण आपके विरोधी भी आपका सामना नहीं कर पाएंगे। आज आप अपने दम पर अपना कोई पुराना काम पूर्ण करेंगे। परिवार में मांगलिक कार्यों के योग बनेंगे। व्यापार-व्यवसाय में आज बड़ा आर्थिक लाभ आपको मिल सकता है। आज वाहन आदि खरीदने का मन आप बना सकते हैं।

सिंह -आज का दिन आपके लिए कोई नई बड़ी सौगात लेकर आ सकता है। परिवार में किसी को पदोन्नति मिल सकती है, जिस कारण मन प्रसन्न रहेगा। आय के स्रोत में इजाफा होगा। वाणी पर संयम रखें व वाद-विवाद से दूर रहें। पत्नी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशानियां महसूस होगी।

कन्या -आज आप किसी बड़े कार्य में साझेदार बन सकते हैं, जिसमें आपको बड़ा लाभ प्राप्त होगा। साथ ही आज कोई पुराना मित्र आपसे मिल सकता है। जिसके मिलने से आपका मन प्रसन्न होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। साथ ही पत्नी से चल रहे मतभेद आज दूर होंगे। बच्चों की पढ़ाई की चिंता बनी रहेगी।

तुला-आज आपका मन कुछ अशांत रह सकता है। स्वास्थ्य को लेकर भी आज कुछ परेशानी महसूस होगी। आज आप पारिवारिक किसी झगड़े में फंस सकते हैं, जिस कारण आपको अपमानित होना पड़ सकता है। व्यापार-व्यवसाय में गिरावट की स्थिति महसूस होगी। पत्नी का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। मित्रों से आर्थिक मदद लेना पड़ सकता है।

वृश्चिक-आज आपका मूड किसी कारण खराब रहेगा। परिवार में किसी अपने का दुखद समाचार प्राप्त होगा। साथ ही आपका किसी मित्र से झगड़ा हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय में किसी पर विश्वास करना आपके लिए बड़ा नुकसानदायक रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में परिवर्तन ना करें। पत्नी के साथ कहीं बाहर जाने का प्लान बन सकता है।

धनु-आज आपके मन में किसी नए काम की कार्य योजना बन सकती है, जिसके लिए आप अपने मित्र और संबंधियों से आर्थिक मदद मांग सकते हैं। आज आपके द्वारा सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे। साथ ही परिवार में मांगलिक कार्य के योग बनेंगे। आप कहीं बाहर की यात्रा पर जा सकते हैं। पत्नी और बच्चों के स्वास्थ्य में कुछ गिरावट महसूस होगी।

मकर-आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण होने वाला है, जिससे आपको सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में बड़ा सम्मान मिल सकता है। व्यापार-व्यवसाय में किसी बड़े व्यक्ति के साथ समझौता हो सकता है। साथ ही पुराने किसी विवाद में न्यायालय पक्ष से आपको विजय प्राप्त होगी। परिवार में माहौल अच्छा रहेगा। पत्नी और बच्चों के लिए आज स्थान परिवर्तन करना पड़ सकता है।

कुंभ-आज आप काम की तलाश में कहीं बाहर की यात्रा कर सकते हैं, जिसमें किसी विशिष्ट व्यक्ति से मिलना होगा। आज आपको सफलता मिलने में संदेह है। आपके पुराने व्यवसाय में आपको नुकसान हो सकता है। परिवार में किसी अपने को खो सकते हैं। पत्नी और बच्चों का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

मीन-आज आप किसी विशेष व्यक्ति के संपर्क में आने से बड़ा लाभ अर्जित कर सकते हैं। सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में आपको बड़ा पद या दायित्व मिल सकता है। जिस कारण आपका कद बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय में किसी नए काम की शुरुआत आज आप कर सकते हैं। प्रॉपर्टी में बड़े निवेश करने का आज आपका मन बन सकता है। साथ ही पत्नी और बच्चों के लिए शॉपिंग आज आप कर सकते हैं।

## व्यंग्य

# राष्ट्रीय खाद्यः धोखा

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

हमारा देश एक खाऊ देश है। हम न दिखने वाले दुख से लेकर चारा तक खा लेते हैं। बड़ी-बड़ी बिल्डिंगें तो कभी चलते-फिरते चने की तरह जेसीबी तक खा लेते हैं। बात खाने की हो तो हम लोग धोखे को लेकर बहुत संवेदनशील होते हैं। टॉफी, पिपरमेंट नहीं मिलने पर जिस तरह बच्चा हायतौबा मचाता है वैसा ही धोखा को लेकर नेता तैयार रहते हैं। दुनिया वाले, जो भी हमारी खबरे देखते सुनते हैं, मानते हैं कि हम एक धोखा-खाऊ देश हैं। कभी हमें दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र समझा जाता था, अब हम सबसे बड़े धोखाखाऊ हैं। धोखाप्रेमी जल्द ही धोखा को राष्ट्रीय खाद्य घोषित करवाने के लिए प्रगति मैदान में नेताओं को धो (धोकर) खा (खाना) खाने के लिए तैयार रहने का अल्टीमेटम जारी किया है। नेताओं को भी समझ में आ गया कि जनता को अच्छी सड़के मिले न मिलें, विकास हो न हो, रोटी भी मिले न मिले, धोखा जरूर देना चाहिए। जब तक धोखा मिलता है जनता वोट देने के लिए आतुर रहता है, धोखा नहीं मिले तो भगवान सा फील करने लगती है। धोखा है तो नेता हैं, धोखा गायब तो समझो कि नेता भी गायब। युगों-युगों से धोखा खाने वाले धोखाखाऊ की संतति फुसफुसाती है कि जनता को धोखा खाने में व्यस्त रखो और खुद अपने 'खाने' का अवकाश निकाल लो। इसी का नाम धोखानीति है। समझने वाले समझ गए हैं ना समझे वो धोखाथूकू है। धोखे में जादुई गुण होते हैं। बंदे लोगों से मिलें और उन्हें धोखे का मज़ा चखने को न मिले तो सार्वजनिक बेचैनी और घबराहट के दौरे पड़ने लगते हैं। बिन धोखा जीवन नीरस लगने लगता है। एक तरह के रुटीन वाले जीवन से मन ऊब न जाए इसलिए हर व्यक्ति धोखे को ऐसे याद करता है जैसे श्राद्ध पर गुजरों को याद करते हों। वो तो अच्छा है कि अभी पंडितों ने धोखा पुराण नहीं लिखा वरना गली गली धोखाराधना की कथा के आयोजन होने लगते। भक्तगण धोखाप्रदोष का व्रत रखते और पंडितजी 'दूधो नहाओ, पूतो फलो' की जगह 'धोखे खूब खाओ, नए नए अनुभव पाओ' के आसिस देते। जनता बड़ी चालाक होती है। धोखा अधिक हुआ तो वो धोखा खाने से संभल जाते हैं। भ्रष्टाचार-लूटखोर, बलात्कारी नेता में अपना जात-पात, धर्म, भाषा देखकर संतुष्ट हो जाती है और मस्त सो जाती है। इधर बेचारे अमीर आदमी को अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई को धोखे के नाम पर स्वाहा करना पड़ता है। आप कहेंगे कि वो तो धोखा देने वाले होते हैं, धोखे की सांस लेते हैं, धोखे का गुणगान करते हैं, फिर उन्हें कौन धोखा दे सकता है। तो भई जान लो, यह सब बैंक का



होता है, लोन देती है बैंकें, बुला बुला के देती है, परंतु धोखा उन्हें उनकी जेब से लेना पड़ता है। बैंकों को जैसे ही समझ पड़ेगी वो गरीब जनता की पूँजी अमीरों के जेब में डालने के लिए धोखाखाऊ नई-नई स्कीम चलाएगी। दीनहीन अमीर बेचारे! आदत नहीं उन्हें धोखा खाने की। फेरी वाला जब धोखा खाता है तो उनकी आत्मा अंदर से चीख उठती है- 'धोखा मिल रहा है, धोखा देख रहे हैं, सरकार धोखा खिलाऊ है ! अगर यही हाल रहा तो देख लेगें अगले चुनाव में। लेकिन बहुत कम लोगों को ध्यान आता है कि चुनाव वाले दिन ये लोग घर में बैठे धोखा खाते रहते हैं और वोट डालने जाते ही नहीं हैं। इधर भगवान किसान के साथ सांप-सीढ़ी का खेल खेलता रहता है। धोखा समर्थन मूल्य वाला बीज मिला कि नहीं किसान अपने सारे खेतों में धोखा समर्थन मूल्य वाले बीज बो देता है। फिर जो होता है वह हम जानते ही हैं। ऐसी खेती करने के लिए पीठ पर लाठी की मार मिलती है। किसान मनाता रहता है हमारा ईमान सामने वाले के धोखे का तोड़ बने, लेकिन वह भूल जाता है कि धोखा वह चाकू है जो समर्थन मूल्य के फल पर गिरे या फिर समर्थन मूल्य का फल धोखे के चाकू पर, नुकसात तो किसान को होना है।

## राजनीति

**तनवीर जाफ़री**

# सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही नफ़रत एक सुनियोजित षड़यंत्र ?



जिस भारत देश में स्कूली शिक्षा में प्राइमरी कक्षा की इतिहास की पाठ्य पुस्तकों में सभी धर्मों के महापुरुषों की जीवन गाथा केवल इसी मक़सद से पढ़ाई जाती थी ताकि देश के कर्णधार बच्चों को न केवल उनके व्यक्तित्व के बारे में पता चल सके बल्कि उनके प्रति आदर, सत्कार, सम्मान व स्नेह भी पैदा हो। आज उसी देश में सद्भाव व सौहार्द की नहीं बल्कि साम्प्रदायिक नफ़रत के बीज बोने जैसा ख़तरनाक खेल खेला जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के लाख मना करने व चेतावनी देने के बावजूद देश के मुख्य धारा के मीडिया से लेकर सोशल मीडिया के फ़ेस बुक ,वॉट्सएप्प व एक्स (ट्विटर ) जैसे अनेक प्लेटफ़ॉर्म्स पर धड़ल्ले से साम्प्रदायिकता का ज़हर उगला जा रहा है। चूँकि मीडिया व सोशल मीडिया इस तरह के विषवमन करने वाले अनेक तत्वों को उन्हें प्रचारित कर 'हीरो ' बना चुका है और ऐसे अनेक स्वयंभू धर्मगुरु से लेकर अपराधी प्रवृत्ति के तत्वों तक समाज में ज़हर घोल कर व साम्प्रदायिक नफ़रत फैलाकर आज के दौर के चर्चित व्यक्ति बन चुके हैं और प्रसिद्धि हासिल कर चुके हैं, अतः इन्हीं का अनुसरण कर मानो नफ़रत के कारोबारियों की पूरी फ़ौज धड़ल्ले से मैदान में उतर आई है और बेफ़िक्र होकर समाज में नफ़रत का ज़हर घोल रही है। इनमें से अधिकांशतः समाज के निठल्ले,बेरोज़गार,अपेक्षित,अशिक्षित,साम्प्रदायिकतावादी,पूर्वाग्रही तथा सामाजिक एकता को नापसंद करने वाली जन्मजात सोच रखने वाले लोग शामिल हैं। इन्हें मालूम है कि चूँकि उनके इस नफ़रती अभियान से सत्ता पक्ष ख़ुश होगा,उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होगी,और सम्भव है कि नफ़रत फैलाने में ज़्यादा महारत रखने का 'सफल प्रदर्शन ' करने पर उन्हें किसी 'रेवड़ी ' से भी नवाज़ दिया जाये।

पिछले दिनों भारतीय जनता पार्टी ने तेलंगाना राज्य में अपने प्रत्याशियों की जो सूची जारी की उसमें एक नाम विधायक टी राजा सिंह का भी था। पार्टी ने उन्हें इस बार भी उनकी गोशामहल सीट से मैदान में उतारने का फ़ैसला किया है। टी राजा 2014 से इसी सीट से चुनाव जीतते आ रहे हैं। इनका संक्षिप्त परिचय यह है कि यह रानजीति में आने से पूर्व बजरंग दल से जुड़े थे। हमेशा विवादों से घिरे रहने वाले टी राजा के विरुद्ध अनेक थानों में 75 से भी अधिक



एफ़आईआर दर्ज हैं। इनमें से अधिकांश प्राथमिकी हेट स्पीच, लॉ एंड ऑर्डर के उल्लंघन और कर्फ़्यू के आदेशों के उल्लंघन जैसे मामलों में दर्ज हैं । पिछले कुछ समय से राजा सत्ता द्वारा मिलती जा रही लगातार छूट या शह से उत्साहित होकर कुछ ज़्यादा ही नफ़रत उगलने लगे थे। टी राजा की पूरी राजनीति व शोहरत ही नफ़रत की बुनियाद पर तिकी रही है। उन्होंने 2017 में बॉलीवुड फ़िल्म पद्मावत की रिलीज़ को लेकर मचे हंगामे के दौरान भी कई विवादित बयान दिए थे। उन्होंने हैदराबाद के पुराने शहर को मिनी पाकिस्तान बताया था। जुलाई, 2017 में उन्होंने बंगाल में हिंदुओं से 2002 के गुजरात दंगों की तरह जवाब देने को कहा था। इस तरह 2018 में उन्होंने रोहिंग्या मुसलमानों को लेकर कहा था कि अगर वह देश नहीं छोड़ते तो उन्हें गोली मार देनी चाहिए। उन्होंने मुसलमानों की धार्मिक किताब क़ुरआन पर प्रतिबंध लगाने को भी कहा था और इसे ग्रीक पुस्तक बताते हुए क़ुरआन को देश में आतंकवाद का कारण बताया था। उनकी इसी नफ़रत पूर्ण पोस्ट की वजह से 2020 में उन्हें फ़ेस बुक ने प्रतिबंधित भी कर दिया था। ऐसा करते समय फ़ेस बुक ने कहा था कि टी राजा ने उस पॉलिसी का उल्लंघन किया है, जो हिंसा और नफ़रत को बढ़ावा देने या उसमें शामिल होने वाले लोगों को फ़ेस बुक पर उपस्थिति से रोकता है। कभी वे पैग़ंबर मोहम्मद को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करते सोशल मीडिया पर नज़र आते तो कभी एक मुस्लिम हास्य कलाकार मुनव्वर फ़ारूक़ी का शो होने पर स्टेज को आग लगा देने की धमकी देते सुनाई देते।

इस धमकी के बाद उन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। उसी समय भाजपा ने उनके बयानों से किनारा करते हुये कहा था कि ये उनके निजी विचार हैं और पार्टी इसका समर्थन नहीं करती।और फ़िर उन्हें पार्टी से निलंबित भी कर दिया गया था। और अब उसका निलंबन समाप्त कर भाजपा द्वारा पुनः उसी विवादित व नफ़रत फैलाने वाले व्यक्ति को प्रत्याशी बनाने का आख़िर क्या अर्थ है?

इसी तरह जब भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे व स्वतंत्र भारत के पहले आतंकवादी हत्यारे नाथू राम गोडसे को देशभक्त बताती हैं तो प्रधानमंत्री उनसे रुष्ट होने का बयान तो ज़रूर देते हैं परन्तु उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं करते? अनुराग ठाकुर व तेजस्वी सूर्य जैसे कई लोग नफ़रत फैलाने के बाद पदोन्नत होते दिखाई देते हैं। कोई शस्त्र धारण करने का आवाह्न समुदाय विशेष से कर रहा है तो किसी ने सोशल मीडिया पर तलवारों की दुकान ही खोल रखी है। कोई चाक़ुओं की धार तेज़ रखने को कह रहा है तो कोई दस पांच बच्चे पैदा करने की सलाह दे रहा है। ऐसे माहौल में कौन नहीं चाहेगा कि हिंसा व नफ़रत की आग में ही तपकर क्यों न सत्ता के क़रीबियों में अपना शुमार किया जाये ? अनजानी व गुमनामी भरी ज़िंदिगी जीने वाले लोग भला क्यों न चाहेंगे कि केवल नफ़रती पोस्ट के ज़रिये धर्म ध्वजा बुलंद कर क्यों न 'प्रसिद्धि ' की राह तय की जाये ? और अब तो नफ़रत का यह बाज़ार इतनी कुरूपित हो चुका है कि यही नफ़रती ट्रोल फ़िलिस्तीन में इस्राईलियों द्वारा किये जा रहे नरसंहार का जश्न मना रहे हैं और बार बार हमास या फ़िलिस्तीनियों को ही ग़लत,लड़ाई का ज़िम्मेदार यहाँ तक कि उन्हीं को क्रूर ठहराने पर तुले हैं ? नफ़रत के कई सौदागर इस्राईली सेना के पक्ष में लड़ने के लिये जाने को तैयार बता रहे हैं तो कई ने तो अपनी प्रोफ़ाइल पर भारतीय तिरंगे की जगह इस्राईली ध्वज तक लगा दिया है। रेवड़ी व शोहरत हासिल करने के इस शार्ट कट पर चलने में भी इस समय गोया प्रतिस्पर्धा सी मची हुई है। शम्भू रैगर व मोनू मानेसर जैसे अनेक गुंडे मवाली ही नहीं बल्कि स्वयं को पढ़े लिखे कहलाने का शौक़ पालने वाले अनेकानेक स्वयंभू लेखक,कवि,प्रेरक,प्रवचनकर्ता,लेक्चरबाज़,यहाँ तक कि सत्ता लोभी अनेक फ़िल्मी लोग व तमाम स्वयंभू पत्रकार भी इस अंधी रेस में दौड़ लगा रहे हैं। सवाल यह है कि नफ़रत के बाज़ार में हिंसा व नफ़रत के सौदागरों द्वारा सोशल मीडिया पर पूरी आज़ादी से इस क़द्र नफ़रत फैलाना और उनका बिना किसी क़ानूनी बाधा के उनका बेलगाम घूमना यह सब समाज को विभाजित करने का एक सुनियोजित षड़यंत्र नहीं तो और क्या है ?

## एक नजर

### खुज्जी भाजपा प्रत्याशी गीता घासी साहू ने मजदूरों के बीच पहुंचकर मांगा आशीर्वाद



**राजनांदगांव।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77 के लोकप्रिय भाजपा प्रत्याशी श्रीमती गीता घासी साहू का 30 अक्टूबर को भाजपा कुमरदा मंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहगांव, जोंधरा, गिदर्री ,चंदिया, संबलपुर, बरबसपुर, उमरवाही, गोटाटोला, परेवाडीही, धोबनी, लालूटोला, चिखलाकसा, मारकाकसा, दानी टोला, सीताकसा, तुर्रेगढ़,आय बांधा, बिरूटोला ,मन्होरा, बननवा गांव, साल्हे, पथर्री, पांगरी खुर्द पांगरी कला आदि ग्रामो में नुक्कड़ सभा एवं जनसंपर्क किया।भाजपा प्रत्याशी श्रीमती गीता घासी साहू जनसंपर्क के तहत खेत खलियान में काम कर रहे मजदूरों के बीच पहुंचकर अपने पक्ष में मतदान करने का अपील किया। उन्होंने कार्यक्रम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अपने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी के लिए। अपने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास एवं मूलभूत समस्याओं के निराकरण करने के लिए ,सुख दुख के साथी बनकर सदैव बनी रहूंगी आगामी 7 नवंबर को कमल फूल छाप पर बटन दबाकर विजय श्री दिलाने का निवेदन किया।

उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार ने पिछली विधानसभा चुनाव के दौरन तरह तरह की लोक लुभावने वादे किए थे। इस बार हमे झूठी घोषणाओ की बहकावे में नही आना है। क्षेत्र के विकास के लिए कमल छाप में बटन दबाना है।

### तीनों विधानसभाओं के लिए 40 अभ्यर्थियों ने लिए नाम निर्देशन पत्र, 14 ने किए जमा

**धमतरी 30 अक्टूबर।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के तहत आज जिले की तीनों विधानसभा धमतरी, कुरुद और सिहावा के लिये कुल 6 नाम निर्देशन पत्र अभ्यर्थियों ने प्राप्त किया। आज विधानसभा क्षेत्र 56-सिहावा में 1, विधानसभा क्षेत्र 57-कुरूद में 3 और विधानसभा क्षेत्र 58-धमतरी में 2 नाम निर्देशन पत्र अभ्यर्थियों ने प्राप्त किया। इसी तरह जिले की तीनों विधानसभाओं में अभ्यर्थियों ने कुल 8 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये। इनमें विधानसभा क्षेत्र 56 सिहावा से 2, विधानसभा क्षेत्र 57 कुरूद से 3 और विधानसभा क्षेत्र 58 धमतरी से 3 नाम निर्देशन पत्र अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल किये गये। इस तरह जिले की तीनों विधानसभाओं के लिए 40 नाम निर्देशन पत्र अभ्यर्थियों द्वारा लिये जा चुके हैं, जिसमें सिहावा विधानसभा से 9, कुरूद विधानसभा से 16, धमतरी विधानसभा से 15 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये गये हैं। इसी तरह जिले की तीनों विधानसभाओं में 10 व्यक्तियों द्वारा 14 नाम निर्देशन पत्र जमा किये गये हैं, जिसमें सिहावा विधानसभा में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 3 नाम निर्देशन पत्र, कुरूद विधानसभा में 6 अभ्यर्थियों द्वारा 8 नाम निर्देशन पत्र और धमतरी विधानसभा में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 3 नाम निर्देशन पत्र जमा किये गये हैं।ज्ञात हो कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत आगामी 17 नवम्बर को जिले में मतदान होगा और 3 दिसम्बर को मतों की गणना की जायेगी। इसके लिए अभ्यर्थियों द्वारा 30 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं। इसी तरह 31 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी तथा आगामी 2 नवम्बर तक अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकेंगे।

### 9 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया,12 फार्म खरीदे गए

**महासमुन्द ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए आज गुरूवार को कुल 12 नामांकन फार्म खरीदे गए। जिसमें महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से 05, खल्लारी विधानसभा क्षेत्र से 04, बसना विधानसभा क्षेत्र से 02 व सरायपाली विधानसभा क्षेत्र से 01 अभ्यर्थी शामिल है। नामांकन फार्म लेने वालों में महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से श्री बृजलाल ठाकुर निर्दलीय, श्री गंगूराम ठाकुर निर्दलीय, श्री प्रीत राम साहू निर्दलीय, श्रीमती भुनेश्वरी सतनामी निर्दलीय, हर्मेन्द्र कुमार निर्दलीय, खल्लारी से श्री गेंदलाल डडसेना जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी, श्री याकुब खान पासा नेशनल यूथ पार्टी, श्री तेजराम साहू निर्दलीय, श्री प्रेमलाल मलिक जनता कांग्रेस, बसना से श्री राजा देवेन्द्र बहादुर सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, श्री अरविंद प्रधान निर्दलीय तथा सरायपाली विधानसभा क्षेत्र से श्रीमती चतुरीनंद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस शामिल है।कुल 09 अभ्यर्थियों ने आज नामांकन दाखिल किया। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने वालों में महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से डॉ. रश्मि चंद्राकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, श्री योगेश्वर सिन्हा भारतीय जनता पार्टी, श्री जागेश्वर चंद्राकर निर्दलीय, श्रीमती किरण धृतलहरे निर्दलीय, श्री चंद्रप्रकाश ढीढी सर्व आदि दल, इसी तरह खल्लारी विधानसभा क्षेत्र से श्रीमती नीलम ध्रुव आम आदमी पार्टी, बसना विधानसभा क्षेत्र से श्री संपत अग्रवाल भारतीय जनता पार्टी, श्री सुमीत सम्पत अग्रवाल भारतीय जनता पार्टी व सरायपाली विधानसभा क्षेत्र से श्रीमती सरला कोसरिया भारतीय जनता पार्टी का नाम शामिल है।

# नारी शक्ति सहित दिव्यांग व युवा मतदान कर्मी संचालित करेंगे मतदान की प्रक्रिया

**जगदलपुर,30 अक्टूबर ।** विधानसभा निर्वाचन-2023 बस्तर जिले अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र 85 बस्तर, 86-जगदलपुर एवं 87 चित्रकोट में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. द्वारा तीनों विधानसभा क्षेत्र में 10-10 संगवारी,एक-एक दिव्यांग,एक-एक युवा तथा 5-5 आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। संगवारी मतदान केन्द्र महिला कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केन्द्रों के तहत विधानसभा क्षेत्र-85 के मतदान केंद्र क्रमांक-107 माध्यमिक शाला भाटीपारा बस्तर,मतदान केंद्र 108 प्राथमिक शाला कोलिया पारा बस्तर, मतदान केंद्र 104 प्राथमिक शाला देउर गाँव बस्तर,मतदान केंद्र 109 माध्यमिक शाला फरसापारा बस्तर,मतदान केंद्र 105 प्राथमिक शाला बागबहार पारा कक्ष -01,मतदान केंद्र 106 प्राथमिक शाला बागबहार पारा कक्ष -02,मतदान केंद्र 131 प्राथमिक शाला मेटावाडा, मतदान केंद्र 188 प्राथमिक शाला धोबीगुड़ा, मतदान केंद्र 193 प्राथमिक शाला इरिकपाल और मतदान केंद्र 195 माध्यमिक शाला करीतगाँव को संगवारी मतदान केंद्र बनाया गया है।

विधानसभा क्षेत्र-86 जगदलपुर में मतदान केंद्र क्रमांक 92 कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल बोधघाट जगदलपुर,मतदान केंद्र 97 प्राथमिक शाला करकापाल आवास प्लाट,मतदान केंद्र 148 प्राथमिक शाला भगत सिंह पथरागुड़ा कक्ष-02,मतदान केंद्र 78 हाई स्कूल केवरामुंडा कक्ष-2,मतदान केंद्र 105 शासकीय हाई स्कूल भैरमगंज कक्ष-1, मतदान केंद्र 108 महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला कक्ष-01, मतदान केंद्र 114 स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जगदलपुर कक्ष-4, मतदान केंद्र 133 आदिम जाति कल्याण विभाग शाला नयापारा कक्ष-1,मतदान केंद्र 141 डॉ. भीमराव अंबेडकर प्राथमिक शाला कक्ष-2 और मतदान केंद्र 153 बस्तर क्लब पथरागुड़ा कक्ष -2 को संगवारी मतदान केंद्र बनाया गया है। विधानसभा क्षेत्र-87 चित्रकोट में मतदान केंद्र क्रमांक 33 शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक शाला उसरीबेड़ा, मतदान केंद्र 57 माध्यमिक शाला देउरगाँव, मतदान केंद्र 63 प्राथमिक शाला पोटानार कक्ष -01,मतदान केंद्र 64 प्राथमिक शाला पोटानार कक्ष -02, मतदान केंद्र 115 प्राथमिक शाला कोड़ेनार अतिरिक्त कक्ष,मतदान केंद्र 157 प्राथमिक शाला टेकामेटा,मतदान केंद्र 156 प्राथमिक शाला करंजी सड़कपारा,मतदान केंद्र 173 प्राथमिक शाला मेटावाड़ा,मतदान केंद्र 181 पंचायत भवन बेड़ागुड़ा और मतदान केंद्र 182 माध्यमिक शाला तोकापाल को संगवारी मतदान केंद्र के रूप में चिन्हाकित किया गया है।।जिले में दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबन्धित मतदान केंद्र में विधानसभा क्षेत्र-85 बस्तर के मतदान केंद्र क्रमांक 136 प्राथमिक शाला परचनपाल,विधानसभा क्षेत्र-86जगदलपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 162 खंड स्रोत समन्वयक बीआरसी भवन और विधानसभा क्षेत्र-87 चित्रकोट के मतदान केंद्र क्रमांक 167 प्राथमिक शाला तेलीमारेंगा को बनाया गया है। इसी प्रकार युवा प्रबन्धित मतदान केंद्र के रूप में विधानसभा क्षेत्र-85 बस्तर के मतदान केंद्र क्रमांक 112 प्राथमिक शाला भाटपाल,विधानसभा क्षेत्र-86 जगदलपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 168 उच्च प्राथमिक शाला नवीन अघनपुर और विधानसभा क्षेत्र-87 चित्रकोट के मतदान केंद्र क्रमांक 31 प्राथमिक शाला कोटवारपारा बड़ेधाराउर को बनाया गया है।जिले में आदर्श मतदान केंद्रों के रूप में प्रबन्धित मतदान केंद्र में विधानसभा क्षेत्र-85 बस्तर के मतदान केंद्र क्रमांक 107 माध्यमिक शाला भाटीपारा बस्तर, मतदान केंद्र क्रमांक 108 प्राथमिक शाला कोलिया पारा बस्तर,मतदान केंद्र क्रमांक 104 प्राथमिक शाला देउरगांव बस्तर, मतदान केंद्र क्रमांक 188 प्राथमिक शाला धोबीगुड़ा और मतदान केंद्र 195 माध्यमिक शाला करीतगाँव। विधानसभा क्षेत्र-86 जगदलपुर केमतदान केंद्र क्रमांक 92 कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल बोधघाट जगदलपुर, मतदान केंद्र 78 हाई स्कूल केवरामुंडा कक्ष-2, मतदान केंद्र 108 महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला कक्ष-01, मतदान केंद्र 141 डॉ. भीमराव अंबेडकर प्राथमिक शाला कक्ष-2 और मतदान केंद्र 153 बस्तर क्लब पथरागुड़ा कक्ष -2 को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र-87 चित्रकोट के मतदान केंद्र क्रमांक 33 शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक शाला उसरीबेड़ा, मतदान केंद्र 57 माध्यमिक शाला देउरगाँव, मतदान केंद्र 63 प्राथमिक शाला पोटानार कक्ष -01,मतदान केंद्र 156 प्राथमिक शाला करंजी सड़कपाराऔर मतदान केंद्र 182 माध्यमिक शाला तोकापाल को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में चिन्हाकित किया गया है।

### जनसंपर्क




**तिल्दा नेवर।** गांव खमरिया में गोंड़ आदिवासी समाज सम्मेलन कार्यक्रम में बीजेपी प्रत्यासी टकराम वर्मा उपस्थित होकर समाज के सभी सदस्यों से आगामी चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में कमल का बटन दबाकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का अनुरोध किया।ओर समाज के लोगो से आशीर्वाद मांगा उपस्थिति समाज के लोगो ने वर्मा का स्वागत किया इसके पूर्व गांव तुलसी सिरवे आदि गावो में जनसंपर्क किया ।

### शरद उत्सव,गरबा नाइट्स में मतदाताओं को किया जागरूक

धमतरी। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले की तीनों विधानसभाओं धमतरी, कुरूद और सिहावा में आगामी 17 नवंबर को मतदान किया जायेगा। इसके मद्देनजर जिले में मतदाताओं को अनेक कार्यक्रमों के जरिए अपने मतदान का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने जागरुक किया जा रहा है।इन्हीं कार्यक्रमों की कड़ी में 25 अक्टूबर को रोटरी और इनरव्हील क्लब द्वारा स्थानीय रत्नाबांधा में आयोजित शरद उत्सव और गरबा नाइट्स कार्यक्रम में सी ई ओ जिला पंचायत एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव ने मतदाताओं को मतदान के लिए जागरुक किया।

# जिले में कुल 441 वृद्ध तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग मतदाता करेंगे होम वोटिंग

**राजनांदगांव 30 अक्टूबर ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत समाज का कोई भी वर्ग मतदान में अपनी भागीदारी से ना छूटे, इसके लिए घर-घर जाकर मतदान (होम वोटिंग) का विकल्प दिया गया है। इसके अंतर्गत 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को मतदान करने हेतु डाक मतपत्र की वैकल्पिक सुविधा प्रदान की गई है। अब इन वर्गों के ऐसे व्यक्ति जो मतदान दिवस को मतदान केन्द्र में पहुंचकर वोट डालने में अपने को असमर्थ पाते हैं, वे फॉर्म 12 घ भरकर डाक मतपत्र के विकल्प का चयन कर सकते हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को प्रोत्साहित करने होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की है। जिला निर्वाचन कार्यालय राजनांदगांव निष्पक्ष निर्वाचन के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रही है। जिले में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर सर्वे किया गया है। सर्वे में 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं, 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं से आवेदन फॉर्म 12 घ में प्राप्त किए गए हैं। डाक मतपत्र के विकल्प का चयन करने पर रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सम्बंधित मतदाता को डाक मतपत्र जारी करते हुए इन श्रेणी के मतदाताओं के लिए विशेष मतदान दल का गठन किया गया है। मतदान दल द्वारा ऐसे मतदाताओं के घर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से उनका मतदान कराया जाएगा। विशेष गठित मतदान दल द्वारा मतदाता को उनके घर में मतदान कराने की तिथि के बारे में पूर्व में ही सूचित किया जाएगा, जिससे मतदाता मतदान हेतु घर में उपस्थित रहे। यदि किसी कारणवश मतदाता उस दिन अपने घर में उपलब्ध नहीं है, तो पुनः अपने अगले दौरे की तिथि एवं समय की सूचना देकर मतदान दल द्वारा मतदाता का मत प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा। मतदान दलों के ऐसे प्रत्येक दौरे की जानकारी सभी अभ्यर्थियों को प्रदान की जायेगी। जिससे कि वे स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि व बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से पूरी प्रक्रिया का अवलोकन कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि घर-घर जाकर मतदान की यह प्रक्रिया निर्धारित मतदान तिथि मंगलवार 7 नवम्बर 2023 के कम से कम 1 दिवस पूर्व पूर्ण कर ली जाएगी। आयोग के निर्देशानुसार पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। डाक मतपत्र के विकल्प का चयन करने वाले मतदाता मतदान दिवस को मतदान केन्द्र में अपना वोट नहीं डाल पाएंगे। जिले में 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले कुल 441 मतदाता होम वोटिंग करेंगे। जिले में 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के 5178 मतदाताओं में से 301 मतदाताओं तथा 6705 दिव्यांग मतदाताओं में से 140 मतदाताओं ने होम वोटिंग के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। इसके अंतर्गत डोंगरगढ़ विधानसभा में 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के 1387 मतदाताओं में से 76 मतदाताओं तथा 1748 दिव्यांग मतदाताओं में से 39 मतदाताओं कुल 115 मतदाताओं द्वारा होम वोटिंग किया जाएगा। राजनांदगांव विधानसभा में 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के 1844 मतदाताओं में से 109 मतदाताओं तथा 1328 दिव्यांग मतदाताओं में से 40 मतदाताओं कुल 149 मतदाताओं द्वारा होम वोटिंग किया जाएगा। डोंगरगांव विधानसभा में 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के 916 मतदाताओं में से 69 मतदाताओं तथा 1854 दिव्यांग मतदाताओं में से 28 मतदाताओं कुल 97 मतदाताओं द्वारा होम वोटिंग किया जाएगा। खुज्जी विधानसभा में 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के 1031 मतदाताओं में से 47 मतदाताओं तथा 1775 दिव्यांग मतदाताओं में से 33 मतदाताओं कुल 80 मतदाताओं द्वारा होम वोटिंग किया जाएगा।

### आस्था संकुल संगठन द्वारा (मोहारा) में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव 30 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप नोडल श्री अमित कुमार के मार्गदर्शन में जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के आस्था संकुल संगठन द्वारा (मोहारा) में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं ने रंगोली बनाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए महिलाओं एवं ग्रामीणों ने शपथ भी ली।

### मतदान केन्द्रों में प्रस्तुत किए जाने वाले पहचान पत्र

**राजनांदगांव 30 अक्टूबर।** । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को मतदान केन्द्रों में वोट देने के लिए पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। जिसके लिए मतदाता एपिक कार्ड के अलावा आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक व डाकघर द्वारा जारी फोटोग्राफ युक्त पास बुक, श्रम मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा स्क्रीम के तहत जारी स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया (आरजीआई) द्वारा नेशनल पापुलेशन रजिस्टर (एनपीआर) के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोग्राफ युक्त पेंशन दस्तावेज एवं केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, पीएसयूएस, पब्लिक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी को जारी किया गया फोटोग्राफ युक्त सेवा पहचान पत्र व एमपीएस, एमएलएएस, एमएलसीएस को जारी किया गया अधिकारिक पहचान पत्र तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी यूडीआईडी कार्ड मतदान केन्द्र में प्रस्तुत कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

# पटाखा दुकानों में सुरक्षा मानकों का पालन करने एडवायजरी जारी

**धमतरी 30 अक्टूबर।** आगामी दीपावली पर्व को सुरक्षित एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी श्रीमती शोभा ठाकुर ने निर्मित स्थायी/अस्थायी संरचना एवं पंडालों में संचालित पटाखा दुकानों में सुरक्षा मानकों का पालन कर अग्निशमन यंत्र रखते हुए सावधानियां बरतने के संबंध में एडवायजरी जारी की है। जारी एडवायजरी में उन्होंने कहा है कि पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर, अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए। उक्त दुकान एक-दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी पर एवं एक-दूसरे के सामने न बनाई जाए। एडवायजरी में यह भी बताया गया कि पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी प्रकार के तेल का लैंप, गैस लैम्प एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग और किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होनी चाहिए।

विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शॉर्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बन्द हो जाए। दुकानें ट्रांसफार्मर के पास न हो और उनके ऊपर से हाईटेंशन पावर लाइन न गुजरती हो। प्रत्येक पटाखा दुकान में 5 किलोग्राम क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र होना चाहिए (इसकी मानक क्षमता 6 फीट होती है)। दुकानों के सामने कुछ अंतराल में 200 लीटर क्षमता के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ होना चाहिए। पटाखा दुकानें के सामने बाइक/कार की पार्किंग प्रतिबंधित होना चाहिए। अग्निशमन विभाग एवं एम्बुलेंस का फोन नंबर, दुकान परिसर के कुछ स्थानों में लगाया जाये। अग्निशमन वाहन को उपलब्धता के अनुसार शाम 7 बजे से 10 बजे तक स्टैंड बाई ड्यूटी हेतु उपलब्ध कराया जा सकता है। अग्निशमन वाहन के मूवमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए। उक्त एडवायजरी का पालन नहीं करने पर संबंधित संचालक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## समाचार संक्षेप

### निर्वाचन व्यय प्रेक्षक ने किया एसएसएटी चेकपोस्ट,एफएसटी टीम के कार्यों का निरीक्षण

**सुकमा,30 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोंटा विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री राजीव रंजन ने आज कोंटा विधानसभा अंतर्गत अंतरराज्यीय सीआरपीएफ चेक पोस्ट दोरनापाल ओडिशा बॉर्डर तथा अंतरजिला चेक पोस्ट तोंगपाल, एर्राबोर सहित जेलबाड़ी सुकमा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां तैनात एफएसटी और एसएसटी टीम से जानकारी लेकर संधारित पंजी का अवलोकन भी किया। उन्होंने 24 घंटे सतत निगरानी के निर्देश दिए और किसी भी तरह के अवैध परिवहन और निकासी पर कड़ी नजर रखते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बिना अनुमति के रैलियों पर कार्रवाई करने के साथ ही जिले के सभी एसएससी टीम को वीडियोग्राफी करने के निर्देश दिए और चेक पोस्ट पर लाइटिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान व्यय प्रेक्षक श्री राजीव रंजन ने इन चेकपोस्ट में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत की जा रही कार्यवाही का जायजा लिया। उन्होने मौके पर उपस्थित अधिकारियों चेकपोस्ट अब तक की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। उन्होनें मार्ग से गुजरने वाली सभी वाहनों का अनिवार्य रूप से जांच करने के निर्देश दिए। जिससे कि निर्वाचन के दौरान अवैध रूप से नगदी, शराब अथवा अन्य कोई भी सामान जो कि मतदाओं को प्रलोभन के लिए दिया जा सकता है उसकी रोकथाम सुनिश्चित की जा सकती है।उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस.एस के निर्देश पर जिले के विधानसभा क्षेत्र में एसएसटी 15, एफएसटी 06 एवं वीएसटी की 04 टीम भी तैनात की गई है। जिसमें स्थैतिक निगरानी टीम 24 घंटे निगरानी कर रही है।

### डाक मतपत्र से मतदान कर, काफ़ी उत्साहित दिखे वयोवृद्ध एवम् दिव्यांगजन

**सुकमा,30 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



प्रदेश के अंतिम क्षोर पर स्थित विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 90, कोंटा के 80 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध एवं दिव्यांगजनों ने डाक मतपत्र से मत देकर बेहतर लोकतंत्र के निर्माण में सहभागिता निभा रहे है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं के लिए इस वर्ष डाक मतपत्र की सुविधा प्रदान की गई है, जिसके अंतर्गत बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं की विशेष तौर पर सुविधा मिल रही है। ऐसा ही वाकया जिले के कोंटा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 90 में देखने को मिला है, जहां वयोवृद्ध एवम् दिव्यांगजनों ने डाक मतपत्र के ज़रिए स्वस्थ लोकतंत्र स्थापित करने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 28 अक्टूबर को डाक मतपत्र के माध्यम से चुनाव चिह्न देखकर अपने पसंदीदा प्रत्याशी को वोट दिया। इस बार निर्वाचन आयोग ने डाक मतपत्र की सुविधा दी है। वयोवृद्ध एवम् दिव्यांगजनों ने आयोग द्वारा दी गई इस सुविधा के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने को लेकर काफ़ी उत्साहित दिखे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवेश पैकरा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र कोंटा में 80 वर्ष से अधिक आयु के 1089 वृद्ध और दिव्यांगजन 1022 चिन्हांकित है। जिसमें से क्रमशः 14 वृद्ध, 18 दिव्यांग मतदाताओं ने घर से ही वोट देने की सहमति दी थी। उन्होंने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस. एस के विशेष प्रयासों से क्षेत्र के मतदाताओं में काफ़ी उत्साह देखने को मिल रहा है, जिसके चलते इस बार 90 प्रतिशत से अधिक मतदान होने की प्रबल संभावना है।

### निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित प्रधान अध्यापकों और सहायक शिक्षक निलंबित

**सुकमा,30 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा निर्वाचन -2023 अंतर्गत स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम स्कूल में 25 अक्टूबर और 26 अक्टूबर 2023 को मतदान अधिकारी प्रशिक्षण आयोजित की गई थी। इस दौरान अनुपस्थित प्रधान अध्यापको और सहायक शिक्षकों को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस. एस ने निलंबित कर दिया है। जिसमें प्रधानाध्यापक में क्रमशः श्री प्रानेन्द् कुमार पाल, श्री तुलाराम ध्रुव, श्री राजकुमार पोटला, श्री हितेंद्र सोडी और सहायक शिक्षकों में क्रमशः श्री लक्ष्मण बारेठ, श्री आशाकि कुमार ठाकुर, श्री हड़मा पुनेम शामिल है।

### मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से मदिरा दुकानें एवं होटल-बार रहेंगी बन्द

**जगदलपुर,30 अक्टूबर ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री विजय दयाराम के. द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 यथा संशोधित 1996 के प्रावधानों एवं आयोग की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के तहत विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 हेतु प्रथम चरण के नियत मतदान तिथि 07 नवम्बर 2023 के लिए बस्तर जिले के अंतर्गत समस्त विदेशी मदिरा दुकानें एफएल 1 (घघ) एवं देशी मदिरा दुकानें सीएस 2 (घघ), सीएस 2 ( घघ - कम्पोजिट), एफएल 3 होटल बार, एफएल 7 सैनिक केन्टिन एवं मद्य भण्डागार तथा भांग-भागघोटा को मतदान समाप्ति के नियत समय के 48 घन्टे पूर्व की अवधि अर्थात 05 नवम्बर 2023 को सांयकाल 5 बजे से 07 नवम्बर 2023 को सांयकाल समय 5 बजे तक एवं मतगणना तिथि 03 दिसम्बर 2023 को सम्पूर्ण दिवस बंद रखे जाने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है।उक्त अवधि में बस्तर जिले के समस्त विदेशी मदिरा दुकानें एफएल 1 (घघ) एवं देशी मदिरा दुकानें सीएस 2 (घघ), सीएस 2 (घघ- कम्पोजिट), एफएल 3 होटल-बार, एफएल 7 सैनिक कैंटीन एवं मद्य भण्डागार, भांग-भागघोटा में विक्रय, परोसना, परिवहन एवं धारण करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस आदेश का कड़ाई से परिपालन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश सर्व सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए हैं।

### जिले में जोर-शोर से आयोजित किये जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**धमतरी 30 अक्टूबर ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले में मतदान के लिए अब कुछ ही दिन बाकी रह गये हैं। इसके मद्देनजर जहां जिला प्रशासन द्वारा अनेक सार्वजनिक कार्यक्रमों में स्वीप गतिविधियां चलायी जा रहीं हैं, वहीं महाविद्यालय के स्वीप इकाई ब्रांड एम्बेसेडर और महाविद्यालयीन विद्यार्थियों द्वारा अलग-अलग कार्यक्रमों के जरिए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।इसी कड़ी में आज संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के ब्रांड एम्बेसेडर मोजेश कुमार साहू एवं तुलेश्वरी साहू के साथ विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आकर्षक तरीके से तख्तियों में नारे और स्लोगन तैयार कर लोगों को मतदान के लिए

एक नजर

## छत्तीसगढ़ में शांति सौहार्द व विकास के लिए कमल खिलाएं:संतोष पांडे

**राजनंदगांव,30 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार डॉ रमन सिंह के पक्ष में क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडे ने ग्रामीण क्षेत्र का ताबड़तोड़ दौरा शुरू कर दिया है, वह सोमनी सेक्टर के ग्राम कोपेड़ीह, फुलझर, फरहद, ठेकुआ, ककरेल व मौहाभांठा में जनसंपर्क कर जन संवाद करते हुए संतोष पांडे ने कहा कि छत्तीसगढ़ अब अपराधियों का गढ़ बन चुका है । यहां के लोग शांतिप्रिय हैं, किंतु कांग्रेस के 5 वर्षों के शासनकाल में यहां के सौहार्दपूर्ण वातावरण में जहर घोलकर जिहादी मानसिकता को बढ़ावा दिया जा रहा है । बेमेतरा के निकट ग्राम में इसी मानसिकता के लोगों ने एक सपूत को मौत के घाट उतार दिया, उसी सपूत के पिता अपने बेटे को न्याय दिलाने के लिए भटकते हुए चुनाव मैदान में उतरे हैं । गुपचुप तरीके से तुष्टिकरण की मानसिकता के चलते वर्ग विशेष के समुदाय के लोगों को गांव गांव में बसाया जा रहा है, हम समय रहते नहीं जागे तो छत्तीसगढ़ धू-धू करके जलने लगेगा।भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पांडे ने कहा कि कांग्रेस ने लोकतंत्र को लहू तंत्र में तब्दील कर दिया है। कांग्रेस का झंडा लगाने से मना करने पर बेरहमी से पीटा जा रहा है, भाजपा का प्रचार करने वाले लोगों को गला काटने की धमकी दी जा रही है, धमकी ही नहीं बल्कि आधा दर्जन से ज्यादा भाजपा कार्यकर्ताओं को मौत के घाट उतार दिया गया है। जिहादी किस्म के लोग आज जिले भर के गांव में सक्रिय हो चुके हैं, इन दिनों छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र तार तार हो गया है।लोकतंत्र में विधानसभा चुनाव के माध्यम से जनता का महापर्व होता है ,इसलिए लोकतंत्र को बचाने की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ की आम जनता के कंधों पर आ पड़ी है । इस चुनाव में एक तरफ तुष्टिकरण की जिहादी मानसिकता खड़ी है, दूसरी तरफ भारत एवं छत्तीसगढ़ को परम वैभव की शिखर तक पहुंचाने की परिकल्पना को लेकर भाजपा के निहत्था भाजपा कार्यकर्ता खड़े हैं। अतएव आने वाली 7 तारीख को कमल के फूल निशान को आशीर्वाद दे कर, छत्तीसगढ़ में शांति सौहार्द एवं विकास का नया युग प्रारंभ करना है। इस दौरान सभा में ग्रामीण महामंत्री कृष्णा तिवारी, मनोज साहू, पप्पू चंद्राकर, चंदन कश्यप, हरिशंकर देशमुख, विनोद साहू, चुनेश्वर साहू, संदीप साहू, राधेचरण, भरोखे राम, छगन निषाद, दुर्गेश साहू, अनिल यादव एवं हेमंत साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए इस बार खुज्जी विधानसभा में खिलेगा कमल :गीता घासी साहू

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी खुज्जी विधानसभा के लोकप्रिय भाजपा प्रत्याशी श्रीमती गीता घासी साहू लगातार सभा एवं जनसंपर्क कर रहे हैं, उनकी जनसंपर्क यात्रा को जनता का खूब प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है। विधायक प्रत्याशी गीता घासी साहू को जनता का भरपूर सहयोग और आशीर्वाद मिल रहा है।गीता घासी साहू लगातार लोगों से मिल रहे हैं और बड़े बुजुर्ग माता और बहनों को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया जनता ने भी उन्हें खूब प्रेम और आशीर्वाद दिया, जनता ने आशीर्वाद देकर कहा कि आप ही हमारे नेता नहीं आप हमारी बेटी है जीत आपकी पक्की है। पूरा खुज्जी विधानसभा आपके साथ है।जनसंपर्क अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं के हाथों में पार्टी का झंडा एवं जिंदाबाद के नारे लगाते हुए गांव गांव में पहुंचे जहां आम नागरिकों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी देकर एवं कांग्रेस सरकार की विफलताओं के बारे में बताकर विधानसभा के अलावा राज्य में फिर से कमल खिलाने के लिए अपील किया। उन्होंने आगे कहा कि 15 साल से खुज्जी विधानसभा में कांग्रेस विधायक काबिज है ।इस बार खुज्जी में परिवर्तन कर क्षेत्र की सर्वांगीण विकास के लिए कमल फूल छाप मे बटन दबाकर विजय श्री दिलाने का निवेदन किया।जनसंपर्क के तहत आज छुरिया मंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम कल्लू बंजारी, भकुर्रा, आटरा, गेरूघाट, आमगांव, नादिया खुर्द, झाड़ीखैरी ,पंडरीपानी, जोब,जैतगुंडरा,पेंड्रीडीह,घोरतालाब ,सड़क चिरचारी ,सड़क बंजारी ,रानी तालाब ,पिनकापार ,नागर कोहरा, झिथराटोला,भंडारपुर,बोईरडीह, शिकारीमहका, गहिरा भेडी आदि ग्रामो में जनसंपर्क एवं नुक्कड़ सभा लेकर आम जनता से सहयोग समर्थन मांगा। जनसंपर्क के दौरान मंडल पदाधिकारीगण कार्यकर्तागण एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# कांग्रेस शासन में हर वर्ग के लोगों में आई खुशहालीः सिंहदेव





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 30 अक्टूबर।** जिले के नक्सलगढ़ गांव आवापल्ली में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे। निर्धारित समय से एक घंटे विलम्ब से प्रदेश के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने जो कहा वो किया। किसानों को समर्थन मूल्य से ज्यादा राशि दी। धान खरीदी 15 के जगह इस साल 20क्विंटल खरीदी जायेगी। सरकार ने प्रदेश में सैकड़ों इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलकर बच्चों को बेहतर सुविधाएं तथा शिक्षा देने का काम किया है। 2018 में कांग्रेस सरकार के बनते ही राहुल गांधी के वादे पर तत्काल अमल करते हुये दो घंटे में किसानों की 9500करोड रुपये क़र्ज़ माफ किये गये। उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी जिस उत्तर प्रदेश राज्य से संसद में गये है, वहां धान की कीमत छत्तीसगढ़ से आधी है। छत्तीसगढ़ में धान का रेट सबसे सभी राज्यों से ज्यादा है।69 वनोपज का समर्थन मूल्य भी सरकार ने तय किये है, यहां पर वनोपज का सही दाम मिल रहा है। भाजपा शासन में वनोपज बदले नमक दिया जाता था। प्रदेश में हर वर्ग खुशहाल और समृद्ध हो रहा है। उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ में सरकारी स्कूल में एल केजी से लेकर पीजी तक निशुल्क पढ़ाई की घोषणा किये है, हम सरकार में आते ही इस पर अमल करेंगे। पत्रकारों से चर्चा में कहा कि सीजी पीएससी मामले पर जांच चल रही है।

प्रदेश के हर पार्टी में बागी है, जनमत सब कुछ तय करता है। जनमत के आगे बागी कुछ नही। स्वास्थ्य सुविधाएं को लेकर कहा कि इस पर काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पद के सवाल पर कहा यह सब पार्टी हाईकमान तय करेगा। घोषणा पत्र के संबंध में बताया कि हमें आगे क्या करना वो घोषणा कर रहे है, भाजपा इस मामले में अभी पीछे है अभी उनकी कोई घोषणा नही है, हो सकता हमारी घोषणा से कुछ ज्यादा करें। दोपहर एक बजे आवापल्ली में पहुंचने पर कांग्रेसियों ने जोरदार स्वागत किया। साथ प्रदेश कांग्रेस के युवा नेता कोकोचंद पाढ़ी साथ आये थे। मंच पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, नीना रावतिया, नपाध्यक्ष बेनहुर रावतिया, महासचिव सुखदेव नाग, मनोज अवलम, वेणुगोपाल राव, रितेश दास, इम्तियाज खान, अनिता तेलम, रत्ना सोढ़ी सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। पुलिस प्रशासन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# संस्कारधानी में हिंसात्मक गतिविधियों को रोकने भाजपा प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से मिला

**राजनांदगांव,30 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल आज निर्वाचन आयोग से मिला, जिसमें चुनाव संचालक मधुसूदन यादव पूर्व सांसद अभिषेक सिंह वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल एवं जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल शामिल थे ।

भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने भारत निर्वाचन आयोग के पर्यवेक्षक से मुलाकात कर सत्ता पक्ष के प्रभाव एवं प्रशासनिक संरक्षण में बाहरी एवं असामाजिक तत्वों द्वारा हिंसात्मक गतिविधियों को अंजाम देकर मतदाताओं को प्रभावित करने का शिकायत भी की निर्वाचन आयोग को सौंपे पत्र में भाजपा ने कहा कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के उपरांत संस्कारधानी राजनांदगांव में कांग्रेस समर्थित कार्यकर्ताओं एवं बाहरी व्यक्तियों द्वारा चुनाव को प्रभावित किए जाने के उद्देश्य से शहर में अशांति एवं भय का माहौल निर्मित किया जा रहा है, जिससे मतदान शांतिपूर्वक संपन्न होने की संभावना नहीं है।

भाजपा ने आगे कहा कि 27 अक्टूबर को तुलसीपुर क्षेत्र में एक युवक निखिल वैष्णव द्वारा अपने घर में कांग्रेस का झंडा न लगाने के आग्रह करने पर आठ से दस लोगों द्वारा निखिल वैष्णव पर प्राण घातक हमला किया । एफ आई आर करने के बाद भी महज खानापूर्ति के लिए चार आरोपियों को जमानती धारा में अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना के 36 घंटे उपरांत भी अस्पताल प्रबंधन द्वारा एम एल सी रिपोर्ट नहीं बनाई गई, बार-बार मांग किए जाने पर भी उक्त रिपोर्ट नहीं बनाई जा रही है, इससे यह स्पष्ट है कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा दबाव में गलत रिपोर्ट बनाई जा सकती है। किंतु संबंधित जांच करता द्वारा महज खानापूर्ति कर अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 294 ,323, 506/ 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया, जिससे यह स्पष्ट है कि पुलिस प्रशासन दबाव में निष्पक्ष कार्रवाई एवं जांच नहीं कर पा रही है एवं पुलिस प्रशासन द्वारा विवेचना में भी ढिलाई बरती जा रही है, जिससे अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है एवं आरोपियों को बचाया जा रहा है । घटना के आसपास के कैमरे का सीसीटीवी फुटेज भी नहीं खंगाला जा रहा है। पुलिस प्रशासन विशेष कर नगर पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी के द्वारा प्रकरण में कार्यवाही नहीं की गई है, जिससे स्पष्ट होता है कि आरोपियों को जानबूझकर संरक्षण दिया जा रहा है। इसलिए भाजपा ने ऐसी परिस्थितियों में पुलिस अधिकारी की कार्यप्रणाली एवं संदिग्ध आचरण को देखते हुए उन्हें चुनाव तक कहीं अन्य स्थल पर स्थानांतरित किया जाए एवं निष्पक्ष अधिकारियों को पदस्थ किया जाए, जिससे आदर्श आचार संहिता का पालन हो सके।इसी तरह से विगत दिनों भाजपा दक्षिण मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी, महामंत्री हकीम खान, उत्तर मंडल उपाध्यक्ष सुमित भाटिया एवं अशोक निर्मलकर को चुन्नीलाल यादव द्वारा फोन के माध्यम से धमकी देकर चुनाव में भाजपा के पक्ष में कार्य नहीं करने की बात की गई है, जो की गंभीर कृत्य है एवं आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है अतः उक्त आरोपी चुन्नी यादव को भी गिरफ्तार किया जावे, इसी तरह से एक अन्य घटना जिसमें भाजपा पार्षद गगन आइच को निगम आयुक्त द्वारा अपने शासकीय निवास में वार्ड वासियों की समस्या को लेकर चर्चा किए जाने पर मारपीट की गई एवं पार्षद की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई अपितु पार्षद के विरुद्ध और अजमानती धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया, ताकि वह चुनाव से दूर रहे, जो कि सिविल सेवा के आचरण के विरुद्ध है एवं आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन भी है, ऐसी स्थिति में आयुक्त के विरुद्ध कार्रवाई की जाकर तत्काल प्रभाव से हटाया जाना उपयुक्त होगा। अतः उपरोक्त सभी घटनाओं में बाहरी व्यक्तियों का प्रभाव स्पष्ट दिखता है, और शहर के संवेदनशील बूथों जैसे गौरी नगर,भरकापारा, डबरीपारा में प्रतिदिन पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, ताकि मतदाताओं को बाहरी लोगों द्वारा प्रलोभन दिए जाने की घटना को रोका जा सके, साथ ही भाजपा के पत्र में कहा गया कि भारतीय जनता पार्टी के दीवार लेखन झंडा बैनर को भी कांग्रेस के असामाजिक तत्वों द्वारा निकाला जा रहा है, जो कि आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है।

# शहर में कई जगह मधुमक्खियों के छत्तों से हमले का खतरा



**पत्थलगांव, 30 अक्टूबर।** शहर के मुख्य मार्ग मे बनी कुछ आलीशान ईमारतो की छत पर बने मधुमक्खियों के छत्ते को लेकर वनविभाग गंभीर नही है,कुछ माह पूर्व रायगढ रोड स्थित एक टावर की क्षत से मधुमक्खी का छत्ता टूटकर पास मे ही बैठे रेस्टोरेंट के अनेक ग्राहको को घायल कर दिया था,मधुमक्खियों के डंक से कुछ बच्चे भी घायल हुये थे,जिसके बाद शहर मे मधुमक्खियों के छत्ते हटाने की कई दिनो तक चर्चा चली,परंतु वनविभाग शायद इस बात से बिल्कुल बेखबर है। रायगढ रोड स्थित एक टावर की छत पर अब भी दो दर्जन से अधिक छत्ते लटकते आसानी से देखे जा सकते है,इस ईमारत के पास ही नेता एवं बडे अफसरो के रूकने का विश्राम गृह भी मौजुद है,वनविभाग जनता की तकलीफ के अलावा शासन प्रशासन के नुमाईंदो पर आने वाली विपदा से भी अनभिज्ञ बना हुआ है,विश्राम गृह के पास ही एक विशालकाय वृक्ष मे भी सौ से अधिक मधुमक्खियो ने छत्ते बना रखे है,शोरगुल या दीपावली के फटाखो की आवाज से यदि मधुमक्खियां विचलित होकर अपने घर से बाहर निकलती है तो विश्राम गृह के अलावा सिंचाई विभाग,पशुधन विभाग,लोक निर्माण विभाग एवं इसके दायरे मे आने वाली अनेक रिहायसी कॉलोनीयों मे रहने वाले लोग मधुमक्खियों की चपेट मे आ सकते है। मधुमक्खियों से होने वाले ऐसे हमलो की ओर वनविभाग जरा भी ध्यान नही दे रहा है। आने वाले कुछ दिनो मे ही दीपावली का त्यौहार है,अक्सर मधुमक्खियां शोर गुल मे विचलित होकर हमला करती है,परंतु दीपावली से पूर्व वनविभाग मधुमक्खियों के हमले से खुद को अनभिज्ञ समझकर बैठा हुआ है,यदि आने वाले समय मे इस तरह की कोई घटना शहर मे होती है तो उसकी समस्त जवाबदेही वनविभाग की होगी।।

डॉक्टर ने दी बचने की सलाह-ःएक ही व्यक्ति को अनेक मधुमक्खियों द्वारा काट लिए जाने वाले पर पीडित की मौत भी हो सकती है,ऐसे मामले जिले मे अनेक बार घटित हो चुके है। ब्लाक चिकित्सा अधिकारी डॉ जेम्स मिंज ने बताया कि एक मधुमक्खी के काटने से एंटीबॉयोटिक दवाओ के अलावा पेनकिलर से ईलाज किया जा सकता है,परंतु एक ही व्यक्ति को अनेक मधुमक्खियों द्वारा काट लिए जाने पर उसका डंक बेहद घातक हो जाता है,ऐसी स्थिती मे यदि समय पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र मे पीडित को पहुंचा दिया जाता है तो उसकी जान बचायी जा सकती है। उन्होने लोगो से मधुमक्खियों के छत्तो वाली जगह पर शोर गुल के दौरान या फिर तेज हवा के समय जाने से मना किया है।।

## चोपड़ा चुनाव संचालक नियुक्त

**महासमुंद।** रायपुर जिले के सबसे प्रमुख रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा महासमुंद पूर्व विधायक, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा को रायपुर दक्षिण विधानसभा का चुनाव संचालक नियुक्त होने पर कार्यकर्ता ने बधाई शुभकामनायें दी, ओर कहा की रायपुर दक्षिण के विधायक बृजमोहन अग्रवाल लगातार निरंतर सात बार विजय होते आ रहे है ओर अब डॉ विमल चोपड़ा के चुनाव संचालक बनाये जाने पर इस बार भी रिकार्ड मतों से बृजमोहन अग्रवाल विजय होंगे।बधाई देने वालो में पार्षद देवीचंद राठी, सांसद कार्यालय प्रभारी मोहन साहू, सांसद प्रतिनिधि पवन साहू, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री उत्तरा प्रहरे,जीतेन्द्र साहू, अरविन्द प्रहरे, महेन्द्र सिक्का, गणेश चौहान, कुन्दन साव, डोमार तांडी, अंशुल भारती, साकेत साहू, शुभम पांडे ने बधाई दी

समाचार संक्षेप

## तीन लावारिस बैग में मिला 19 किलो गांजा

**भिलाई, 30 अक्टूबर।** पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस में चेकिंग के दौरान लावारिस हालत में तीन पिंटू बैग लावारिस अवस्था में मिले,जिसमें 19 किलो 300 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। जब्त गांजे की कीमत 3.86 लाख रुपए आंकी गई है दुर्ग रेसुब पोस्ट टीआई एस के सिन्हा ने बताया कि साथ मंडल टास्क टीम दुर्ग, एसआईबी दुर्ग, सीआईबी के साथ



छत्तीसगढ़ चुनाव के मद्देनजर रेलवे स्टेशन दुर्ग में चेकिंग के दौरान मुखबीर सूचना पर गाड़ी संख्या 12843 पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस के आगे के सामान्य बोगी क्रमाक ईसीओ 184481/ सी को चेक किया। मुखबीर के बताए आधार पर उक्त कोच के शौचालय के पास तीन पिंटू बैग लावारिस अवस्था में मिला, जिसे रेलवे स्टेशन दुर्ग के प्लेटफार्म नंबर तीन के नागपुर छोर पर उतार चेक करने पर उसमें कुल 19 किलो 300 ग्राम मादक पदार्थ गांजा पाया गया। जब्त गांजे की कीमत 3,86,000 रुपए है। जिसे एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## एक व्यक्ति के पास से 1200 ग्राम जब्त

**भिलाई,30 अक्टूबर।** भिलाई अवैध रूप से गांजा बेचते वाले एक व्यक्ति को भट्ठी पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 किलो 200 ग्राम मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया है। जब्त गांजे की कीमत 15000 रुपए आंकी गई है।भट्ठी टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति



सेक्टर 4 शिव मंदिर के पास गांजा रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश के लिए खड़ा है । सूचना पर भट्ठी पुलिस ने तत्काल एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रारंभिक कार्रवाई करने मौके पर पहुंची। पुलिस को आते देख संदेही भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। संदेही से पूछताछ करने पर अपना नाम देवता दयाल सिंह( 47 साल ) निवासी क्वार्टर नंबर 17 ए सड़क 37 सेक्टर 4 भिलाई मूल पता उत्तर 24 परगना पश्चिम बंगाल का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से एक गुलाबी रंग के थैले में रखे अवैध रूप से 1 किलो 200 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 15000 रूपये का जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## बेनामी शिकायतों से शासकीय कर्मचारीयों में आक्रोश

**पत्थलगांव, 30 अक्टूबर।** शासकीय कार्यालय मे पदस्थ कर्मचारी इन दिनो बेनामी शिकायतो से अच्छे खासे परेशान दिखायी दे रहे है,यही वजह है कि उन्होने इस बात की शिकायत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर को संघ के माध्यम से सौंपी है। दरअसल इन दिनो अपनी आपसी रंजिश निकालने के लिए कुछ लोगो द्वारा शासकीय कर्मचारीयों की बगैर नाम एवं हस्ताक्षर किये निर्वाचन शाखा मे शिकायत भेज रहे है,यह शिकायतें अधिकांश झूठी एवं आधारहीन है,जिससे छत्तीसगढ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के कर्मचारीयों मे अच्छा खासा आक्रोश है। छत्तीसगढ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष संजय सिंह ने दिन मंगलवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को अपनी लिखित शिकायत मे बताया कि इन दिनो विधानसभा निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है,जिसका फायदा उठाकर बेनाम व्यक्तियों द्वारा बगैर हस्ताक्षर के कर्मचारीयों की शिकायत मुख्य निर्वाचन आयुक्त,मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी,जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजकर बेवजह परेशान किया जा रहा है।

उनका कहना था कि बगैर नाम के की गयी शिकायत निराधार है,परंतु यह ऐसी शिकायतें कर्मचारीयों की छबि धूमिल कर रही है,उन्होने निर्वाचन अधिकारी से बेनामी शिकायत कर्ताओ की जांच कराने की मांग की है। उन्होने शिकायत गलत पाये जाने पर दंडात्मक कार्यवाही की भी मांग की है। उनका कहना था कि विधानसभा चुनाव को लेकर इन दिनो शासकीय कर्मचारी अपने कार्यो मे व्यस्त है,परंतु झूठी एवं निराधार शिकायतो से कर्मचारीयों का मनोबल गिर रहा है,जिससे वे निर्वाचन के कार्य सुचारू रूप से नही कर पा रहे है। उन्होने आरोप लगाया कि शिकायतकर्ता स्वयं का कोई अवैधानिक कार्य ना होने की स्थिती मे भी राजस्व के कर्मचारीयों की झूठी शिकायत कर उन्हे बदनाम करने की कोशिश कर रहे है,जिसकी सक्षम अधिकारी के समक्ष जांच कराकर कार्यवाही करनी चाहिये।।

# पांच महिलाओं के गले से सोने की चेन कर दी पार

**पत्थलगांव, 30 अक्टूबर।** शहर की पांच सभ्रांत महिलाओ के गले से चोरो ने सोने की चैन काट ली। महिलाओ को अपने गले से चैन पार होने की जानकारी घंटो बाद लगी तब तक चोर अपना काम कर नौ दो ग्यारह हो चुके थे,दिन मंगलवार को पंडालो मे विराजमान मां जगत जननी का विर्सजन किया जा रहा था,विर्सजन से पूर्व दुर्गा समितीयों द्वारा मां की शहर मे शोभायात्रा निकाली गयी थी,जिसे देखने के लिए शहर के अलावा आस-पास के ग्रामीण भी यहा पहुंचे हुये थे,जिसके कारण काफी भीड इकटठा हो रखी थी,इस भीड का फायदा उठाकर पांच महिलाओ के गले से कीमती सोने की चैन की चोरी की गयी है,एक घटना सी.सी.टी.वी कैमरे मे भी कैद हुयी है,जिसमे कुछ महिलाओ द्वारा एक महिला के पीछे जाकर उसकी चैन काटते दिखायी दे रही है। बताया जाता है कि गले से सोने की चैन पार करने वाली महिलायें थी,जो गैंग बनाकर घटना को अंजाम दी है,यहा के थाने मे अब तक चैन काटने की दो



शिकायत दर्ज की गयी है,जिसमे पहली शिकायत बिलाईटांगर मौहल्ले मे रहने वाली श्रीमति राम कुमारी चौधरी पति धरमसिंह चौधरी ने लिखायी है,उन्होने अपनी शिकायत मे दर्ज कराया कि दिन सोमवार सायं 5 बजे नया बाजार सब्जी खरीदी कर रही थी,ठीक उसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने गले से सोने की चैन पार कर दी,जिसकी जानकारी उन्हे घर आने के बाद लगी,उन्होने सोने की चैन की कीमत लगभग 66 हजार रूपये दर्ज करायी है। दूसरी शिकायत बर्फ फैक्ट्री गली निवासी अशोक कुमार अग्रवाल पिता राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल उम्र 36 वर्ष द्वारा दर्ज करायी गयी है,उन्होने बताया है कि दिन मंगलवार सुबह 10.00 बजे बर्फ फैक्ट्री गली के दुर्गा पंडाल मे उनकी मां रामवती अग्रवाल पूजा करने पहुंची थी,जहा उनके गले मे पहनी चैन अज्ञात व्यक्ति द्वारा पार कर दी गयी। उन्होने चैन की कीमत 1 लाख रूपये दर्ज करायी है। तीसरी घटना सावित्री देवी पति स्व.सुभाष चंद्र अग्रवाल के साथ घटित हुयी। ये भी दुर्गा विर्सजन की शोभायात्रा देखने घर से बाहर निकली थी,जहा अज्ञात व्यक्ति ने उनके गले से भी सोने की चैन पर हाथ साफ कर दिया। उनकी शिकायत अभी थाना मे दर्ज नही हो पायी है। इसी तरह दो अन्य सभ्रांत परिवार की महिलाओ के गले से भी दिन मंगलवार को सोने की चैन पार कर दी गयी है,इन सभी घटनाओ मे चोरो का सुराग अब तक नही लग पाया है।।

आसानी से खपता चोरी का सामान-ःचोरी का सामान खरीदने वाले शहर मे कुछ साहुकार भी सालो से अपनी दुकानदारी चला रहे है। चोरी का लोहा से लेकर सोना तक यहा के बाजार मे आसानी से बिक जाता है,जिसके कारण चोर हाथ लगने के बाद उन्हे बचाने कई साहुकार पहुंच जाते है,शहर मे चोरी का सोना खरीदने वाले भी अनेक साहुकार बैठे हुये है,जिसके कारण कीमती सामान यहा के बाजार मे आकर बडी ही आसानी से बिक जाता है और यही कारण है कि इन दिनो क्षेत्र मे चोरी की घटना एवं चोरी का सामान बिकना आसान हो चुका है।।

-महिला गिरोह शामिल होने का अंदेशा लगाया जा रहा है,कुछ पुराने घटनाओ के संदिग्धो की पतासाजी कर जल्द ही आरोपियों को पकड लिया जायेगा।

## एक नजर

### दशहरा मनाने भाई के घर आई महिला की सड़क हादसे में मौत

**छुरा 30 अक्टूबर।** शनिवार को छुरा कोमाखान मार्ग पर दादरगांव पुराना के पास तेज रफ्तार मारुती इक्को कार ने पैदल जा रही महिला को पीछे से जोरदार टक्कर मारी जिसमे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई घायल महिला को छुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहा डॉक्टरो ने महिला को मृत घोषित कर दिया घटना शाम 5 बजे कि बताई जा रही है घटना के बाद इक्को चालक व उसके साथी घटना स्थल पर गाड़ी छोड़कर फरार हो गये, मिली जानकारी के अनुसार अनीता बाई यादव छुरा पिपराही से शादी होकर कोमाखान गई थी दशहरा मनाने मायके आई थी दहशरा मनाने के बाद शनिवार को सुबह 8 बजे अपने बड़े भाई से मिलने दादरगांव आई थी अपने भाई के घर से गांव मे ही रहने वाली अपनी भांजी से मिलकर पैदल अपने भाई के घर जा रही थी तभी छुरा से कोमाखान रोड पर मारुती इक्को CGO4LE5962 ने महिला को पीछे से जबरदस्त टक्कर मारी जिससे महिला खून से लथपथ होकर सड़क किनारे गिर गई घटना के बाद इक्को चालक व वाहन मे सवार लोग गाड़ी छोड़कर फरार हो गये,घटना कि सूचना मिलते ही छुरा पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मारुती इक्को को थाने ले गई पुलिस ने मृतका के भाई के रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर पता साजी मे जुट गई है घटना के बाद पुरे गांव मे शोक कि लहर है।

### गार्डन कुर्सी खरीदी में घोटाला

**रायपुर 30 अक्टूबर।** नगर निगम में जोन क्रमांक 5 में खुलेआम भ्रष्टाचार होता है। ताजा मामला वामनराव लाखे वार्ड क्रमांक 66 का है है। यहां वार्ड में विभिन्न-विभिन्न स्थानों पर जो गार्डन कुर्सियां बैठने के लिए रखी गई है। इस गार्डन कुर्सी का टेंडर जय साई इंटरप्राइजेस नामक संस्था ने लिया था। सूचना के अधिकार के तहत 20 कुर्सी का 2,92,700 रुपए में टेंडर हुआ । लेकिन इसका बाजार मूल्य अधिकतम 5 हजार रुपए है। इस हिसाब से 1,92,000 रुपये का घोटाला हुआ है। जोन के शीर्ष अधिकारियों के संरक्षण के बिना इताना बड़ा भ्रष्टाचार संभव नहीं है। जब गार्डन कुर्सी में इतना भ्रष्टाचार है तो शेष अन्य कार्यो पर कितना होगा। इसका अंदाजा आप लोग लगा सकते है। इसका जवाब न तो जोन कमिश्नर के पास है, और न ही किसी अधिकारी के पास।जोन क्रमाक5 में अंधेरे नगरी चौपट राजा है। यह जानकारी जारी विज्ञप्ति में वृंदावन नगर कुशालपुर निवासी विजय सोना ने दी है।

### बीएनसी मिल का बंद होना राजनांदगाँव के लिये काला अध्याय : हिन्दू युवा मंच

**राजनांदगाँव 30 अक्टूबर।** राजनांदगाँव जिला मुख्यालय में स्थित बंगाल नागपुर कॉटन मिल बंद हुए 20 साल से अधिक हो चुके हैं। इस बीच चाहे पंद्रह साल राज करने वाली भाजपा हो या पाँच साल पूरे करने जा रही कांग्रेस किसी नें भी इसके स्थान पर कोई बड़ा उद्योग लगाने में दिलचस्पी नही दिखाई। दोनों ही राजनितिक दलों के निकम्मेपन और ईच्छाशक्ति के अभाव के कारण इसके बंद होने के बाद कोई बड़ा उद्योग धंधा राजनांदगाँव जिला मुख्यालय में दोबारा नही खोला जा सका। जहाँ रमन सरकार नें पंद्रह साल राज किया वहीं भूपेश सरकार नें लगभग साढ़े चार साल राज किया, इतने साल कम नही होते, उद्योग धंधे लगाने के लिये। भाजपा सरकार अपने शासनकाल में लॉलीपॉप देती रही तो कांग्रेस सरकार झुनझुना थमाते रही। मिल के बंद होने की खींचतान की चर्चा हमेशा से ही गर्म रही लेकिन दोनों ही राजनितिक दलों नें अपने शासनकाल में किसी बड़े उद्योग की सौगात नही दी। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही बीएनसी मिल के बंद होने का कारण गिनाते रहे और एक दूसरे पर आरोप मढ़ते रहे लेकिन केंद्र में बैठी भाजपा सरकार को और राज्य में बैठी कांग्रेस सरकार, दोनों ही नें अपने नकारेपन के कैरेक्टर से बाहर आने की कोशिश नही की। अब जब विधानसभा चुनाव सर पर है तब इसकी पूरी सम्भावना है कि, दोनों ही राजनितिक दल जिला मुख्यालय में किसी बड़े उद्योग की स्थापना का जिक्र अपने - अपने घोषणा पत्र में प्रमुखता से करेंगे, लेकिन इसकी भी पूरी सम्भावना है कि, घोषणा करने के बाद भी राजनांदगाँव की जनता हमेशा की तरह ठगी जायेगी।

# कसडोल में भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी का हो रहा विरोध

## भाजपा की बैठक में शामिल नहीं हुए वरिष्ठ नेतागण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल 30 अक्टूबर।** कसडोल विधानसभा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रत्याशियों की घोषणा के साथ ही पार्टी के वरिष्ठ जनों की नाराजगी फूट पड़ी है जहां भाजपा द्वारा घोषित किए गए प्रत्याशी धनीराम धीवर को लेकर वरिष्ठ नेताओं में गहरी नाराजगी है ! वहीं कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी संदीप साहू पर बाहरी प्रत्याशी होने का आरोप लगाते हुए जिला पंचायत सदस्य ने निर्दलीय फॉर्म जमा कर दिया है ! वहीं नंदकुमार बघेल के काफी करीबी रहे नेता विमल साहू द्वारा अपने समर्थकों के साथ दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है ! जिसे लेकर पार्टी संगठन समेत चुनाव संचालन में जुड़े लोगों को असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा है !

गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा वर्षो से क्षेत्र में सक्रिय वरिष्ठ नेताओं के अलावा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के बजाय धनीराम धीवर को पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया गया है ! रूष्ट कार्यकर्ताओं के अनुसार पूर्व में आयोजित भाजपा के किसी भी कार्यक्रम में धनीराम धीवर शामिल नहीं हुए हैं और ना ही उन्होंने कभी पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाया है ! जिसके चलते धनीराम धीवर के चुनावी रणनीति के लिए भाजपा मंडल पलारी में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में पलारी मंडल के वरिष्ठ नेता पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर व प्रदेश कार्य समिति सदस्य योगेश चंद्राकर , विपिन बिहारी वर्मा , प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ ओम प्रकाश चंद्रवंशी , दुर्गा महेश्वर जैसे नेता बैठक में शामिल नहीं हुए जिसे इन नेताओं की नाराजगी से जोड़कर देखा जा रहा है ! क्षेत्र की राजनीति में दशकों से सक्रिय उक्त सभी नेता टिकट के प्रमुख दावेदारों में भी शामिल रहे हैं यही नहीं प्रमुख भाजपा कार्यकर्ताओं में भी प्रत्याशी चयन को लेकर गहरा असंतोष व्याप्त है ! भाजपा कार्यकर्ताओं में इतना अधिक आक्रोश है कि सोशल मीडिया में भी पार्टी के निर्णय के प्रति जमकर भड़ास निकाला जा रहा है !

कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर भी क्षेत्र में सक्रिय नेताओं में रोष व्याप्त है जिनमें कसडोल पार्टी से संबंधित एवं जिला पंचायत सभापति गोरेलाल साहू ने संदीप साहू को बाहरी प्रत्याशी होने का आरोप लगाते हुए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ताल ठोंक दिया है ! इसके अलावा कसडोल की राजनीतिक का एक महत्वपूर्ण चेहरा विमल साहू भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली पहुंचकर , संदीप साहू को पैराशूट प्रत्याशी बतलाते हुए टिकट देने का विरोध कर रहे हैं ! इस संबंध में यह भी उल्लेखनीय की कांग्रेस पार्टी से भी पलारी व कसडोल क्षेत्र के कई नेताओं ने दावेदारी प्रस्तुत किया था परंतु अंतिम समय में कांग्रेस पार्टी द्वारा तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू को प्रत्याशी घोषित कर दिया गया ! वर्तमान में दोनों ही दल प्रचार प्रसार के बजाय असंतुष्ट वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के मान मनौव्वल में जुटे हुए हैं !

# वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता जान सकते हैं प्रत्याशी के बारे में

**बलौदाबाजार,30 अक्टूबर।** छ्त्तीसगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन के लिए मतदान की तिथि नजदीक आ रही है। दो चरणों में हो रहे मतदान के लिए मतदाताओं में काफी उत्साह है। ऐसे में मतदाता यह जानने के लिए उत्सुक होते हैं कि मतदान के लिए उनका कौन सा केन्द्र है, उनका नाम किस भाग संख्या अथवा क्रमांक पर है। ऐसी प्राथमिक जानकारी सहित कई अन्य जानकारियाँ अब मोबाइल फोन पर ही देखी जा सकती हैं।

सुगम मतदान की दिशा में भारत निर्वाचन आयोग की वोटर हेल्पलाइन एप्प एक उपयोगी एप्लीकेशन है जो आम मतदाताओं को उपयोगी जानकारी त्वरित गति से उपलब्ध कराने में कारगर साबित हो रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस दिशा में सतत प्रयास किया जाता है कि अपने मताधिकार का प्रयोग करने से कोई भी मतदाता वंचित न रहे। आयोग द्वारा वोटर हेल्पलाइन एप (ङ्कश्लह्लद्गह्म ॥द्गद्यश्चद्यद्बठ्ठद्ग-श्रश्च) की शुरूआत इसी उद्देश्य से की गई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि यह एक बहुउपयोगी एप है। यह एंड्रॉयड (ठ्ठस्त्रह्म्श्रद्बस्त्र) एवं आईओएस (द्बह्रस्) दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। इसमें मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डालकर बहुत ही आसानी से अपनी विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं।

वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र सहित किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसमें प्रत्याशी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र भी देखा जा सकता है। इसके जरिए मतगणना दिवस को विधानसभावार परिणाम की अधिकृत जानकारी भी देखी जा सकती है। इस एप के माध्यम से निर्वाचन सम्बन्धी किसी भी प्रकार की शिकायत भी की जा सकती है। मतदाताओं की जागरूकता के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) के संचालन संबंधी वीडियो भी देखे जा सकते हैं।

# डबल इंजन की सरकार बनाकर करें छत्तीसगढ़ का विकास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**लवन 30 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा की क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ी विधानसभाऔर हाई प्रोफाइल सीट माने जाने वाले विधानसभा क्षेत्र कसडोल से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार धनीराम धीवर सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का चुनावी संबंधी समीक्षा एवं मंथन बैठक मंडल लवन के अग्रवाल परिसर में आयोजित की गई। जिसमें बिहार दरभंगा के विधायक संजय सिंह सम्मिलित हुए। साथ में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्षएवं पुर्व विधायक डॉक्टर सनम जांगड़े प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं चुनाव संचालक कसडोल विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी धनीराम धीवर सहित सभी वरिष्ठ पार्टी के नेताओं ने अपनी अपनी विचार रखते हुए इस बार कसडोल विधानसभा क्षेत्र को अधिक से अधिक लीड से जीतने का संकल्प लेते हुए दरभंगा बिहार से आए विधायक द्वारा पार्टी के कार्यकर्ताओं को आह्वान करते हुए संकल्प दिलाया कि इस बार डबल इंजन की सरकार बनाते हुए छत्तीसगढ़ में विकास की गंगा बहाने के लिए पूर्ण बहुमत के साथ प्रत्याशी को जिताना है, और देश के सर्वाधिक कद्दावर नेता नरेंद्र मोदी को समर्थन देते हुए सहयोग करने की अपील की गई भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी धनीराम धीवर द्वारा उपस्थित



सभी लवन मंडल के कार्यकर्ताओं को निवेदन करते हुए कहा कि मैं एक सामान्य गरीब परिवार से संबंध रखने वाले पार्टी का छोटा सा कार्यकर्ता हूं और मुझ जैसे गरीब किसान मजदूर के ऊपर यदि पार्टी ने विश्वास जताया है तो सिर्फ और सिर्फ आप लोगों की मेहनत और आशीर्वाद का एक प्रतिफल है।

यदि मेरे सभी पार्टी के कार्यकर्ता एक परिवार के सदस्य होने के नाते सहयोग करेंगे और आप लोगों के आशीर्वाद के कारण ही मैं चुनाव जीतकर आपके साथ-साथ क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं का और विधानसभा क्षेत्र के सभी सदस्यों का सहयोग करने का मैं संकल्प लेता हूं और क्षेत्र में हमेशा आम जनता किसान मज़दूर सहित सभी वर्गो को साथ लेकर चलूंगा और क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण करने के लिए मैं हमेशा आपके साथ तत्पर रहूंगा चुनाव संचालक एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य डा अजय राव ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुवे आह्वान करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक आदर्श वादी पार्टी है जो कार्यकर्ताओं की बदौलत चलती है इस बार पार्टी सोच समझ कर विधायक प्रत्याशी घोषित किया है जो एक सामान्य परिवार के सरल सहज मिलनसार पार्टी का सामान्य कार्यकर्ता है इसे जीतकर हमारे राष्ट्रीय नेता देश के सर्वाधिक कद्दावर नेता नरेन्द्र मोदी जी का साथ देना है और डबल इंजन की सरकार बनाकर छत्तीसगढ़ विकास की गंगा फिर से बहाएंगे मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक में कसडोल विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी धनीराम जी धीवर दरभंगा बिहार के विधायक माननीय संजय जी, जिलाध्यक्ष डा सनम जांगड़े, पूर्व जिलाध्यक्ष डा अजय राव लवन नगर पंचायत अध्यक्ष मीना बार्वे, उपाध्यक्ष रामकुमार साहू, लवन मंडल के अध्यक्ष विजय यदु, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुलोचना यदु पूर्व मण्डल अध्यक्ष दुर्गा पटेल, जिला पंचायत सदस्य युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष प्रशांत यदु नवीन मिश्रा गिरधारी वर्मा, नरोत्तम बघेल हेमंत साहू शिव वर्मा ओमप्रकाश वर्मा फिराता निर्मलकर किशोर कुमार वर्मा के साथ लगभग 1000 कार्यकर्ता बैठक में सम्मिलित हुए।इसी प्रकार कसडोल मंडल में अयोजित समीक्षा बैठक में पार्टी प्रत्याशी धनी राम धीवर के साथ साथ जिला अध्यक्ष डा सनम जांगड़े प्रदेश कार्य समिति सदस्य डा अजय राव मंडल अध्यक्ष मेलाराम साहु मंडल महामंत्री रामचंद्र ध्रुव प्रदेश मंत्री श्याम भाई साहू पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल मंडल उपाध्यक्ष सुदीप मानिकपुरी संतोष कश्यप जिला पंचायत सदस्य नवीन मिश्रा महिला मोर्चा अध्यक्ष अनुराधा कर्स नागेश्वर साहू सीमा थवाईत पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री गिरधारी लाल वर्मा दीपक वर्मा सहीत लगभग 500 कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने त्योहारी सीजन को देखते हुए शत प्रतिशत कचरा उठाने के दिए निर्देश

**धमतरी 30 अक्टूबर।** उपायुक्त पी सी सार्वा ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की बड़ी बैठक ली। उन्होंने त्योहारी सीजन को देखते हुए शत प्रतिशत कचरा कलेक्शन करने के निर्देश दिए है। दीपावली का त्योहार आते ही सभी के घरों में साफ सफाई शुरू हो जाती है वही बहुत सारे पुराने सामान भी इस दौरान निकलते हैं, जिसको देखते हुए डोर टू डोर कचरा कलेक्शन पूर्ण रूप से करने के निर्देश उपायुक्त ने बैठक में दिए हैं। उन्होंने कहा कि डोर टू डोर कचरा कलेक्शन को और भी तत्परता से करें। इसको लेकर निगम ने भी सभी से सहयोग की अपील की है और कहा है कि कचरे को बाहर न फेके, कचरा और गंदगी न फैलाएं और न ही नाली में डालें। कचरे को अलग-अलग सुखा कचरा पृथक से तथा गीला कचरा पृथक से रखें। सूखा कचरा नीला डस्टबिन में तथा गीला कचरा हरे डस्टबिन में रखकर ही प्रदान करें। बैठक में स्वच्छता दीदी जो कि डोर टू डोर कलेक्शन करती है तथा स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर जो सार्वजनिक एवं अन्य स्थानों से कचरा उठाने का काम करते हैं तथा सफाई का कार्य करते हैं इन्हें समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश



उपायुक्त ने दिए हैं। उन्होंने सभी शहरवासियो से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता बनाए रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, कहीं भी कचरा पसारने तथा फैलाने से हमें बचाना चाहिए, अन्यथा गंदगी बीमारी को न्यौता देगा। उल्लेखनीय है कि आयुक्त विनय कुमार पोयाम के निर्देश पर लगातार स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोगों को सफाई के प्रति जागरुक करते हुए परिवर्तन लाने का काम किया जा रहा है। इसका नतीजा यह है कि लोग सफाई वाहन को ही कचरा प्रदान कर रहे हैं। सफाई विभाग की बैठक में प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी मोहम्मद शेर खान, शशांक मिश्रा, सुपरवाइजर धनेश सिन्हा, स्वास्थ्य विभाग के सभी सुपरवाइजर तथा स्वच्छता दीदी सुपरवाइजर आदि मौजूद रहे।

## समाचार संक्षेप

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से अधिकारियों की ली बैठक




**बालोद,30 अक्टूबर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ श्रीमती रीना बाबा साहब कंगाले ने आज वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के कार्यो के संबंध में रिटर्निंग अधिकारियों एवं डाक मत पत्र, मतदाता सूची, चिन्हित प्रति के नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने द्वितीय चरण में मतदान होने वाले राज्य के 70 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव चिन्ह का आबंटन एवं ÷फॉर्म 07 क÷ की तैयारियों के अलावा निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति तथा अनुपस्थित, स्थानांतरित एवं मृत मतदाताओं की सूची तैयार करने एवं डाक मत पत्र आदि से जुड़े कार्यो की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुलदीप शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चंद्रकांत कौशिक, अपर कलेक्टर श्री शशांक पाण्डेय सहित जिले के सभी रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के अलावा डाक मत पत्र एवं मतदाता सूची चिह्नित प्रति के नोडल अधिकारी संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

### जिले के 16 शिक्षण संस्थाओं में बनाया गया परीक्षा केंद्र

**बालोद, 30 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित में विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु रविवार 29 अक्टूबर 2023 को बालोद जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया है। संयुक्त कलेक्टर एवं व्यापम के नोडल अधिकारी श्री योगेन्द्र श्रीवास ने बताया कि इसके अंतर्गत सहायक प्रबंधक (फील्ड ऑफिसर) कार्यालय सहायक/सामान्य सहायक/समिति प्रबंधक (नवीन संवर्ग) के पदों के लिए भर्ती परीक्षा रविवार 29 अक्टूबर को सुबह 10 से 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसी तरह कनिष्ठ प्रंबधक(2)/ कनिष्ठ प्रबंधन संवर्ग (ट्रेजरी विशेषज्ञ/मुख्य लेखापाल)/उप प्रबंधक/ सहायक प्रबंधक भर्ती परीक्षा द्वितीय पाली दोहपर 02 बजे से 4.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त पदों के लिए भर्ती परीक्षा 29 अक्टूबर को जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा भर्ती परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी उपाय सुनिश्चित की गई है। इसके लिए परीक्षा केंद्रवार प्रेक्षकों की भी नियुक्ति कर दी गई है।

संयुक्त कलेक्टर एवं व्यापम के नोडल अधिकारी श्री योगेन्द्र श्रीवास ने बताया कि इसके लिए जिले के कुल 16 शिक्षण संस्थानों में परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय बालोद, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद, शासकीय आदर्श हायर सेकण्डरी स्कूल बालोद, शासकीय आदर्श कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल बालोद, गुरूकुल हायर सेकण्डरी विद्यापीठ बालोद, सरस्वती शिशु मंदिर गंजपारा बालोद, महावीर इंग्लिश मीडियम हायर सेकण्डरी स्कूल बालोद, शासकीय बुनियादी हायर सेकण्डरी स्कूल पाररास बालोद, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल आमापारा बालोद, शासकीय हाई स्कूल जुंगेरा, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम स्कूल दुधली, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल झलमला, हायर सेकण्डरी स्कूल लाटाबोड़, हायर सेकण्डरी स्कूल जमरूवा, हायर सेकण्डरी स्कूल बड़गांव सहित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौण्डीलोहारा में परीक्षा केंद्र बनाया गया है।



**तिल्दा नेवरा 30 अक्टूबर।** काग्रेस उम्मीदवार शैलेश नितिन त्रिवेदी भोले नाथ के द्वार गांव लखना में सोमनाथ मंदिर में भोले नाथ के मंदिर में माथा टेक पूजा अर्चना की इस कड़ी में गांव लखना सुगेरा सगुनी में जन संपर्क कर लोगो से समर्थन मांगा इस दौरान ग्रामीण अंचल में श्री नितिन त्रिवेदी का भव्य स्वागत किया गया ।

## आगर साहित्य समिति ने शरद उत्सव मनाया

# काव्य संध्या में कवियों ने गीत-गजल से समां बांधा

**मुंगेली 30 अक्टूबर।** शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर आगर साहित्य समिति मुंगेली के द्वारा आर के पैलेस में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शरद उत्सव बड़े ही गरिमामय रूप में मनाया गया । इस अवसर पर काव्य संध्या का आयोजन भी किया गया। काव्य गोष्ठी में कवियों ने श्रृंगार और चांद पर शानदार गीत व गजल प्रस्तुत किया । कार्यक्रम का शुभ आरंभ समिति के संरक्षक जेठमल कोटडिया, प्रवीण वैष्णव, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ अजीज रफीक, प्राध्यापक अशोक गुप्ता, प्रेस क्लब मुंगेली के सचिव योगेश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पाठक, सुशील शुक्ला, जय ताम्रकार, न्यू जनरेशन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राजेंद्र पाटकर व नरेंद्र पाटकर के द्वारा मां सरस्वती के पूजन वंदन के साथ हुआ । सरस्वती वंदना श्रीमती सुधारानी शर्मा ने एवं स्वागत उद्बोधन समिति के उपाध्यक्ष महेंद्र यादव ने किया । इस अवसर पर आगर साहित्य समिति के संरक्षक जेठमल कोटडिया ने कहा- ÷हमारी समिति के द्वारा शरद उत्सव मनाने की पुरानी परंपरा है । इसे आज तक निर्वहन किया जा रहा है । मैं आगर




साहित्य समिति के सभी साहित्यकारों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं ।÷ कार्यक्रम की अतिथि प्रवीण वैष्णव ने कहा- ÷समिति के ऊर्जावान सदस्यों के माध्यम से जो साहित्य की सरिता प्रवाहित हो रही है । आप सबके मध्य उपस्थित होकर बहुत अच्छा लग रहा है। आप सबको मैं शरद पूर्णिमा की बहुत-बहुत बधाई देता हूं ।÷ प्रेस क्लब के सचिव योगेश शर्मा ने अपने डॉक्टर कुमार विश्वास, राष्ट्रकवि दिनकर और हरिओम पवार जैसे ख्यातिलब्ध कवियों की पंक्तियों से शानदार उद्बोधन दिया । पत्रकार प्रमोद पाठक ने कहा- ÷आगर साहित्य समिति नगर की सबसे पुरानी साहित्यिक संस्था है । साहित्य के माध्यम से ही कवि राष्ट्र की भावनाओं को समाज के मध्य प्रस्तुत करते हैं । इस पावन अवसर पर मैं सभी कवियों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं ।÷ वरिष्ठ पत्रकार सुशील शुक्ला ने कहा- ÷मुंगेली में हमेशा कवि और कविता को खूब स्नेह मिला है। यहां देश के बड़े-बड़े कवियों का आगमन हुआ और मुंगेली के श्रोता उन्हें पूरी रात बड़ी तन्मयता से सुना करते थे । यह परंपरा निरंतर बना रहे, यही कामना करता हूं । कार्यक्रम में उपस्थित न्यू जनरेशन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राजेंद्र पाटकर, नरेंद्र पाटकर एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ अजीज रफीक, वरिष्ठ पत्रकार जय ताम्रकार ने भी साहित्यकारों को शरद पूर्णिमा की बधाई दी । शरद पूर्णिमा पर आयोजित काव्य संध्या में मुंगेली नगर के कवियों के साथ ही कवर्धा, लोरमी और तखतपुर के कवि भी सम्मिलित हुए और सबने शानदार काव्य पाठ किया । काव्य संध्या का यह कार्यक्रम अनवरत 3 घंटे तक चलता रहा ।

उपस्थित कवियों ने कविता के माध्यम से सभी रसों का रसास्वादन किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रवीण वैष्णव, जेठमल कोटडिया, डॉक्टर अजीज रफीक, प्रमोद पाठक, योगेश शर्मा, सुशील शुक्ला, जय ताम्रकार, नंदराम यादव, राकेश गुप्त निर्मल, जगदीश प्रसाद देवांगन, अशोक गुप्ता, देवेंद्र परिहार, देव गोस्वामी, महेंद्र यादव, रविन्दर सिंह छाबड़ा, स्वतंत्र तिवारी, श्रीमती सुधारानी शर्मा, ज्वाला प्रसाद कश्यप, श्रीमती सीमा यादव, श्रीमती कौशल सोनी, कमल किशोर सोनी, हूप सिंह क्षत्रिय, पारसमणी शर्मा, वीरेंद्र चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, योगेंद्र चंद्रवंशी, हेमंत कश्यप, अविनाश श्रीवास, विभा सोनी, राजेश सोनी, अशोक कुमार यादव, रामभरोस यादव, रेवती यादव, शुभम यादव, विजेंद्र मानिकपुरी उपस्थित रहे ।

## एक नजर

### आपसी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर, 30 अक्टूबर।** गोल चौक रोहणीपुरम में पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी निशिकांत साहू 27 वर्ष शांति विहार कालोनी डगनिया का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी गोल चौक रोहिणीपुरम के तरफ घुमने गया था, तभी आरोपी दिनेश पांडे व साहेब प्रार्थी के पास आया और पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### तालाब के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 30 अक्टूबर ।** मठपुरैना तालाब के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विनय देवदास 20 वर्ष शिवनगर मठपुरैना का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एम डब्ल्यू 0396 को मठपुरैना तालाब के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर, 30 अक्टूबर।** केबीटी फेस 3 कबीरनगर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी 25 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया रिंकी साहू 40 वर्ष केबीटी 27 फेस 3 कबीरनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थिया 29 अक्टूबर के दोपहर कहीं गई थी। जब रात में वापस आई तो देखी की घर का ताला टूटा हुआ है और आलमारी में रखे नकदी 25 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर गायब है। चोरी गए जुमला कीमती करीब 65 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बाइक सवार युवक की खड़े ट्रक से टकराने से मौत

**रायपुर, 30 अक्टूबर।** टाटीबंध चौक स्थित हीरा ढाबा के पास खड़ी ट्रक से बाइक सवार जा टकराया। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। मामले में आमानाका थाना पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक हुकुम पाल 18 वर्ष ग्राम कंडरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीएच 1625 से कहीं जा रहा था, तभी टाटीबंध चौक स्थित हीरा ढाबा के पास खड़ी ट्रक क्रमांक सीजी 08 एए 9399 से जा टकराया। इस हादसे में हुकुम पाल की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक हितेश कुमार के खिलाफ धाऱ्हा 283, 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 10 पकड़ाए

**रायपुर, 30 अक्टूबर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने अरविंद नगर चौक पेंशनबाड़ा में सरेआम शराब पीते आरोपी गुरूदेव निहाल 45 वर्ष एवं विधानसभा पुलिस ने आरोपी गंगाधर नायडू 34 वर्ष, योगेन्द्र गिरी गोस्वामी 26 वर्ष, नकुल साहू 51 वर्ष व नंदकुमार यादव 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह माना पुलिस ने आरोपी गणेश साहू 45 वर्ष, रामकरण निषाद 48 वर्ष, शेरू धृतलहरे 19 वर्ष व सूरज धृतलहरे 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी बलराम गिलहरे 35 वर्ष एवं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी अशोक ठाकुर 44 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### तलवार लेकर आतंक फैलाता युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 30 अक्टूबर।** नेवरा पुलिस ने तलवार लेकर आतंक फैलाते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि बीएनबी स्कूल के पास एक युवक तलवार लेकर आतंक फैला रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी मोहम्मद आसिफ 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से तलवार जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।





**बगावत** रायपुर। टिकिट नहीं मिलने से अपने-अपने दलों से नाराज नेताओं ने आज चुनावी पर्चा दाखिल किया। कांग्रेस पार्षद अजीत कुकरेजा ने उत्तर से टिकिट मांगी थी। प्रत्याशी नहीं बनाए जाने पर उन्होंने आज अपने समर्थकों के साथ रैली निकालकर नामांकन भरा। वे निर्दलीय चुनाव लड़ेगें। वही भाजापा नेत्री सावित्री जगत रिक्शा में सवार होकर कलेक्टोरेट पहुंची और अपना नामांकन दाखिल किया।

## इस बार राजधानी की चारों सीटों पर कांग्रेस की जीत तय: दुबे

**रायपुर 30 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव 2023 के नाम घोषित होने के बाद नामांकन पत्र दाखिल करने का दौर जारी है। इसी बीच प्रदेश की राजधानी रायपुर की चारों विधानसभा सीटों को लेकर रायपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे से चर्चा की गई। जिसमें उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ दावा किया है कि इस बार राजधानी की चारों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी जीत का परचम लहराएंगे। कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने आम लोगों, गरीबों और किसानों के साथ साथ प्रदेश की युवा पीढ़ी और शासकीय कर्मचारियों को राहत देने में सफल हुई है, जिसके चलते राजधानी रायपुर में इस बार आम लोगों का भरपूर समर्थन कांग्रेस पार्टी को मिल रहा है।

## जर्जर सड़क व धूल के गुबार से लोग परेशान

**रायपुर, 30 अक्टूबर।** पुरानी बस्ती क्षेत्र को अब शहरवासी गड्ढा बस्ती के नाम से जानने लगे हैं. बीते एक वर्ष से बूढेश्वर चौक से लाखेनगर नगर के बीच अमृत मिशन पाइप लाइन, अंडरग्राउंड केबल के नाम से गड्ढे तो खोदे जा रहे हैं, जिसके चलते वहां के रहवासी पेयजल व धूल से परेशान हैं, हालांकि सड़क में दो-तीन बार पानी का छिड़काव किया जा रहा है, लेकिन उसमें भी वाहन चालक फिसल कर गिर रहे हैं.

इसे लेकर स्थानीय पार्षद व मोहल्लेवासी आंदोलन की तैयारी में हैं. वहीं सत्यमेव जयते फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक कन्हैया अग्रवाल आमरण अनशन पर बैठ गए हैं. एक तरफ पूरे शहर की दुर्गा प्रतिमा पुरानी बस्ती के रास्ते महादेव घाट विसर्जन कुंड जाती है. लेकिन अभी भी इस मार्ग में नाम मात्र के पेंचवर्क किए गए हैं और सड़कों की खुदाई चल ही रही है, जिसके कारण पिछले 15 दिनों से रहवासी पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं.



#### धूल के साथ व्यापार नहीं

सड़कों की खुदाई चल रही है, जिसके चलते एक तरफ लीली चौक, मुरली मंदिर, बरईपारा, अमीनपारा, पुरानी बस्ती थाना के आसपास रहने वाले लोग एक वर्ष से पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं, वही मुख्य मार्ग में कपड़े, किराना, मिठाई सहित कई दुकान संचालित हैं. अभी धूल के गुब्बारे के कारण व्यापारी परेशान हैं. इसे लेकर मोहल्लेवासी निगम कमिश्नर व स्थानीय पार्षद से मुलाकात भी की है. फिर भी अभी तक पेयजल की समस्या दूर नहीं हुई है. नगर निगम अधिकारी स्मार्ट सिटी पर आरोप लगाते हैं, तो स्मार्ट सिटी के अधिकारी निगम पर. निगम के निदान पोर्टल पर भी शिकायत की गई है, जिसमें अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है. गणेश उत्सव के समय पुरानी बस्ती थाने के सामने सितंबर में केबल बिछाने के लिए गड्ढे खोदे जाने के कारण चावल से भरा ट्रक पलटते हुए बच तो गया.

## भारतीय जनता पार्टी के 2 केंद्रीय चुनाव कार्यालयों का शुभारंभ

**रायपुर 30 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को रायपुर में अपने 2 केंद्रीय चुनावी कार्यालयों का शुभारंभ किया। वरिष्ठ भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने किरोड़ीमल धर्मशाला जवाहर नगर में रायपुर पश्चिम के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया यहां से पार्टी की तरफ से राजेश मूणत मैदान में है।



वहीं दूसरी तरफ भानपुरी में रायपुर ग्रामीण क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस सीट से मोतीलाल साहू को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है।इस मौके पर बृजमोहन अग्रवाल के साथ ही रायपुर सांसद सुनील सोनी, राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, जयंती भाई पटेल, सभी मंडल अध्यक्ष, प्रभारी और पदाधिकारियों समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यकताओं से जनता के बीच में जाने, राज्य सरकार की नाकामियों और भ्रष्टाचार से जनता को जागरूक करने को कहा। इतना ही नहीं बृजमोहन अग्रवाल ने पहले की भाजपा सरकार के विकास के कामों को भी याद दिलाने की बात कही। और एक बार फिर विकास के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की। बृजमोहन अग्रवाल को अपने बीच पाकर पार्टी कार्यकर्ता भी जोश में भरे दिखाई दिए।

### कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम की मुख्य निर्वाचन आयुक्त से की शिकायत

**रायपुर, 30 अक्टूबर ।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताया है एवं मुख्य निर्वाचन आयुक्त को कार्यवाही हेतु शिकायत भेजी है। शिकायत में कहा है कि पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव चल रहे हैं, आदर्श आचार संहिता लागू है, ऐसे समय में प्रधानमंत्री के मन की बात का रेडियो और टीवी में प्रसारण आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट तौर पर पांचो राज्यों में चुनावी आचार संहिता का उल्लंघन किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संवैधानिक पद पर रहते हुये, राजनैतिक लाभ के लिये विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण विभाग के अधीन आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के कार्यक्रम का इरादतन दुरुपयोग किया है।

## वर्कशॉप में एक्सपर्ट ने मेकअप के दिए टिप्स

**रायपुर 30 अक्टूबर।** रायपुर के मध्य टैगोर नगर स्थित डीएसआईएफडी इंस्टीट्यूट जहाँ फैशन डिजाइनिंग, इंटिरियर डिजाइनिंग इवेंट मैनेजमेंट का कोर्स होता है, चेयरमैन राजेश बरलोटा एवं डायरेक्टर शेखर जैन के नेतृत्व मैं फैशन डिजाइनिंग के स्टूडेंट करिश्मा सिंह के द्वारा दिनांक 28 अक्टूबर 11एम 12 पीएम तक एक मेकअप वर्कशॉप का आयोजन रखा गया था। यह मेकअप वर्कशॉप हर वर्ग के लोगो के लिए रखा गया था,, और इस मेकअप वर्कशॉप की महत्वपूर्ण बात यह है कि जो हमारी मेकअप एक्सपर्ट करिश्मा सिंह है वे यह आयोजन फ्री ऑफ कॉस्ट मे करवा रही है।और यहां मेकअप वर्कशॉप की शुरुआत हमारे डायरेक्टर सर शेखर जैन ने की और उनके साथ उन्होंने हमें मोटिवेशनल स्पीच दी और मोटिवेट भी किया सेल्फ टैलेंट प्रेजेंट करने के लिए और उनके साथ फिर हमारे मेकअप आर्टिस्ट का स्वागत किया गया हमारे स्टूडेंट्स द्वारा फिर हमारे मेकअप आर्टिस्ट करिश्मा सिंह ने बहुत ही अच्छे तरह से अपना परिचय दिया और अपनी यात्रा के बारे में बताया कि वो आपने मेकअप कहा से और कैसे सीखें उसके साथ वो हमारे डीएसआईएफडी इंस्टीट्यूट के छात्र भी हैं और वो अपना परिचय भाग ख़त्म करते हैं फिर वो अपना सेल्फ मेकअप वर्कशॉप की शुरुआत करते हैं।




### बैंक खाते के दुरुपयोग पर चारसौबीसी का मामला दर्ज

**रायपुर, 30 अक्टूबर।** प्रार्थी द्वारा यश बैंक के कस्टमर केयर में फोन लगाकर 26 अगस्त कों उक्त चालू खाते को डेबिट फ्रिज करवाया गया तथा दिनांक 28 अगस्त को यश बैंक सिविल लाईन रायपुर में जाकर फर्म के चालू खाते की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किया गया। प्रार्थी द्वारा देवेश से पैसा आने-जाने के संबंध में पूछा गया लेकिन वह टाल मटोल करने लगा तथा प्रार्थी द्वारा 10 प्रतिशत लाभ को मांगने पर आज कल कहते हुए आनाकानी कर उसे लाभांश भी नहीं दिया गया।

## त्यौहारों में देश में 3.5 लाख करोड़ रुपये के व्यापार की संभावना

**रायपुर 30 अक्टूबर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवम कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि भारत के सबसे बड़े त्यौहार दिवाली एवं उससे जुड़े अन्य त्यौहारों की श्रृंखला को ज़ोर-शोर से मनाने के लिए व्यापारी और उपभोक्ता दोनों बेहद उत्साहित हैं और यही वजह है कि इस बार दिवाली के त्यौहारों के सीजन में देश के बाज़ारों में लगभग 3.5 लाख करोड़ रुपये के व्यापार होने की संभावना है ।

कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) द्वारा देश के विभिन्न राज्यों के 30 शहरों में व्यापारी संगठनों के ज़रिए कराये गये एक हालिया सर्वे की समीक्षा में यह सामने आया कि इस वर्ष व्यापारियों ने बड़े पैमाने पर ग्राहकों की माँग एवं पसंद को पूरा करने के लिए व्यापक तैयारियाँ की है । जिस प्रकार से देश भर के बाज़ारों में इस बार रक्षा बंधन, गणेश पूजा, नवरात्रि, दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर ग्राहकों ने खुलकर ख़रीदारी की है उसको देखते हुए इस वर्ष त्यौहारों के सीजन का व्यापार 3.5 लाख करोड़ रुपये का होने की प्रबल संभावना है।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया की एक मोटे अनुमान के अनुसार दिवाली त्यौहार के मौक़े पर लगभग 65 करोड़ ग्राहक बाज़ारों में ख़रीददारी करते हैं और अगर औसतन हम प्रति व्यक्ति 5500 रुपये की ख़रीद करे तो यह आँकड़ा ही 3.5 लाख करोड़ के व्यापार को पार करता है । जहां देश में इस त्यौहार पर केवल 500 रुपये या उससे कम ख़रीदारी करने वाले लोग हैं वहीं हज़ारों और लाखों रुपये खर्च करने वालों की भी कमी नहीं है और इसीलिए देश में दिवाली त्यौहार के सीजन की महत्त्वता व्यापार की दृष्टि से बेहद ही महत्वपूर्ण है ।

## आज समाज के रिफॉर्मेशन की जरूरत: बिजय

**रायपुर 30 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ व चर्च ऑफ नार्थ इंडिया में रविवार को रिफॉर्मेशन संडे मनाया गया। राजधानी सेंट पॉल्स कैथेड्रल में महा धर्माचार्य द मोस्ट मॉडरेटर बिजय के. नायक आराधना में शामिल हुए। उन्होंने इस मौके पर समाज के रिफॉर्मेशन की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ डायसिस निरंतर आत्मिक उन्नति की ओर बढ़ रही है। यह खुशी की बात है।

इस मौके पर छत्तीसगढ़ डायसिस के सचिव व आयोजन के जनरल कन्वीनर नितिन लॉरेंस डीईसी मेंबर जयदीप रॉबिंसन भी मौजूद थे। प्रवक्ता जॉन राजेश पॉल ने बताया कि सीएनआई का राष्ट्रीय प्रार्थना महोत्सव अब अगले साल गुजरात डायसिस में होगा। राजधानी में पिछले दिनों देश के पहले प्रार्थना महोत्सव की शुरूआत की गई। इस दौरान भारत के साथ ही संपूर्ण के लिए दुआ मांगी गई। चर्च ऑफ नार्थ इंडिया के मॉडरेटर बिजय के. नायक की अध्यक्षता में व छत्तीसगढ़ डायसिस के बिशप एसके नंदा की अगुवाई में यह आयोजन हुआ। कार्यक्रम के लिए कई समितियों ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया। इन सभी के कन्वीनरों व सदस्यों को रविवार को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इनमें प्रार्थना कमेटी रेव्ह सुनील कुमार कन्वीनर, पादरी सुषमा कुमार, पादरी सुबोध कुमार, डॉ राकेश सालोमन जाइन्ट कन्वीनर शामिल हैं। एकोमोडेशन कमेटी - जयदीप राबिन्सन संयोजक, व्हीके सिंग, पीआर पॉल, फ्रैंकलीन आस्टिन, अविनाश प्रसाद। टेक्निकल समिति व साउण्ड सिस्टम मारियो जॉन कन्वीनर, मास्टर योशियाह अनुदित रंजन, अमोन निवेदित रंजन, शैमरोन मसीह, प्रेम मसीह व राकेश गार्डिया।स्टेज एवं वेन्यू अरेंजमेंट समिति - दीपक गिडियन कन्वीनर, डिक्सन बेंजामीन, संजय सालोमन, विनीत पॉल, मनीश दयाल, गुलाब यादव व संजय नायक। रिसेप्शन कमेटी - रूचि धर्मराज कन्वीनर, स्वाति दास, राहुल करीम, मेघा फ्रैंकलीन, अभय सिंग, मंजु लिविंग्सटन, प्रियांशु पीटर व सैमुएल लाल। फूड कमेटी - प्रमोद मसीह कन्वीनर, प्रेम मसीह, नीरज रॉय, विजय सुता, प्रतिक्षित मैथ्यूज, अमित चंद व मेकेनली डेनिएल।प्रोग्राम कार्डिनेटर रेव्ह. प्रणय टोप्पो कन्वीनर। मीडिया कमेटी जॉन राजेश पॉल कन्वीनर। कन्वीनर। मेडिकल कमेटी प्रवीण जेम्स कन्वीनर, सुनील जॉर्ज, नम्रता पॉल। फाइनेंस कमेटी अजय जॉन कन्वीनर। प्रोग्राम कमेटी सुरेश सिंग कन्वीनर, व्हीके कासू, समीर तिमोथी, पर्सिस सालोमन, अतुल मसीह। ट्रान्सपोर्टिंग कमेटी व्ही नागराजू कन्वीनर, समन्वय सालोमन, तन्मय सालोमन व नवीन डेनिएल। मेनेजमेंट कमेटी आलोक रंजन चौबे कन्वीनर, गजेन्द्र दान , राजा मसीह, डी के दानी व संदीप मसीह।गायन दल के रेव्ह. अब्राहम दास कन्वीनर, डीकन मनषीष केजू व रूपिका लॉरेन्स, ऐश्वर्य लिविंग्सटन,शोमरोन केजू, एनोष जयराज, नवनीत बारीक, सृष्टि शारोन सालोमन, रजनी लाल, नीला मुण्डू, जेम्स जोनाथन, रॉली स्मिता सालोमन, अल्का मसीह, डॉ विमला दास, अल्पना लुका, नमिता रंजन, रूपाली अन्नास्वामी, प्रेमांजली बघेल, जानकी पीटर, दिलासिनी नथानिएल, भावना दास, सुचिता लाल, रिगम मेनुएल, व्ही के सिंग, पल्लवी मिंज, किरण केसर सिंग, जुलियन अराथुन, बरखा दास, पुश्पा पारूल बेनेट श्रुति वानी, नम्रता मार्टिन, अगस्टीन जॉन, मेनका जार्ज, शैलजा वैभव एफ्राइम, प्रविषान्त सालोमन, सुभाषिनी प्रकाश, रीना अहसान, शीबा जॉन, अष्विनी कुमार, अंकित ब्लेसन सिंग, नीतू पीटर आदि।



## छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज ने शरद पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया

**रायपुर 30 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति द्वारा आयोजित शरद पूर्णिमा समारोह में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं रायपुर पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि समाज के विकास के लिए संगठित होकर प्रयास करना आवश्यक होता है ।एक व्यक्ति की योग्यता और काबिलियत अपने परिवार तक सीमित न होकर समाज और राष्ट्र के विकास के लिए होता है ।ब्राह्मण समाज राष्ट्र निर्माण के लिए हमेशा से मार्ग प्रदर्शन करता रहा है ।हमें भी अपनी भूमिका के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए और इस प्रकार का आयोजन संगठित होने के लिए एक अच्छा प्रयास है। इस अवसर पर नगर पालिका निगम रायपुर के सभापति प्रमोद दुबे ने कहा कि एक दूसरे से सहयोग की भावना ही हमारी सफलता का आधारशिला है।छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन के अध्यक्ष एवं आयोजन समिति के ज्ञानेश शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज नियमित रूप से हर वर्ष शरद पूर्णिमा उत्सव का आयोजन कर रहा है। यह समाज के लोगों को एक जगह इकट्ठा करने और सामाजिक एकजुट का जरिया है। इस वर्ष तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन छत्तीसगढ़ के सभी ब्राह्मण समाज द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। जिसमें युवा पीढ़ी के लिए साहित्यिक , सांस्कृतिक और खेलकूद उत्सव का आयोजन कर युवाओं को भी समाज से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। ब्राह्मण समाज के युवाओं को एक मंच प्रदान कर अपनी योग्यता और प्रतिभा को विकसित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर विप्र प्रबंध प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी एवं छत्तीसगढ़ी केंद्रीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विनय तिवारी ने भी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। इसके उपरांत शक्ति विप्र महिला मंडल के सदस्यों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। जिसमें छोटे-छोटे बच्चों के बेहतरीन प्रस्तुति के साथ बड़ों ने भी शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।






कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23